वाराणसी, शनिवार 22 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 9, वर्ष 14, अंक 17, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अन्दर : कस्तूरबा गांधी की शहादत




अन्दर : विराट आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# वाराणसी में ट्रक से भिड़ा क्रूजर, छह की मौत

## वाहन में फंसे हुए थे शव, चालक को झपकी आने का संदेह

**भीषण हादसा**

### कर्नाटक के रहने वाले थे दुर्घटना के शिकार





**वाराणसी।** वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र में खड़े ट्रक से एक क्रूजर वाहन की टक्कर हो गई, जिसमें पति-पत्नी समेत छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

क्रूजर में सवार सभी श्रद्धालु कर्नाटक से महाकुंभ में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि वाहन बेतरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक महिला सुनीता का सिर कटकर दूर जा गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही डीसीपी गोमती जोन समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जबकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह दर्दनाक घटना हाईवे पर खड़े भारी वाहनों से होने वाले खतरों की ओर फिर से ध्यान खींचती है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है कि आखिर ट्रक हाईवे पर लापरवाही से क्यों खड़ा था और दुर्घटना कैसे हुई।

# कुंभ से वापसी में हादसे, दो परिवारों के 10 लोगों की मौत

**दु:खद**

### सभी बिहार के रहने वाले, मरने वालों में महिला डॉक्टर भी



**आरा/पूर्णिया।** कुंभ से लौटते समय दो अलग-अलग हादसों में 10 लोगों की जान चली गई। आरा में शुक्रवार सुबह आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास घटना हुई। प्रयागराज में स्नान कर आरा लौट रहे श्रद्धालुओं की कार ने खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में सभी कार सवार 6 लोगों की जान चली गई। मृतकों में 4 महिलाएं और 2 पुरुष हैं। पटना के जक्कनपुर स्थित सुदामा कालोनी निवासी संजय कुमार, करुणा देवी, लाल बाबू सिंह, प्रियम कुमारी हैं। इसके अलावा पटना के कुम्हरार निवासी आशा किरण, जूही रानी हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी मृतकों को बाहर निकाला। मारे गए लोग एक ही परिवार के थे। परिवार पटना के जक्कनपुर का रहने वाला है। मृतकों के परिजनों ने बताया कि सभी लोग कल महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे। शुक्रवार सुबह झपकी लगने से कार ट्रक से टकरा गई। रिपोर्ट के अनुसार मृतक संजय के भाई ने बताया कि कार से पति-पत्नी बेटा, भतीजी समेत 6 लोग सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी स्नान के लिए गए थे। प्रयागराज से लौटते समय संजय कुमार के बेटे लाल बाबू गाड़ी चला रहे थे इस दौरान शुक्रवार लाल बाबू को नींद की झपकी आ गई। इससे गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। मृतक के भाई ने बताया कि जाते वक्त भी लाल बाबू को नींद आई थी। पूर्णिया में सांसद पप्पू यादव की रिश्तेदार डॉ. सोनी कुमारी यादव सहित चार की लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी लोग कुंभ नहाकर प्रयागराज से पूर्णिया लौट रहे थे। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाईवे पर बिरनो थाना क्षेत्र के मिजार्पुर के पास इनकी बेलेनो ट्रक में घुस गई। हादस इतना भीषण था कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर है।

मरने वालों डॉ. सोनी कुमारी यादव की बुआ, एक क्लिनिक सहायक, एमआर और ड्राइवर सलाउद्दीन शामिल है। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज गाजीपुर में भर्ती कराया गया है। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही अररिया और पूर्णिया स्थित रिस्तेदारो को मिलने के बाद सभी गाजीपुर रवाना हो गए है। डॉ सोनी कुमारी यादव पूर्णिया के प्रसिद्ध डॉक्टर मुकेश यादव की पत्नी है। दोनों पति-पत्नी पूर्णिया के लाइन बाजार में दुर्गा नर्सिंग होम चलाते थे।

## संक्षेप

### कांग्रेस ने छह राज्यों में महिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने संगठन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से छह राज्यों में महिला कांग्रेस के नए प्रदेशाध्यक्षों की नियुक्ति की है। कांग्रेस द्वारा जारी महिला प्रदेशाध्यक्षों की सूची में राजस्थान में सारिका सिंह, गुजरात – गीता पटेल, गोवा – डॉ. प्रतीक्षा एन खाल्प, मिजोरम – श्रीमती जोडिंलियानी, पुदुचेरी – रहमतुन्निसा और अंडमान-निकोबार में जुबेदा बेगम का नाम शामिल है।

### स्वराज के खिलाफ मानहानि की शिकायत खारिज

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की ओर से बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि शिकायतकर्ता जैन और स्वराज अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के सदस्य हैं।

### एलओसी पर तनाव, चार साल बाद फ्लैग मीटिंग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान सेनाओं के बीच शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग हुई। यह मीटिंग पुंछ सेक्टर के चाका दा बाग में आयोजित हुई। जिसमें दोनों सेनाओं के ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारी शामिल हुए। बैठक 75 मिनट तक चली। बीते चार सालों में दोनों देशों के बीच ये पहली मीटिंग है। आखिरी फ्लैग मीटिंग 2021 में हुई थी। सूत्रों ने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों के बीच बॉर्डर पर शांति बनाए रखने और सीजफायर पर सहमति बनी। पिछले कई हफ्तों से एलओसी पर तनाव बना हुआ है। सेना ने 4 फरवरी को 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया था।

### 1984 सिख विरोधी दंगे में सज्जन पर हुई सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। पीड़ित पक्ष ने सज्जन कुमार को मौत की सजा देने की मांग की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था। उन पर 1984 में दंगों के दौरान सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उसके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या का दोषी पाया है। वह पहले से ही दिल्ली कैंट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

# पूछें कि रोजगार कब पैदा होंगे बेरोजगारी कब खत्म होगी

**सरकार पर हमला**

### यूपी सरकार विफल, इसको हटाया जाना चाहिए: राहुल



**रायबरेली।** कांग्रेस नेता एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यूपी की सरकार विफल सरकार है। इसे हटाया जाना चाहिए। केंद्र स्कूल, कॉलेजों का निजीकरण कर रही है। यह सरकार नौकरियां देने में सक्षम नहीं है। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी जुट जाने के लिए कहा। गौतम अडाणी को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी अमेरिका जाकर कहते हैं कि मेरा पर्सनल मैटर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि दो हिन्दुस्तान है। एक अडाणी, अंबानी और एक गरीबों का हिन्दुस्तान है। राहुल गांधी ने लोगों से कहा कि आपने जो शादी देखी, वो उनका नहीं आपका पैसा है। दो हिन्दुस्तान नहीं चाहिए। डरना नहीं चाहिए और आपको सवाल पूछना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि रोजगार और बेरोजगारी पर सवाल पूछें। पूछें कि रोजगार कब पैदा होंगे, बेरोजगारी कब खत्म होगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया फेसबुक पर एक पोस्ट किया और लिखा, रायबरेली की मोहब्बत और मिठास का कोई मुकाबला नहीं। राहुल गांधी ने युवा संवाद के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। रायबरेली में कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम ने कहा कि समुदाय का 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सुबह गांधी से उनके भुएमऊ स्थित आवास पर मिला।

# विंध्याचल मंदिर में आग से अफरातफरी

**हड़कंप**

### छत की रेलिंग में बंधी चुनरी और कलावा भी धधके



**मिर्जापुर।** महाकुंभ के बाद अब पड़ोसी जिले मिजार्पुर के विश्व विख्यात शक्तिपीठ विंध्याचल की विंध्यवासिनी मंदिर में आग धधकी है। मां विंध्यवासिनी मंदिर के छत पर लगी रेलिंग में मनौती के लिए श्रद्धालुओं की तरफ से बांधे गए कलावा और चुनरी में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। इससे श्रद्धालुओ में अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिस और अन्य लोगों ने अग्निशमन यंत्र की मदद से फिलहाल कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया। इससे बड़ा हादसा टल गया है। माना जा रहा है कि वहां लगी अगरबत्ती से किसी चुनरी में आग लगी। इन दिनों विंध्याचल मंदिर में भी महाकुंभ का प्रलट प्रवाह देखने को मिल रहा है। प्रयागराज आ रहे देश दुनिया के लोग मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद लेने विंध्याचल भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं। मां विन्ध्यवासिनी मंदिर की छत पर लगे लोहे की रेलिंग में श्रद्धालू मनौती के लिए कलावा और चुनरी बांधते हैं। पूरे रेलिंग में हजारों की संख्या में चुनरी व कलावा बंधा हुआ है। शुक्रवार की दोपहर अचानक इन चुनरी और कलावा में आग की लपटे उठने लगीं। यह देख श्रद्धालुओं में अफरातफरी मच गई। मौके पर शोरगुल होने लगा। पुलिस को सूचना देने के साथ ही आग को भड़कने से रोकने के लिए अगल बगल के कलेवा और चुनरियों को निकालना और आग से प्रभावित हिस्से से दूर करना शुरू कर दिया गया। कुछ लोग बाल्टी और जो कुछ भी मिला उसी में पानी लेकर डालने भी लगे। इस बीच सूचना मिलते ही मौक पर पहुंचे धाम सुरक्षा प्रभारी और मन्दिर ड्यूटी में तैनात इंस्पेक्टर अरविंद मिश्रा ने अग्निशमन यंत्र और पानी की मदद से कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया। धाम सुरक्षा प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि रेलिंग में श्रद्धालुओं ने मन्नत के लिए चुनरी व कलावा बांधा गया था। किसी श्रद्धालु ने अगरबत्ती जला दिया। इससे रेलिंग में आग लग गई। मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया गया। किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है।

## वॉट्सऐप कंपनी ने किए 80 लाख भारतीय यूजर्स के अकाउंट बैन

**नई दिल्ली।** वॉट्सऐप की ओर से एक महीने में 80 लाख से ज्यादा भारतीय यूजर्स के अकाउंट बैन कर दिए गए हैं। नई रिपोर्ट में सामने आया है कि यह डाटा पिछले साल 1 अगस्त से 31 अगस्त के बीच बैन किए गए अकाउंट्स का है। मेटा की ओर से शेयर की गई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि उन अकाउंट्स को बंद किया गया है, जो स्कैम और फ्रॉड ऐक्टिविटीज में शामिल हैं। कंपनी भारतीय यूजर्स की पहचान उनके फोन नंबर में लगने वाले कंट्री कोड +91 के जरिए करती है। अगर आप भी कुछ ऐसी ऐक्टिविटीज में शामिल हैं जो आपको ऐप में नहीं करनी चाहिए, तो आपका अकाउंट भी बैन किया जा सकता है। अगर यूजर्स किसी अकाउंट को रिपोर्ट करते हैं तो उसकी जांच की जाती है। गलत व्यवहार, फ्रॉड की कोशिश या हेट स्पीच जैसी स्थिति में यूजर्स सामने वाले को रिपोर्ट कर सकते हैं और अगर जांच में मामला सही पाया जाए तो अकाउंट बैन किया जा सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी मामले में आदेश वापस लिया

**खींचे कदम**

### पुलिस से पूछा, क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिनों के भीतर पूरी करने को कहा गया था। कोर्ट ने इसकी बजाय यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को तय की। आदेश वापस लेने का वाकया तब हुआ, जब अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य ने मामले में गलत हलफनामा दाखिल किया है और अब्बास अंसारी के खिलाफ कुछ भी लंबित नहीं है। यूपी सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि उन्हें मामले पर और स्पष्टीकरण की जरूरत है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को गैंगस्टर अधिनियम के तहत विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ एक मामले में 10 दिनों के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था। पीठ ने कहा था कि मामले की जांच पूरी होने के बाद वह अंसारी की जमानत याचिका पर विचार करेगी। दरअसल, अब्बास अंसारी ने मुठभेड़ के डर से 31 जनवरी को गैंगस्टर अधिनियम के तहत एक मामले में अधीनस्थ अदालत की कार्यवाही में डिजिटल माध्यम से पेश होने की मांग की थी।

## मणिपुर के चार जिलों से 17 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के चार जिलों से पिछले 24 घंटे में प्रतिबंधित संगठनों के 17 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लुप (केवाईकेएल) के 13 उग्रवादियों को बिष्णुपुर जिले के मोइरांग कियाम लेईकाई इलाके से गिरफ्तार किया है साथ उनके पास 27 कारतूस, तीन वॉकी-टॉकी सेट, सेना की वर्दी और अन्य सामान भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के लिए इंफाल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पी) के एक उग्रवादी को गुरुवार को इंफाल पूर्वी जिले के नगारियान चिंग इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किया व्यक्ति जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुरुवार को बिष्णुपुर जिले के नगाईखोंग खुल्लेन इलाके से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (सिटी मेइती) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है।

# विजय मिश्रा को धमकी मामले में कोर्ट ने सुनाई दो साल की सजा

**तगड़ा झटका**

### पूर्व विधायक पर दस हजार का जुर्माना भी लगाया



**भदोही।** भदोही की ज्ञानपुर सीट से पूर्व विधायक विजय मिश्र उनके भतीजे और डीघ ब्लाक प्रमुख मनीष मिश्रा समेत छह लोगों को अदालत ने धमकी के मामले में दो साल की सजा सुनाई है। विजय मिश्रा समेत अन्य पर पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय के भतीजे को जान से मारने की धमकी का आरोप है। इसी मामले में शुक्रवार को एसीजे (एमपी/एमएलए) कोर्ट भदोही ने अपना फैसला सुनाया। इन लोगों पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। विजय मिश्रा पर इससे पहले रेप के मामले में भी सजा सुनाई जा चुकी है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक के अनुसार कोइरौना थाना क्षेत्र के बेरवां पहाड़पुर गांव निवासी राम लोलारख के बेटे राम कृष्ण पांडेय ने 10 जून 2002 को ज्ञानपुर कोतवाली में तहरीर देते हुए विजय मिश्रा पर धमकी का आरोप लगाया था। विजय मिश्र के साथ भतीजों एवं रिश्तेदारों पर जान से मारने की धमकी के आरोप में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने तहरीर के बाद संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था। सात जुलाई 2002 को आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया था। जिस पर 12 फरवरी 2021 को कोर्ट में आरोप पत्र स्वीकृत हुआ था। लंबी सुनवाई के बाद अब शुक्रवार को एसीजे (एमपी/एमएलए) कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।कोर्ट ने विजय मिश्र, भतीजे मनीष मिश्र, मनोज कुमार मिश्र, गुलाब शंकर मिश्र निवासी खपटिहां, हंडिया, प्रयागराज एवं रिश्तेदारों कृष्ण मोहन तिवारी निवासी धनापुर, गोपीगंज, आद्या प्रसाद तिवारी निवासी गुदरीपुर, गोपीगंज को धारा 506 भादवि में दो वर्ष का कारावास और 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। विजय मिश्रा पर यूपी में योगी सरकार बनने के बाद से लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पड़ोसी रिश्तेदार को धमकी के मामले में केस के बाद वह फरार हुए तो पुलिस मध्यप्रदेश से उन्हें खींच लाई और तभी से जेल में हैं। जेल जाने के बाद लगातार केस दर्ज होते रहे। विजय मिश्रा के पुराने अपराध भी सामने आते रहे।

## भाजपा का आरोप, राहुल और कांग्रेस की जांच होनी चाहिए

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर भेजने के बयान पर देश में हंगामा मचा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने निशाना साधकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की जांच की बात कही है। बीजेपी प्रवक्ता भंडारी ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार कहा है कि भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर खर्च किए गए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे किक बैक स्कीम (रिश्वत योजना) कहा। यह पता लगाने के लिए जांच जरूरी है कि क्या राहुल गांधी और कांग्रेस इकोसिस्टम इस किकबैक स्कीम का लाभार्थी था।इसके अलावा बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मतदान के लिए भारत को 21 मिलियन डॉलर भेजने की बात कहने के एक दिन बाद, इस आरोप को फिर से दोहराया है। यही नहीं, वह इससे बांग्लादेश को भेजे गए 29 मिलियन डॉलर से भ्रमित नहीं कर रहे हैं। इस बार, ट्रंप ने अपने बयान में रिश्वत का भी उल्लेख किया है। अनिवार्य रूप से, इस पैसे का उपयोग डीप स्टेट एसेट्स को बनाए रखने के लिए भी किया जाता है जो इसतरह के खुलासों को बचाने और पलटने का काम करते हैं। हम अब भारत में भी यही पैटर्न होते हुए देख रहे हैं।बता दें कि ट्रंप ने कहा था, भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डालर। हम भारत में मतदान की परवाह क्यों कर रहे हैं? हमारे पास पहले से ही बहुत सी समस्याएं हैं। हम अपनी समस्याओं को सुलझाना चाहते है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि इतना सारा पैसा भारत जा रहा है?

# 'यूएस फंडिंग' पर उठा सियासी तूफान

**जताई चिंता**

### हमारे मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक : विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई। यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस बारे में कि क्या एसएएआरसी पर चर्चा हुई या नहीं। जब विदेश मंत्री ने मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी, तब यह मामला बांग्लादेश की ओर से विदेश मामलों की बैठक में उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां एसएएआरसी को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत और चीन के विदेश मंत्रियों ने नवंबर में हुई पिछली बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन, कैलाश मानसरोवर यात्रा, उड़ान संपर्क और यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की गई। रूस-यूक्रेन संबंध को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री ने जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के विदेश मंत्री के साथ बैठक की। उन्होंने स्वाभाविक रूप से भारत-रूस द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की और उन्होंने यूक्रेन संघर्ष से संबंधित हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान अधिग्रहण पर उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान में उल्लेख किया गया है कि अमेरिकी पक्ष भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जारी करने की अपनी नीति की समीक्षा कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एफ-35 विमान का जिक्र किया था। हमारी ओर से अभी तक पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के लिए कोई औपचारिक अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।ओडिशा के केआईआईटी में नेपाली छात्रा की मौत पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि नेपाली छात्रा की दुखद मौत से हम बहुत दुखी हैं। हम अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारत सरकार देश में सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती है। स्थिति के प्रकाश में आने के बाद से विदेश मंत्रालय ओडिशा सरकार और केआईआईटी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। हमने नेपाली अधिकारियों के साथ भी निकट संपर्क बनाए रखा है। कश्मीर पर तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन की टिप्पणियों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम भारत के लिए ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणियों को खारिज करते हैं। हमने तुर्किये के राजदूत से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर इस तरह के अनुचित बयान अस्वीकार हैं। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। बेहतर होता कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल करने की पाकिस्तान की नीति, जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनी हुई है, पर रोक लगाई जाती।

# इकसठ श्रद्धालुओं से भरी बस हादसे का शिकार होने से बची

## राजघाट पुल की ढलान पर बस बैरिकेडिंग से टकराई

जनसंदेश न्यूज

**रामनगर।** थाना क्षेत्र के राजघाट पुल पर शुक्रवार की भोर लगभग तीन बजे उस समय अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, जब आदमपुर की तरफ से उड़ीसा के श्रद्धालुओं से भरी बस मालवीय पुल से होते हुए पड़ाव की तरफ आ गई। पुल पर भारी वाहनों के पूर्णतः प्रतिबंध के बावजूद आई बस बड़े वाहनों को रोकने के लिए ढलान पर लगे लोहे की बैरिकेडिंग से टकराने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसें में लगभग चार श्रद्धालु को अंदरूनी चोट आई, जबकि छह यात्री को हल्की खरोंच आई। घटना के बाद बस का चालक भाग गया। पुलिस ने बताया कि बस में कुल 61 लोग सवार थे। घायल तीर्थ

**टली बड़ी दुर्घटना**

**रोक के बावजूद राजघाट पुल पर पहुंचा था भारी वाहन**

यात्रियों में जवान बूढ़े बच्चे शामिल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से नगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी श्रद्धालु चले गए। चर्चा थी कि नमो घाट की ओर से बस को पुल पर आने से रोका गया होता तो यह घटना नहीं हुई होती। पुलिस बूथ भी पुल के पहले लगाया गया था, लेकिन उसकी हरकत नदारद रही। ये जांच का विषय है कि बस राजघाट पुल पर कैसे पहुंची जबकि बड़ी बसों का जाना प्रतिबंधित है।



दुर्घटनाग्रस्त बस।

# झपकी आने से चालक नियंत्रण खो बैठा?

**ये आम है परेशानी**

**महाकुंभ में शामिल होने के लिए दूर दराज से आना भी कारण**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मिर्जामुराद इलाके में क्रूजर के खड़े ट्रक में टकरा जाने की घटना ने इस बात को उजागर कर दिया है कि महाकुंभ में दूरदराज से आने वाले वाहन हादसे का शिकार इसलिए हो रहेहैं कि चालकों की नींद पूरी नहीं होती है और बीच रास्ते उन्हें झपकी आ जा रही है। शुक्रवार की घटना इसका बड़ा उदाहरण है। वाहन चालकों पर खासा दबाव है और उनकी मानसिक हालत बिगड़ जा रही है। बहुतेरी घटनाएं इसकी वजह से हो रही है और ये हादसा अलग नहीं है।

घटना के बाबत 108 एंबुलेंस के प्रभारी कृष्ण देव ने बताया कि सूचना मिलने पर पांच एंबुलेंस मौके पर भेजी गई थी। क्रूजर में कर्नाटक के रहने वाले 11 लोग सवार थे। इसमें पांच लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में संतोष कुमार, सुनीता, गणेश, शिवकुमार सहित अन्य लोग हैं। जानकारी के अनुसार, श्रद्धालुओं से भरी एक क्रूजर वाराणसी से प्रयागराज जा रही थी। रूपापुर (भेड़हरा) स्थित नेशनल हाईवे पर खड़े एक ट्रक में तेज रफ्तार क्रूजर जीप पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। घायलों को अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में एक और की मौत हो गई। मृतकों में कर्नाटक के संतोष कुमार (50) और उनकी पत्नी सुनीता (45), लक्ष्मी (49), नीलम उर्फ लालवती (55) समेत दो पांच लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में जीप में एक महिला समेत दो लोग फंसे रहे। क्रेन के सहारे ट्रक में फंसे जीप को बाहर निकाला गया।




**कर्नाटक से आए थे श्रद्धालु**

घायलों में कर्नाटक के विदुर निवासी खुशी (10), कविता (48), शिव साई (15), कर्नाटक के लालगिरी (विदुर) निवासी गणेश (14), सुलोचना (50), अनीता (50), कर्नाटक नमोपड़ी (विदुर) निवासी सुजाता (32) को कछवा बाजार स्थित सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में उपचार के लिए भेजा गया। यहां हालत को देखते हुए सभी घायलों को ट्रॉमा सेंटर (वाराणसी) के लिए रेफर कर दिया गया। हृदय विदारक इस घटना से माहौल गमगीन हो गया था। वहीं, पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्रूजर जीप को हटा कर यातायात बहाल की। कुछ देर बाद घटनास्थल का मौका मुआयना करने पहुंचे डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार व एडीसीपी आकाश कुमार पटेल ने हालात की जानकारी ली।

## चोलापुर में अज्ञात युवती का शव मिला

**चोलापुर।** थाना क्षेत्र के उदयपुर तारापुर गांव में अखाड़ा के पास एक अज्ञात 24 वर्षीया युवती का शव पुलिस ने बरामद किया। वहीं चोलापुर पुलिस और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच के अलावा मौके से साक्ष्य को इकट्ठा किया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। इसके साथ ही शव की पहचान में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती की कहीं हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। वही चोलापुर थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

## आत्महत्या के मामले में मुकदमा दर्ज

लोहता। क्षेत्र के हैवतपुर (कोटवां) गांव के अतुल ऊर्फ गोविन्द यादव 22वर्ष ने छेड़खानी और बलात्कार के मामले में धमकी देने पर गुरुवार को सारनाथ के फरीदपुर में ट्रेन से कटकर आत्महत्या के मामले में लोहता पुलिस ने शुक्रवार को विवाहिता युवती ऊषा पुत्री शीतला ऊर्फ ठल्लू के खिलाफ धारा 108,352, 351(2) का मुकदमा दर्ज हुआ है। मालूम हो कि पोस्टमार्टम के बाद परिजन और ग्रामीण कोटवां पुलिस चौकी का घेराव करके विवाहिता युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किए थे। मृतक अतुल ऊर्फ गोविन्द यादव के पिता लाल बहादुर यादव यादव की तहरीर पर मुकदमा कायम हुआ है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 2845103 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र खो गया है। सत्येन्द्र कुमार भारती पुत्र स्व. शिववचन राम, रामपुर उदयभान, जिला-बलिया, उप्र।

मेरा वर्ष 2006 हाई स्कूल अनुक्रमांक 2902353 का अंक पत्र मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। अनिल कुमार यादव पुत्र अमरदेव यादव माता सुगना देवी, ग्राम अटौली, पोस्ट डवरिया, जिला-चंदौली।

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2451195 इंटर मीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216992971 का अंक पत्र मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। रामाकांत पाल पुत्र हरिनारायण पाल ग्राम पोस्ट करहिया, जिला गाजीपुर।

कादम्बरी व आयुषी दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरा ही है। कादम्बरी उर्फ आयुषी पुत्री जटाधर द्विवेदी निवासिनी-ग्राम नौहा, पो0-मेवली, तहसील-सदर, जिला-मीरजापुर, हाल पता-सदभावना नगर, महुवरिया मीरजापुर।

नाम युवराज यादव पुत्र प्यारे लाल यादव ग्राम राजेपुर पोस्ट असवनिया तहसील लालगंज जिला आजमगढ़ मेरा वास्तविक नाम है, जो हाई स्कूल अंक पत्र पर भी लिखा है। लेकिन आधार कार्ड पर गलती से लकी यादव पुत्र प्यारे लाल यादव हो गया है। जबकि वास्तविक नाम युवराज यादव है हमें इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

मेरी पुत्री के आधारकार्ड संख्या 390362104245 में पुत्री का नाम रितिका (RITEEKA) व जन्मतिथि 17.12.2011 अंकित है जो गलत है जबकि मेरी पुत्री का शुद्ध एवं सही नाम सौम्या तिवारी (SOUMYA TIWARI) व सही जन्मतिथि 20.09.2010 है। ममता देवी पत्नी अमित कुमार निवासिनी गोडसर पाण्डेयपुर, पो0-कलना विजयपुर, जनपद-मीरजापुर।

मेरा नाम आधारकार्ड के अतिरिक्त सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र पर क्षमा सिंह (KSHAMA SINGH) अंकित है जो सही है जबकि मेरे आधारकार्ड पर मेरा नाम छमा सिंह (CHHAMA) अंकित है जो गलत है। मेर सही नाम क्षमा सिंह (KSHAMA SINGH) है। क्षमा सिंह पुत्री जितेन्द्र सिंह पत्नी रोहित सिंह निवासिनी-5-2/653-2 ए.1 वरुणा ब्रिज नियर कचहरी, वाराणसी उ0प्र0।

मेरे जेष्ठ पुत्र आनंद ठाकुर का चाल चलन ठीक नहीं है। इससे मेरा एवं मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। मैं अपने चल /अचल संपत्ति व अन्य सामाजिक संबंधों से उनको बेदखल करता हूं। उनके द्वारा किए गए किसी भी वैधानिक, अवैधानिक कार्य एवं लेनदेन से हमारा कोई सरोकार नहीं है। गौरी शंकर पुत्र स्व. बसावन ग्राम सिधौली पोस्ट कीडिहरापुर जनपद बलिया।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी महाविद्यालय गहनी, आयर, वाराणसी सम्बद्ध-महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत शिक्षा संकाय में बी0 एड0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं (शिक्षा के आधार/परिप्रेक्ष्य, भाषा, विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान) की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान एन0 सी0 टी0 ई0/यू0 जी0 सी0/उ0 प्र0 शासन के मानक के अनुसार योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर दो फोटो एवं प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ आवेदन करें।
प्रबन्धक-वीरेन्द्र सिंह
मो0-8299207141
mail:naveen5000singh@gmail.com

## संविदाकर्मियों का मानदेय बढ़ाने व फ्री इलाज की घोषणा का स्वागत

**वाराणसी।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव ने प्रदेश के बजट में संविदाकर्मियों का मानदेय बढ़ाने और फ्री इलाज की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को हर महीने न्यूनतम 16000 से 18000 रुपये का मानदेय दिए जाने की घोषणा स्वागत योग्य कदम है। इससे लाखों संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को काफी वित्तीय राहत मिलेगी। उन्होंने रिक्त पदो पर पारदर्शी भर्ती किये जाने के लिए आउटसोर्सिंग भर्ती निगम बनाये जाने पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि सर्वप्रथम जो संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारी विभिन्न विभागो में कार्य कर रहे हैं, उनको रिक्त पदों पर नियमित किया जाय। बाकी शेष पदों पर जैसे आंगनबाड़ी, रसोईया, काशी विश्वनाथ धाम में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देते हुए नियमित भर्ती किया जाय, क्योंकि अभी भी लाखों रिक्तियां रिक्त पड़ी हुई है, इसलिए निगम बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# नाबालिग का शारीरिक शोषण करने में 20 साल की सजा

**कोर्ट का सख्त रुख**

**आरोपी पर 60 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट तृतीय) विनोद कुमार की अदालत ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाने के बाद भगाकर शारीरिक शोषण करने के मामले में आरोपी जयशंकर सेठ को दोषी पाते हुए बीस साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर 60 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा होने पर48 हजार रुपए पीड़िता को देने के आदेश दिया गया है। कोर्ट में अभियोजन की ओर से एडीजीसी संदीप जायसवाल ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी ने लोहता थाने में 24 जुलाई 2018 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर में कहा गया कि उसकी नाबालिग लड़की कोचिंग में पढ़ने गई थी। जहां आरोपी उसे गुमराह कर अपने साथ ले गया और शारीरिक शोषण किया।

## ज्ञानवापी से संबंधित वाद में सुनवाई टली

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन हितेश अग्रवाल की कोर्ट में शुक्रवार को ज्ञानवापी से सबंधित एक अन्य और वाद में सुनवाई टल गई। इस मामले में अगली सुनवाई दस मार्च को होगी। वादी अधिवक्ता नित्यानंद राय की ओर से वाद दाखिल की गई है। इसमें विश्वनाथ कारिडोर के नाम पर समस्त अधिग्रहित भूमि का स्वामित्व विश्वनाथ मंदिर के पक्ष में घोषित करने और अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी से जमीन की अदला-बदली करने सबंधित डिड को शून्य घोषित करने की मांग की गई है। वाद में कहा गया है कि वादी आस्थावान हिंदू है। काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-पाठ होती है। विश्वनाथ कॉरिडोर के में राज्य सरकार ने अगल बगल की जमीन अधिग्रहित की है, जो राज्य के नाम से बैनामा की गई है। उक्त अधिग्रहित भूमि को आदि विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से स्वामित्व कर दी जाए। यही नहीं दो साल पहले मुस्लिम पक्ष से विश्वनाथ मंदिर परिसर से सबंधित जिस जमीन की अदला-बदली की गई है, वह गलत है। उक्त जमीन का स्वामित्व का हक अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के पास नहीं है। साथ ही डिड में दर्शाई गई चौहद्दी भी गलत है। इस लिए उक्त डिड शून्य घोषित करने की मांग की है।

## सपा व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मिली जमानत

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत के सम्बन्ध में सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने के मामले में फर्जी मुकदमें के आरोपी सपा व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार की अदालत ने भेलूपुर थाने व चौक थाने में दर्ज आरोपी मनीष जगन अग्रवाल को 25-25 हजार रुपये की दो जमानते एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। इसी मामले में सपा व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को वारंट बी पर देवरिया जेल में लाकर वाराणसी कोर्ट में पेश किया गया था। जहाँ से उन्हें जमानत मिल गई। आज सुबह कोर्ट में सुनवाई के दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ की अगुवाई में पार्टी के वरिष्ठ नेतागण कचहरी में उपस्थित थे। जमानत मिलने पर सपा नेताओं ने अधिवक्ता अनुज यादव एवं नरेश यादव को धन्यवाद दिया कचहरी में मुख्य रूप से सर्वश्री सांसद चंदौली श्री वीरेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, पूर्व मंत्री मनोज राय धूपचंडी, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार सभा प्रदीप जायसवाल, डॉ. ज्ञानेंद्र यादव ज्ञानू, राजू यादव, जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट, राजेंद्र त्रिवेदी एडवोकेट, सुनील यादव एडवोकेट, सुजीत पांडेय शमशेर आदि उपस्थित थे।



### संक्षेप

**भटके युवक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया**

**चौबेपुर।** भटके हुए युवक को पुलिस ने उसके परिजनों से मिला दिया। युवक चन्दन कुमार पुत्र विनय कुमार सिंह ग्राम डियोढी थाना बारुन जनपद औरंगाबाद (बिहार) को उनके पिता विनय सिंह को पुलिस ने सुपुर्द कर किया। परिजनों ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। जो एक फरवरी को अपने छोटे भाई कुन्दन सिंह पुत्र विनय सिंह निवासी नोएडा (उत्तरप्रदेश) के यहां से भटक कर थाना चौबेपुर में आ गया था। जो अपना नाम पता नहीं बता पा रहा था। धीरे धीरे जानकारी इकट्ठा कर के उनके पिता को सकुशल सुपुर्द किया। परिजनों ने उत्तरप्रदेश पुलिस का आभार व्यक्त किया।

**हिंदी विभाग में कोर्स वर्क की मौखिकी आज**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के हिंदी और अन्य भारतीय भाषा विभाग में प्री-पीएच.डी. कोर्स वर्क की मौखिकी 22 फरवरी को होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. राजमुनि ने बताया कि जिन शोधार्थियों ने महाकुंभ के कारण आवागमन में होने वाली परेशानियों के कारण निवेदन किया है कि उन्हें शोध मौखिकी में ऑनलाइन प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया जाए, उन्हें ऑनलाइन शामिल होने की अनुमति दी गई है।

**हरहुआ विद्युत उपकेंद्र से आज कटेगी बिजली**

**हरहुआ।** हरहुआ विद्युत उपकेंद्र से 22 फरवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न चार बजे तक बिजली काटी जाएगी। विद्युत वितरण खंड प्रथम के एक्सईएन ने बताया कि उपकेंद्र पर बिजनेस प्लान के तहत क्षमतावृद्धि का कार्य किया जाएगा। यहां पर पांच एमवीए की जगह 10 एमवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा। उन्होंने उपकेंद्र से जुड़े ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिजली रहते आवश्यक कामकाज निपटाने का अनुरोध किया है।

**सहायक अध्यापक के स्कॉर्पियो पर पथराव**

**चौबेपुर।** क्षेत्र के गौरा कलां स्थित गांधी इंटर कालेज के सहायक अध्यापक नीरज लाल पर कतिपय लोगों ने पथराव किया। वह अपनी स्कार्पियो से कालेज से घर जा रहे थे की कुछ छात्रों ने उनकी स्कार्पियो पर कालेज गेट पर ही पथराव कर दिये। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। सहायक अध्यापक ने स्कार्पियो छतिग्रस्त जान मारने की धमकी एक नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

# मिनी सदन के निर्माण में आई तेजी

**शासन से हरी झंडी**

**अनाधिकृत कार्यालय तीन दिन में नहीं किया खाली तो सामान होगा बाहर**

**98 करोड़ होगा खर्च,सात मंजिला बनेगा कार्यालय, नगर आयुक्त ने चेताया**



**वाराणसी।** काशी में मिनी सदन बनाने के लिए शासन से हरी झंडी मिलते ही नगर निगम ने तेजी कर दी है। विभाग ने निर्माण में बाधक बन रहे अनाधिकृत कार्यालय को तीन दिन में खाली नही कराए जाने पर जहां सामान बाहर करने की चेतावनी दी है,वही 98 करोड़ खर्च कर सात मंजिला नये भवन के निर्माण कार्य को जल्द शरू किए जाने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौप दी है। नगर निगम ने नगर निगम के प्रधान कार्यालय में उत्तरी छोर पर संचालित नगर निगम कार्यालय के स्थान पर नया बहुमंजिली भवन बनाया जाना तय हुआ है। महापौर अशोक तिवारी ने मिनी सदन बनाए जाने हेतु शासन से स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि इसके निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था को जिम्मेदारी दे दी गई है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा जाएगा। महापौर ने कहा कि निगम मुख्यालय के पास ही मिनी सदन बनाए जाने से पार्षदो को बैठक में पहुंचने में आसानी होगी और अधिकारियों को भी उपस्थित रहने में दिक्कत नही उठानी पड़ेगा। इसको लेकर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए उक्त भवन में चल रहे कार्यालयों को और मुख्य भवन में अनाधिकृत रूप से काबिज कार्यालयों को निर्धारित तीन दिन की अवधि में कार्यालय खाली न करने पर उनके सामान को बाहर कर दिया जाने और सख्त कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। नगर निगम भवन के उत्तरी छोर में स्थित 70000 वर्ग फीट की भूमि में जहां नये सदन का निर्माण किया जाएगा,वही सात मंजिला बनने वाला आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन बनाए जाने में 98 करोड़ की लागत लगेंगा। जिसकी शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है और धनराशि भी आवंटन की गई है। इसी भवन में नगर निगम का सदन कक्ष एवं समस्त विभागों को एक ही एक ही भवन में कार्यालय चलाने का स्थान दिया जाएगा।

# रेलवे-रोपवे में समन्वय बनाया जाएगा

**निरीक्षण**

**बाधाओं को जल्द दूर कराएंगे तय लेंग्थ में होगा कार्य**

**नगर आयुक्त ने किया कैंट के मालगोदाम क्षेत्र का निरीक्षण**

**वाराणसी।** रेलवे और रोप-वे से समन्वय स्थापित कर निर्धारित लेंथ में जल्द कार्य कराया जाएगा। इसमें आ रही बाधाएं जहां दूर होगी,वही तेजी से कार्य किया जाएगा। इसको लेकर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा शुक्रवार को अचानक कैंट इलाके में पहुंचे। जहां कैंट स्टेशन के पास मार्ग पर बन रहे आटो लेन का निरीक्षण किया और उसकी पूरी जानकारी हासिल की। उन्होंने इसका उपयोग सिर्फ आटो लेन के लिए ही प्रारंभ करने और रेलवे तथा रोपवे से समन्वय स्थापित कर निर्धारित लेंथ में कार्य कराए जाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त इस दौरान माल गोदाम रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे। जहां शेल्टर होम की व्यवस्था को देखा और हाल जाना। इस दौरान नगर आयुक्त ने ठहरे हुए व्यक्तियों से नगर निगम के द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिसमें वहां ठहरे श्रद्धालुओं के द्वारा बताया गया कि सेंटर होम के अंतर्गत सभी सुविधा पूर्ण हैं उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। इस के बाद उन्होंने पांडेयपुर फ्लाई ओवर के नीचे चल रहे कार्यों का भी औचक निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।



## सपा ने दलित बस्ती में लगाई पीडीए जनचौपाल



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को ढेलवरिया स्थित अंबेडकर नगर कालोनी के दलित बस्ती में पीडीए जनचौपाल का आयोजन किया। पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि पीडीए के फार्मूले से भाजपा घबराई हुई है। पीडीए के बुनियाद पर ही पार्टी के 37 सांसद जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचे। इससे सपा देश की तीसरी बड़ी पार्टी के रूप मे उभरी है। आगामी विधानसभा चुनाव में पीडीए के बल पर ही पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। चौपाल में अल्पसंख्यक सभा के महानगर अध्यक्ष हैदर गुड्डू, शमीम अंसारी, मो. अजफर, अरविन्द सिंह, सन्नी सोनकर, मन्नू अंसारी, साजिद खान, मुकेश मौर्य, काशी सेठ, रोहन, लतीफ अहमद आदि थे।

# अधिवक्ता संशोधन बिल नहीं करेंगे स्वीकार

**अड़े वकील**

**केंद्र सरकार के 'अधिवक्ता संशोधन बिल' के खिलाफ कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

**वाराणसी।** कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ऐडवोकेट लोकेश सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को कचहरी में भारत सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट 1961 में संशोधन किए जाने के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक पत्रक जिलाधिकारी एस राजलिंगम के माध्यम से दिया गया। इस पत्रक में उन विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया गया है, जो कि एडवोकेट संशोधन बिल में प्रस्तावित हैं। विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट लोकेश सिंह ने इस अवसर पर पत्रकारों द्वारा एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 1961 में प्रस्तावित संशोधनों के बाबत पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यह कितने हैरत और अफसोस की बात है कि सरकार बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा वकीलों को प्रदत्त अधिकारों और उनके कवच को तोड़ने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि 1961 के एक्ट में जो भी सुविधाएं प्राप्त हैं वे हमारी न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं ताकि हम बिना किसी डर भय या दबाव के न्याय कि लड़ाई लड़ें। सरकार की तरफ से जो नया ड्राफ्ट बनाया गया है वह वकीलों को अपनी मुट्ठी में रखने के लिए तैयार किया गया है। यह सुधार नहीं, बल्कि न्यायिक स्वतंत्रता पर कुठाराघात है। अगर वकील खुद स्वतंत्र नहीं रहेगा तो वह दूसरे के न्याय की लड़ाई को मजबूती से कैसे रख सकेगा। यह संशोधन बिल न्यायिक स्वतंत्रता और उसकी निष्पक्षता को खंडित करता है जो कि संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे किसी भी तथाकथित सुधार के खिलाफ हैं जो संविधान और न्याय की मूल भावना को आहत करती हो। पत्रक देने वालों में विधि विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह, महानगर अध्यक्ष मोहसिन खान एडवोकेट, नेहा शादाब, अशोक कुमार, शिवानंद राय, संजय कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार,उमेश चंद्र सिंह, नरेंद्र प्रताप चौबे, डिंपल कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, एडवोकेट रामआसरे आदि शमिल रहे।



**सूचना**

सरस्वती ट्रस्ट 9192 टैगोर टाउन, अर्दली बाजार, वाराणसी के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.03.2025 को प्रातः 10.00 बजे प्रबन्ध समिति का चुनाव सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी महाविद्यालय गहनी, आयर, वाराणसी परिसर में होगा। आप सभी सदस्य सादर आमंत्रित है।
प्रधान न्यासी
वीरेन्द्र सिंह, मो0-9721970777

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
88950/inc.GST


चांदी (99.50)
98950/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# पीएम मोदी अगले माह आ सकते हैं बनारस

**चर्चा शुरू**

**डबल डेकर पुल का होगा शिलान्यास विकास कार्यों का जानेंगे हाल**

**काशी विश्वनाथ और बाबा कालभैरव का कर सकते हैं दर्शन-पूजन**



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने संसदीय क्षेत्र आने की चर्चा शुरू हो गयी है। यहां वे विकास योजनाओं का हाल जानेंगे। इसके लिए लोकार्पण और शिलान्यास वाली सूची महाशिवरात्रि के बाद से बनाई जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि वह मार्च के अंतिम सप्ताह में वे यहां आ सकते हैं। सूत्रों की माने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मार्च में काशी आ सकते हैं। इस दौरान पीएम रोपवे का निरीक्षण और राजघाट पुल पर बनने वाले डबल डेकर पुल, अस्पतालों के उच्चीकरण, नगर निगम सदन के भवन, शहर की पेयजल व्यवस्थाओं से जुड़े करोड़ों की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कर सकते हैं। सूत्रों की माने तो पीएम के आगमन को देखते हुए लोकार्पण और शिलान्यास वाली सूची महाशिवरात्रि के बाद से बनाई जाएगी। इसे पीएमओ भेजा जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद पीएम का मार्च में दौरा हो सकता है। अमूमन प्रधानमंत्री हर तीन से चार महीने में अपने संसदीय क्षेत्र आते हैं। यहां के प्रबुद्धजनों से मुलाकात करते हैं। इसके अलावा बाबा विश्वनाथ और काल भैरव का दर्शन पूजन करते हैं। 2025 में यह उनका पहला दौरा होगा। अधिकारियों और भाजपा नेताओं का भी मानना है कि मार्च में आ सकते हैं, लेकिन अभी कोई सूचना नहीं आई है।

# महाकुंभ से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में बूम ही बूम




कुछ ऐसा ही होगा होमस्टे और डारमेट्री।

जितेंद्र श्रीवास्तव

**बाजार का हाल**

**काशी में अस्थायी आवास व होम स्टे का नया मार्केट उभरा, खूब वसूला जा रहा किराया**

**होटल, गेस्ट हाउस को लगे पंख, खुले व पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की बिक्री में काफी उछाल**

**परिवहन सेवाओं और नाविकों की कट रही चांदी धार्मिक वस्तुओं की डिमांड भी खूब**

**वाराणसी।** महाकुंभ के चलते काशी के बाजार को भी पंख लगे हैं। यह अलग बात है कि काशी के परम्परागत बाजारों में वह जलवा देखने को नहीं मिल रहा है, जिसकी अपेक्षा यहां के थोक और फुटकर कारोबारियों ने महाकुंभ शुरू होने के पहले से की थी। बावजूद इसके, यहां आने वाली आस्थावानों की भीड़ ने एक नये सेक्टर को जन्म दे दिया है। वह सेक्टर है हॉस्पिटैलिटी। जी हां, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में महाकुंभ के चलते बूम ही बूम है। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़े लोग इस भीड़ का भरपूर फायदा उठा रहे हैं। बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो रोजाना लाखों तीर्थयात्री और श्रद्धालु महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और कालभैरव मंदिर में शीश नवाने पहुंच रहे हैं। इन तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं का सिर्फ एक ही मकसद होता है कि किसी तरह बाबा दरबारों में दर्शन-पूजन कर लिया जाए। उनके लिए यहां के पर्यटन स्थल फिलहाल प्राथमिकता में नहीं है। ऐसे में ये लोग रहने-ठहरने और रात बिताने की खातिर ठौर-ठिकानों की तलाश करते हैं। सम्पन्न लोग तो महंगें होटलों में अपना ठिकाना बना लेते हैं। लेकिन लाखों लोग ऐसे हैं, जिनको यह भी नसीब नहीं होता। इसके चलते अस्थायी आवास और होम स्टे के साथ ही डॉरमेंट्री का नया मार्केट उभरा और खूब फूल-फूल रहा है। मजबूरी का फायदा उठाकर ऐसे लोगों से जमकर किराया वसूला जा रहा है। इसके



अलावा होटलों, गेस्ट हाउसों, धर्मशालाओं का कारोबार भी जमकर चल निकला है। बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो गैर प्रांतों और गैर जिलों से आने वाले वाहनों को सीमाओं या फिर शहर में प्रवेश करने पर विभिन्न स्थानों पर रोक कर बनाये गये अस्थायी पार्किंग की तरफ मोड़ दिया जा रहा है। ऐसे में इन वाहनों से आने वाले लोगों के लिए ऑटो, ई-रिक्शा, टैवेल्स आदि परिवहन सेवाओं का भी बाजार गर्म है। काशी आने वाले तीर्थयात्री नौका विहार न करें तो उनका दिल मानेंगा नहीं। ऐसे में गंगा परिवहन का संचालन करने वाले नाविकों की भी खूब चांदी कट रही है। इसके अलावा भोजन, प्रसाद, पैकेज्ड खाद्य पदार्थ, बिस्किट, जूस, शीतल पेय पदार्थ, धर्मिक वस्तुओं की बिक्री में जबर्दस्त उछाल के चलते इसके कारोबारियों के आय में बेतहाशा वृद्धि हुई है। रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों की भी चांदी कट रही है। कहने में संकोच नहीं कि धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से महाकुंभ हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए स्वर्णिम अवसर लेकर आया है।

# देश की आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, भाषा को समृद्ध करता है संगमम

## काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में भाग लिया और की तारीफ

**बोले जेपी नड्डा**

**कहा-पीएम मोदी ने भारत को एकता के सूत्र में बांधने के लिए कई प्रयास किए**





जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में नमो घाट पहुंचे और जमकर तारीफ की। कहा कि ऐसे आयोजन देश की आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत ही नहीं भाषा को समृद्ध करते हैं। संगमम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम एकता के सूत्र में बांधने के लिए लेकर कई प्रयास किए गए हैं। काशी-तमिल संगमम, काशी-तेलुगु संगमम और सौराष्ट्र-तमिल संगमम प्रधानमंत्री के देश को एकता को सूत्र में बांधने के लिए किए गए प्रयास का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास देश की आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ भाषाओं को भी समृद्ध करने में सहायता करती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नयी संसद में सेंगोल को स्थापित किया है, जो कि सेंगोल की प्रतिष्ठा को फिर से प्रतिष्ठित करने के साथ-साथ दक्षिण भारत की परंपरा को मुख्य धारा में लाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का मानना है कि काशी-तमिल संगमम से काशी और तमिलनाडु के संबंधों के बीच उन्हें विविधता में आत्मीयता का अहसास होता है। आज यहां आकर वह स्वयं भी इस प्रकार का अहसास कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान सुब्रह्मण्यम भारती, आदिवीरा पांड्यन तथा अगस्त्य ऋषि को याद किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने काशी-तमिल संगमम के तहत विभिन्न मंत्रालय की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जबकि केंद्रीय संस्कृति तथा पर्यटन मंत्रालय की तरफ से आयोजित काशी और तमिलनाडु की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक संध्या में शामिल भी हुए। उन्होंने बीएचयू में सुब्रह्मण्यम भारती चेयर की स्थापना को लेकर खुशी व्यक्त किया और इसके लिए विश्वविद्यालय को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सुब्बू सुंदरम द्वारा लिखित काशी कुंभभिषेकम पुस्तक का भी अनावरण भी किया।



### जेपी नड्डा का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

वाराणसी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा शुक्रवार को अपराह्न में बाबतपुर हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े के बीच पुष्प वर्षा और अंगवस्त्रम ओढ़ा कर भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष की आगवानी करने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक सौरभ श्रीवास्तव व डॉ. नीलकंठ तिवारी, जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, एमएलसी अश्वनी त्यागी, जगदीश पटेल, धर्मेन्द्र राय, नवीन कपूर, सुरेश सिंह, सुरेंद्र पटेल, जगदीश त्रिपाठी आदि थे।

# नड्डा से मिले बीएचयू के न्यूरोलॉजिस्ट

**मुलाकात**

**सर्किट हाउस में नड्डा से भेंट कर प्रो. वीएन मिश्र ने आईएएनसीओएन का दिया न्योता**



**वाराणसी।** आईएमएस, बीएचयू के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर विजयनाथ मिश्र और प्रोफेसर आरएन चौरसिया ने शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से सर्किट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान दोनों न्यूरोलॉजिस्ट ने काशी में पहली बार होने जा रहे इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी (आईएएनसीओएन-2025) के 32वें सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

दोनों न्यूरोलॉजिस्ट ने जेपी नड्डा से मुलाकात कर बताया कि 29 अक्टूबर से दो नवंबर, 2025 तक यह सम्मेलन होने जा रहा है और खास यह है कि न्यूरोलॉजी विभाग (आईएमएस, बीएचयू) को इस सम्मेलन का आयोजन करने का गौरव प्राप्त हुआ है। बताया कि यह सम्मेलन ज्ञान साझा करने, सहयोग को बढ़ावा देने और न्यूरोलॉजी के भविष्य को आकार देने के लिए वैश्विक विशेषज्ञों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों, शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं और उद्योग के नेताओं को एक साथ लाएगा, जहां 'न्यूरोलॉजी काशी की शाश्वत आत्मा से मिलती है' थीम के साथ, यह कार्यक्रम वाराणसी की गहन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के साथ अत्याधुनिक वैज्ञानिकों को एकीकृत करेगा। इस सम्मेलन में भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवा उत्कृष्टता, नवाचार और स्थिरता के दृष्टिकोण के साथ भी संरेखित होता है। साथ ही, सम्मेलन में काशी और उत्तर प्रदेश के परिवर्तन को प्रदर्शित करने की योजना बनाई है और हम 'काशी का परिवर्तन-2017-2025- तब और अब' नामक एक कॉरिडोर समर्पित करेंगे, जहा हम अपने स्थानीय, जीएल उत्पादों और ओडीओपी उत्पादों को एक प्रदर्शनी भी लगेगी. जहां देश और दुनिया भर से हमारे सभी प्रतिनिधि उत्पाद खरीद सकेंगे और इस परिवर्तन की शानदार यात्रा का प्रचार-प्रसार होगा। इस सम्मेलन में भारत देश से 2500 और विदेश से करीब 500 चिकित्सक और वैज्ञानिकों के आने की उम्मीद है।

# आईएमएस-बीएचयू में जल्द मिलेंगी एम्स जैसी सुविधाएं

**बोले जेपी नड्डा**

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आईएमएस के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**



वाराणसी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आईएमएस-बीएचयू में जल्द ही एम्स जैसी सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध होगी। वह शुक्रवार को न्यू सर्किट हाउस सभागार में आईएमएस के अधिकारियों के साथ एम्स जैसी सुविधाओं से लैस करने के बाबत बैठक कर रहे थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि भारत सरकार चिकित्सा विज्ञान संस्थान को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए फंड की कोई कमी नहीं है। चिकित्सा विज्ञान संस्थान बीएचयू इसके लिए प्राथमिकता के अनुसार शॉर्ट टाइम एवं लॉन्ग टाइम ठोस प्लान बनाए। उन्होंने कहा कि संस्थान के चिकित्सकों के साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ की बेहतर कैपिसिटी बिल्डिंग के साथ ही गुणवत्ता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम पर भी तेजी से कार्य करने पर बल दिया। बैठक में राज्य मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, बीएचयू के कार्यकारी कुलपति प्रो. संजय कुमार, संयुक्त सचिव चिकित्सा भारत सरकार डॉ. अंकिता मिश्रा, कमिश्नर कौशलराज शर्मा, चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. एस. शंखवार, ट्रामा सेंटर प्रभारी डॉ. सौरभ सिंह के अलावा बीएचयू के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कमलापति स्मारक से हटवाया गया मदर डेयरी का बूथ



**वाराणसी।** प्रतिवाद, सत्याग्रह, प्रतिरोध की चेतावनी और सोशल मीडिया प्लेटफार्म से उठी पुरजोर आवाज का त्वरित असर हुआ और पं. कमलापति त्रिपाठी के प्रतिमा स्थल व स्मारक में रातोंरात खड़ा कराया गया मदर डेयरी का मिल्क बूथ गुरुवार की रात नगर निगम प्रशासन ने हटवा दिया। कांग्रेस वरिष्ठ नेता एवं कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन से जुड़े लोग शुक्रवार की सुबह विरोध पत्रक देने नगर निगम पहुंचे तो उन्हें कहा गया कि इसकी अब कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि रात में ही? बूथ हटा लिया गया है और स्मारक की सफाई करा दी जायेगी। गलती हो गई थी, जिसके लिए खेद है। इस मामले में विरोध दर्ज कराने के लिए नगर निगम पहुंचने वालों में विजय शंकर पांडेय, प्रजानाथ शर्मा, डा. अनिल उपाध्याय, विजय शंकर मेहता, शैलेंद्र सिंह, बैजनाथ सिंह, सीताराम केसरी, वैभव त्रिपाठी, डा. उमापति उपाध्याय, आनंद मिश्र, पुनीत मिश्रा, सुभाष राम आदि शामिल रहे। कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन ने इस मामले में भूल सुधार के साथ ही खेद जताने पर नगर निगम का आभार प्रकट किया है।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने विद्युत रेल इंजन राष्ट्र को किया समर्पित

जनसंदेश न्यूज

**लोकार्पण**

**नवनिर्मित पर्यवेक्षक विश्राम गृह और अमृत कानन कम्युनिटी पार्क का भी किया उद्घाटन**

**वित्त मंत्री ने बरेका के अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्त्तव्यनिष्ठा को सराहा**



**वाराणसी।** केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने बरेका में वहां निर्मित विद्युत रेल इंजन (डब्ल्यूएपी 7) को हरी झंडी दिखाकर शुक्रवार को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के तहत लोकोमोटिव निर्माण में आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से दिए गए मंत्र के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 में बरेका ने अब तक 375 लोकोमोटिव बनाकर महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है।

वित्त मंत्री ने बरेका की तरफ से वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक का निर्मित 375वां लोकोमोटिव राष्ट्र को समर्पित ही नहीं किया। बल्कि स्वयं ड्राइवर कैब में बैठकर इसकी तकनीकी विशेषताओं की जानकारी ली। उन्होंने बरेका के समर्पित अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की । इस अवसर पर महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह एवं प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एसके श्रीवास्तव ने बरेका की उत्पादन गतिविधियों व तकनीकी विषयों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। लोकार्पित डब्ल्यूएपी 7 लोकोमोटिव एक उच्च गति के 6000 अश्व शक्ति का विद्युत लोकोमोटिव है, जो विशेष रूप से सभी प्रकार की यात्री, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों को खींचने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी स्पीड 140 किमी प्रति घंटा है और यह 24 रेक खींचने में सक्षम है। इस लोकोमोटिव में वास्तविक समय सूचना प्रणाली, गर्मियों के लिए वातानुकूलित ड्राइवर कैब, सर्दियों के लिए गर्म हवा की सुविधा, हेड ऑन जेनरेशन (ट्रेन लाइटिंग के लिए) और रिजेनरेटिव ब्रेक सिस्टम जैसी प्रमुख विशेषताएं हैं जो ब्रेक लगाने पर गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर ग्रिड में वापस भेजता है, जिससे ऊर्जा दक्षता बढ़ती है। इसमें होटल लोड प्रणाली भी है, जो यात्री डिब्बों में रोशनी, पंखे, मोबाइल और लैपटॉप चार्जर, वातानुकूलन और पेंट्री जैसे आरामदायक सुविधाओं को संचालित करती है। इंजन में होटल लोड प्रणाली का प्रयोग करने से ट्रेनों में एक अतिरिक्त डिब्बा लग जाता है। इसमें सीसीवी (कम्?प्?यूटर नियंत्रित ब्रेकिंग) सिस्टम है, जिसमें ब्रेकिंग अधिक सुरक्षित एवं प्रभावी होती है।

इससे पूर्व वित्त मंत्री के लोको फ्रेम शॉप पहुंचने पर महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने आगवानी की एवं बरेका परिवार की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन किया। वित्त मंत्री ने लोको असेम्बली शॉप, ट्रेक्शन असेम्बली शॉप और लोको टेस्ट शॉप का सूक्ष्म एवं गहन निरीक्षण किया। साथ ही, लोको निर्माण प्रक्रियाओं का गहनता से अवलोकन भी किया। भ्रमण के दौरान कारखाना परिसर की साफ-सफाई, तकनीकी विशेषताओं की उन्होंने उनमुक्त कंठ से सराहना की। इसके पूर्व वित्त मंत्री ने नवनिर्मित पर्यवेक्षक विश्राम गृह एवं अमृत कानन सामुदायिक पार्क का भी उद्घाटन किया। यह विश्राम गृह आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें ब्रांडेड फर्नीचर, आरामदायक बेड और उत्कृष्ट शौचालय की व्यवस्था की गई है। यह कर्मचारियों के लिए न केवल विश्राम का केंद्र है, बल्कि उनकी कार्यक्षमता को पुर्नजीवित करने का एक माध्यम भी है। विश्राम गृह के समीप स्थित अमृत कानन सामुदायिक पार्क अपने हरे-भरे वातावरण और स्वच्छता के संदेश के साथ कर्मचारियों को मानसिक शांति और ताजगी प्रदान करता है। विश्राम गृह के साथ पार्क की स्वच्छ?ता और हरियाली का यह संगम कर्मचारियों के जीवन में एक साकारात्मक उर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य विद्युत इंजीनियर-निरीक्षण अरुण कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एसके श्रीवास्तव, प्रधान वित्त सलाहकार अजय श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य इंजीनियर विनोद कुमार शुक्ल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त मो. नुरूल होदा, प्रमुख मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश कुमार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी जनार्दन सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा, उप महाप्रबंधक अनुज कटियार के अलावा बरेका परिवार उपस्थित था।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय कबड्डी में शिवानी ने किया यूपी का प्रतिनिधित्व



**पिंडरा।** विकास खंड बड़ागांव मदनपुर की शिवानी यादव ने 71वीं सीनियर नेशनल महिला कबड्डी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। यह प्रतियोगिता हरियाणा में 14 से 18 फरवरी तक आयोजित की गई थी। शिवानी की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के सचिव राजेश सिंह यादव, इंडिया टीम कबड्डी संघ के सचिव विनय सिंह यादव, भदोही कबड्डी संघ के सचिव जयशंकर पांडेय और दशरथ पाल का समर्थन मिला। बिटिया की इस उपलब्धि के लिए उसकी माता रंजू देवी व पिता अशोक यादव को राधा-कृष्ण का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए शिवानी यादव ने अपने माता, पिता और अपने गांव के बड़े बुजुर्गों को श्रेय दिया। उनके गुरु बिहारी रामपाल, चंगुर प्रसाद, सल्लू यादव और अनिरुद्ध पांडेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### सांख्यिकी में तीन व अर्थशास्त्र विभाग में 25 मार्च तक करें आवेदन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शोध प्रवेश परीक्षा 2023-24 का परिणाम घोषित होने के बाद अब विभागों ने प्रवेश के द्वितीय चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। द्वितीय चरण के अंतर्गत शोध प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण एवं शोध प्रवेश परीक्षा से मुक्त (नेट/जे.आर.एफ.) अभ्यर्थियों को निर्धारित आवेदन पत्र (विशेषीकरण का उल्लेख सहित) के साथ सभी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों एवं डिग्री की स्व प्रमाणित छायाप्रति, आरक्षण संबंधित प्रमाण पत्र, शोध के प्रथम चरण के क्वालीफाई करने का प्रमाण पत्र, निर्धारित फीस जमा की रसीद एवं शोध प्रस्ताव की हार्ड कापी दो प्रतियों में संबंधित विभाग में जमा करना है। इसके तहत सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने बताया सांख्यिकी विषय के अभ्यर्थियों को उक्त दस्तावेज तीन मार्च तक विभाग के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। वहीं अर्थशास्त्र विभाग में उक्त दस्तावेज 25 मार्च तक जमा करना है। विभागाध्यक्ष प्रो. अंकिता गुप्ता ने बताया कि अर्थशास्त्र विषय के अभ्यर्थियों अपने शोध प्रस्ताव को पीपीटी फॉर्मेट में भेजना आवश्यक है।

### सांख्यिकी विभाग में सेमेस्टर परीक्षाएं एक मार्च से

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के सांख्यिकी विभाग में सेमेस्टर परीक्षाएं एत मार्च से प्रारंभ होंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने बताया कि एमए व एमएससी (सांख्यिकी) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा एक मार्च एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा चार मार्च से होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं दोपहर दो से शाम चार बजे तक होंगी। वहीं, सांख्यिकी विषय के प्रश्न पत्र स्टेटिस्टिकल एनालिसिस थ्रू, एसपीएसएस की मिड टर्म की परीक्षा सात मार्च को दोपहर एक बजे से आयोजित है।

### गंगापुर परिसर में प्रायोगिक परीक्षा आज

**वाराणसी।** योग व प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा केन्द्र, डॉ. विभूति नारायण सिंह, गंगापुर परिसर में संचालित पीजी डिप्लोमा इन नैचुरोपैथी एण्ड योग के द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-24 की प्रायोगिक परीक्षा 22 फरवरी को होगी। चिकित्सा विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षा सुबह नौ बजे से गंगापुर परिसर के योग विभाग में होगी। छात्रों को प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित (प्रेक्टिकल फाइल, इंर्टनशिप संबंधित डॉक्यूमेन्टस) के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

### एमए इतिहास व पुरातत्व प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा छह मार्च से

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मुख्य परिसर, गंगापुर एवं एनटीपीसी परिसर में एमए इतिहास एवं एमए इतिहास पुरातत्व प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा छह से 20 मार्च तक आयोजित है। इतिहास विभाग की अध्यक्ष प्रो. जया कुमारी आर्यन ने बताया कि परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक होगी।

# मंगारी और बड़ागांव ग्राम सभा को मिले नये प्रधान

**उप चुनाव**

### ब्लॉक मुख्यालयों पर मतगणना के बाद हुआ परिणाम घोषित

### चिरईगांव ब्लॉक में सुनील कुमार चुने गये जिला पंचायत सदस्य



मंगारी ग्राम सभा के नये प्रधान विजय बहादुर पटेल को निर्वाचित होने का प्रणाम-पत्र सौंपते सेक्टर मजिस्ट्रेट छोटेलाल तिवारी।



बड़ागांव के नये प्रधान अतुल सिंह



चिरईगांव ब्लॉक के सेक्टर नंबर दो से निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार

**वाराणसी।** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में प्रधान, जिला पंचायत सदस्य के लिए हुए मतदान की मतगणना शुक्रवार को पिंडरा, बड़ागांव और चिरईगांव ब्लॉक मुख्यालयों पर हुई। घोषित परिणाम के मुताबिक, मंगारी और बड़ागांव ग्राम सभा को नये प्रधान मिले।

**पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार,** स्थानीय ब्लॉक के मंगारी ग्राम सभा चुनाव में विजय बहादुर पटेल अपनी प्रतिद्वंद्वी को 92 मतों से विजयी घोषित किए गए। प्रधान के रिक्त पद पर हुए चुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में थे। मतगणना के पश्चात घोषित परिणाम में विजय बहादुर पटेल को 622, स्वतंत्र गुप्ता व डॉ. कमल कुमार पटेल को 530-530 मत मिले। जबकि 25 मत अवैध घोषित किये गये। सेक्टर मजिस्ट्रेट/बीडीओ छोटेलाल तिवारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी कैलाश यादव ने नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान विजय बहादुर को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा।

**बड़ागांव प्रतिनिधि के अनुसार,** स्थानीय ब्लॉक के बड़ागांव ग्राम सभा में प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में अतुल सिंह ने 224 वोटों से जीत हासिल करते हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी ऊषा गुप्ता को पराजित किया है। चुनाव मैदान में कुछ छह प्रत्याशी थे। शुक्रवार को हुई मतगणना के बाद रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें अतुल सिंह को 1800 मत और उषा गुप्ता को 1576 मत मिले।

**चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार,** स्थानीय ब्लॉक के जिला पंचायत सदस्य सेक्टर नम्बर-2 के लिए हुए उपचुनाव में सुनील कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अवधेश कुमार को 1264 मतों से हराकर जीत दर्ज की है। इस उपचुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में थे। भासपा से समर्थित सुनील कुमार को 3884 मत, सपा के अवधेश कुमार को 2620 मत और बसपा प्रत्याशी मृत्युंजय को 1325 मत मिले। 96 मत अवैध घोषित किये गये। निर्वाचन अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि विजयी प्रत्याशी सुनील कुमार को प्रमाण-पत्र जिला मुख्यालय से मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस सेक्टर से सुनील की पत्नी वंदना ने जीत हासिल की थी। बीते अक्टूबर 2023 में बीमारी के दौरान उसका निधन हो गया। तब से यह सीट खाली चल रही थी। उपचुनाव में स्व. वंदना देवी के पति सुनील कुमार ने जीत दर्ज कर कब्जा बरकरार रखा। वहीं, ब्लॉक के रिक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य पद वार्ड संख्या 21 मुरीदपुर-परनापुर से निर्विरोध निर्वाचित धनरा देवी को सहायक निर्वाचन अधिकारी हवलदार यादव ने प्रमाण-पत्र सौंपा।



निर्विरोध निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य धनरा देवी को प्रमाण-पत्र सौंपते सहायक निर्वाचन अधिकारी हवलदार यादव।

# मातृ भाषा हमारी सभ्यता और संस्कृतियों की संवाहक

**बोलीं प्रो. मीनू अवस्थी**

### सीबीसी की चित्र प्रदर्शनी में अंतराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

### वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट की छात्राओं ने भी किया प्रतिभाग



**वाराणसी।** नमो घाट पर आयोजित काशी तमिल संगमम 3.0 में केंद्रीय संचार ब्यूरो की तरफ से चित्र प्रदर्शनी में शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वसंत महिला महाविद्यालय राजघाट की प्रो. मीनू अवस्थी ने कहा कि मातृ भाषा हमारी सभ्यता और संस्कृतियों की संवाहक है।

उन्होंने कहा मातृ भाषा ही वह भाषा है, जो मानव जन्म के बाद बोलता है। किसी की भी मातृ भाषा केवल भाषा नहीं बल्कि एक भाव है। बिना अपनी मातृ भाषा के ज्ञान के व्यक्ति का सर्वांगीण विकास सम्भव नहीं है। मातृ भाषा हमारी सभ्यता और संस्कृतियों की संवाहक और सामाजिक सदभाव, राष्ट्रीय एकता एवं जन संचार का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारत में अनेक स्थानीय भाषा एवं बोलियां हैं। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा के शुरूआती चरणों से लेकर उच्च शिक्षा तक मातृभाषा आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने का प्रावधान किया गया है। डॉ. राजेश चौधरी ने कहा कि मातृ भाषा मानव की भावना से जुड़ा होता है। विश्व में बहुत सी भाषाएं हैं, जो अपनी भौगोलिक परिवेश में अपनों के बीच संवाद का माध्यम हैं। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। प्रदर्शनी के दौरान वसंत महिला महाविद्यालय हिंदी विभाग की छात्राओं के मध्य कविता पाठ, पोस्टर पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। संचालन सीबीसी के सहायक निदेशक, डॉ. लालजी ने किया।

# त्रिवेणी संगम के अमृत जल से बन्दियों ने किया स्नान

**तरना।** प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए त्रिवेणी संगम के पवित्र जल से शुक्रवार को 8.30 से 9.30 बजे वाराणसी केंद्रीय कारागार के बन्दियों ने अमृत स्नान किया। इसके पूर्व गुरुवार को सेंट्रल जेल परिसर में स्थित हनुमान जी के मंदिर में प्रयागराज महाकुंभ से ले गए अमृत जल कलश को वैदिक मंत्रो द्वारा श्रद्धा पूर्वक स्थापित किया गया। शुक्रवार को सुबह कारागार परिसर में स्थित चारों सर्कल में भव्य कलश यात्रा निकाली गई इस दौरान पूरा वातावरण हर हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान होता रहा। सभी अधिकारी, कर्मचारी, लंबरदार, चौरासी एवं अन्य बन्दियों ने इस भव्य कलश यात्रा में भाग लिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे यह भव्य महाकुंभ केंद्रीय कारागार परिसर में ही आयोजित हुआ हो। इस अवसर पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक राधा कृष्ण मिश्र, जेलर वीरेंद्र कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर अखिलेश कुमार मिश्रा, अमित कुमार वर्मा, अशोक कुमार राय, किशन सिंह सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पिंडरा तहसील में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**विरोध**

### अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम वापस लेने की मांग

**पिंडरा।** अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम के खिलाफ पिंडरा तहसील में अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवपूजन सिंह, अध्यक्ष कृपाशंकर, महामंत्री सुधीर सिंह, युवा अधिवक्ता पवन ठाकुर और अश्वनी सिंह समेत कई वकीलों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने अधिवक्ता बिल वापस लो और नरेंद्र मोदी गद्दी छोड़ो जैसे नारे लगाए। अधिवक्ताओं का कहना था कि यह अधिनियम वकीलों के अधिकारों के खिलाफ है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। घंटों तक चले इस विरोध प्रदर्शन में वकीलों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती है, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

# ओलंपियन चिक्कन गुरु कुश्ती दंगल कल

**आयोजन**

### स्व. लक्ष्मीकांत पांडेय के पैतृक गांव कोईरीपुर (खुर्द) में होगा दंगल, जुटेंगे कई नामी-गिरामी पहलवान




**वाराणसी।** ओलंपियन स्व. लक्ष्मीकांत पांडेय उर्फ चिक्कन पहलवान (गुरु) की स्मृति में उनके पैतृक गांव कोईरीपुर (खुर्द) निकट रामेश्वर में 23 फरवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया है। कुश्ती दंगल का उद्घाटन एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेंद्रनाथ पांडेय मुख्य अतिथि होंगे।

विशिष्ट अतिथि नागेंद्र रघुवंशी मुन्ना (सदस्य, राष्ट्रीय खादी ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार) एवं ब्लाक प्रमुख हरहुआ विनोद कुमार उपाध्याय (बब्बू) एवं रविशंकर सिंह, ब्लाक प्रमुख संरक्षण पिण्ड्रा होंगे। भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह बबलू विजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। विभिन्न भार वर्ग के विजेता पहलवानों को नकद धनराशि पुरस्कार के रूप में दी जायेगी। सर्वश्रेष्ठ पहलवान को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जायेगा।

हुकुलगंज स्थित कारमाइकल लाइब्रेरी के सभागार में शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में कार्यक्रम संयोजक कपिल नारायण पांडेय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कामन वेल्थ गेम्स, राष्ट्रीय खेल में शामिल व पदक विजेता पहलवान भी भाग लेगें।

दंगल में महाराष्ट्र केशरी, पंजाब केशरी, उत्तर प्रदेश केशरी पहलवान रविन्द्र मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। निर्णायक की भूमिका एनआईएस कोच रविन्द्र मिश्रा, अमिताभ आनन्द, सुरेन्द्र पहलवान, गोरख यादव, रामू पहलवान निभाएंगे। आकाशवाणी के कलाकार कवि झगड़ू भईया, आरएस यादव उद्घोषक की भूमिका में रहेंगे।

संचालन प्रेमशंकर तिवारी व प्रेम कुमार मिश्रा करेंगे।

# मातृभाषाओं को देनी होगी पहचानः प्रो. गोपालकृष्णन

**संगोष्ठी**

### बीएचयू के हिंदी विभाग के विरासत कक्ष में मातृभाषा के महत्व पर हुई परिचर्चा



**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर बीएचयू के हिंदी विभाग में स्थित विरासत कक्ष में शुक्रवार को 'मातृभाषा के महत्व' पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.वशिष्ठ द्विवेदी ने तथा मुख्य अतिथि केरल से पधारे श्रीशंकराचार्य विश्वविद्यालय, कालड़ी के आचार्य प्रो. वीजी गोपालकृष्णन रहे। इस अवसर पर प्रो श्रीप्रकाश शुक्ल ने गोपालकृष्णन को गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि प्रो वीजी गोपालकृष्णन ने कहा कि शिशु के जन्म के साथ उसकी मा के दूध के साथ ही उसे मातृभाषा मिल जाती है। व्यक्ति की संवेदनाएं, उसकी सोच, उसका व्यक्तित्व मातृभाषा में ही निहित होता है। आज मातृभाषा की बात ज्यादा की जा रही है क्योंकि साम्राज्यवाद के प्रभाव और प्रचार के चलते भारतीय जनमानस के मन में यह बैठ गया है कि कोई परदेसी भाषा ही श्रेष्ठ है और इसके परिणाम में आज मातृभाषा के साथ-साथ हमारी अपनी पहचान भी खतरे में आती जा रही है।

अध्यक्षीय संबोधन में प्रो.वशिष्ठ द्विवेदी ने कहा स्वाभाविक और निश्चल अभिव्यक्ति मातृभाषाओं में ही होती है। व्यक्ति अपने चिंतन का आरंभ मातृभाषाओं से ही शुरू होता है और मातृभाषा में चिंतन का अर्थ अपने पूरे परिवेश के साथ जुड़कर सोचने जैसा होता है। स्वागत वक्तव्य में प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा कि स्वाधीन चिंतन, स्वाधीन चेतना और स्वाधीन लेखन इन सभी की शुरूआत मातृभाषा से ही होती है। मातृभाषा व्यक्ति की चेतना के मूल में होती है तथा उसकी सृजनात्मक शक्ति के साथ उसका सीधा संबंध होता है।

डा. विंध्याचल यादव ने कहा की मातृभाषा हमारी ऊर्जा है। मातृभाषा व्यक्ति का स्वाभिमान, आत्मविश्वास है और उसकी संस्कृति है और मातृभाषा को याद करना आत्मविश्वास, स्वाभिमान और संस्कृति को सुरक्षित रखना है। डा. महेंद्र कुशवाहा ने कहा मातृभाषा से कटने के अर्थ अपने परिवेश से कटना है और अपनी संस्कृति से कटना है। डा. रविशंकर सोनकर ने कहा कि प्रेम का मूलाधार हैं मातृभाषाएं। जब भी हम मातृभाषा में बोलते हैं तो हमें अपने होने के गर्व का अहसास होता है। शोधार्थी शुभम चतुर्वेदी ने कहा कि मातृभाषा पर खतरे के अर्थ है अस्तित्व और समृद्धि पर खतरा है। शोधार्थी राकेश गुप्ता ने कहा कि मातृभाषा से व्यक्ति में नवाचार उत्पन्न होता है। कार्यक्रम का संचालन आर्यपुत्र दीपक और धन्यवाद ज्ञापन अक्षत पाण्डेय ने किया।

# अर्दली बाजार में जश्ने दस्तारबंदी आज

**वाराणसी।** सयदुल बशर कान्फ्रेंस, दस्तारबदी का आयोजन 22 फरवरी शनिवार को रात्रि 8 बजे से मदरसा खानम जान अर्दलीबाजार में किया गया है। कार्यक्रम आयोजक मदरसा खानदान के संस्थापक शहाबुद्दीन लोदी ने यह जानकारी दी। बताया कि कान्फ्रेंस में मुख्य वक्ता मुफ्ती मौलाना बदरे आलम मुबारकपुर, मुफ्ती मौलाना उमर रजा खान नेपाल, मुफ्ती मौलाना रियाजुल कादरी किशनगंज बिहार, होंगे। अध्यक्षता मौलाना मुफ्ती नसीरुद्दीन नसीरे मिल्लत करेंगे। इस मौके पर मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रहे 4 छात्रों को उलेमा, 3 छात्रों को हाफिज, 6 छात्रों को कारी की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर सारी रात जलसे में नूरानी तकरीरों का सिलसिला जारी रहेगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर, जनपद-चन्दौली

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर की सफाई व्यवस्था हेतु 01 अदद जेसीबी मशीन का मरम्मत कार्य हेतु दिनांक 28.02.2025 अपराह्न 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन उपस्थित फर्म/ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रकाशन के पश्चात निर्धारित शुल्क जमा कर निविदा प्रपत्र निर्माण विभाग से दिनांक 27.02.2025 को सायं 04:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा से सम्बंधित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में पालिका नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**राज्य वित्त/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत-**

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत/ व्यय जीएसटी | धरोहर धनराशि | निविदा फार्म की धनराशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका की 01 अदद् 2 DX जेसीबी मशीन फुल ओवरहालिंग एवं इंजन मरम्मत कार्य। | 540000.00 | 10800.00 | 1000.00 | 15 दिन |

**सामान्य नियम व शर्तें-**

1- निविदा के साथ 2 % जमानत धनराशि व कार्य स्वीकृति के उपरान्त 8 % एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/के0वी0पी0 जो अधिशासी अधिकारी, न0पा0प0, पं0 दीनदयालय उपाध्याय नगर, चन्दौली के पक्ष में प्रतिभूति संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

2- निविदा के साथ EMD की धनराशि लगाना अनिवार्य होगा, इसमें किसी प्रकार की छूट मान्य नहीं होगी।

3- जी0एस0टी0, श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र व आई0टी0आर0 की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

4- कार्य/आपूर्ति हेतु धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य है।

5- उक्त कार्य अवधि के उपरान्त ही जमानत/धरोहर धनराशि वापस की जायेगी।

6- प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत तथा निरस्त करने एवं नियम/शर्तों/प्रतिबंधों एवं शिथिल करने का अधिकार अध्यक्ष महोदया में निहित होगा, किन्तु उसका उल्लेख पत्रावली पर नहीं किया जायेगा।

7- कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घटायी/बढ़ायी जा सकती है, तद्नुसार ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।

8- निविदादाता को निविदा स्वीकृत होने के पश्चात अपने व्यय से निर्धारित दर 210.00 रुपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र भरना अनिवार्य होगा।

9- जिस निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकृत होगी उसको कार्य करने के पूर्व/मध्य/अन्त की फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से पत्रावली में संलग्न करना होगा।

10- सेवा प्रदाता/फर्म द्वारा कार्य संतोषजनक न किये जाने की स्थिति में सक्षम अधिकारी की सहमति से निविदा/ठेका को निरस्त कर, नियमानुसार जमानत धनराशि को जब्त कर ली जायेगी।

11- किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में सक्षम जिला एवं सत्र न्यायालय जनपद-चन्दौली का निर्णय सर्वमान्य होगा।

12- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।

**स्वास्थ्य/सफाई निरीक्षक**
नगर पालिका परिषद
पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर
जनपद-चन्दौली

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर
जनपद-चन्दौली

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर
जनपद-चन्दौली

पत्रांक 502/अ0अ0/न.पा.प.पं.दी.उ.न./2024-25 दिनांक 21.02.2025


# महिलाओं की सहभागिता के बिना देश का विकास अधूराः राज्यपाल

**काशी तमिल संगमम 3.0**

### बीएचयू में महिला सशक्तीकरण पर बौद्धिक सत्र को तमिलनाडु के राज्यपाल ने किया संबोधित






**वाराणसी।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने कहा कि देश के विकास के लक्ष्यों को साकार करने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे काशी तमिल संगमम 3.0 के अंतर्गत बीएचयू के पं. ओंकार नाथ ठाकुर प्रेक्षागृह में शुक्रवार को आयोजित महिला सशक्तीकरण पर एक अकादमिक सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने न केवल समाज को सशक्त बनाने में बल्कि राष्ट्रीय विकास को गति देने में भी महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान और सहभागिता को रेखांकित किया।

काशी और तमिलनाडु के गहरे सांस्कृतिक संबंधों को उजागर करते हुए राज्यपाल ने अतीत की घटनाओं का उल्लेख किया और भारत की साझा आध्यात्मिक एवं सभ्यतागत विरासत को पुनः स्मरण कराया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को पश्चिमी अवधारणा के अनुसार केवल एक राज्य के रूप में देखने के बजाय उसे एक 'राष्ट्र' के रूप में समझा जाना चाहिए, जिस रूप वह सैकड़ों वर्षों से रहा है।

उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसे भारतीयों ने सदियों से न केवल जिया है, बल्कि वे उसे उत्सव के रूप में मनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत और गतिशील सभ्यता है, जहां 'एक राष्ट्र, एक परिवार' का दर्शन फलता-फूलता है।

महिला स्वयं -सहायता समूहों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए, जिनकी प्रेरणादायक यात्राएं विभिन्न सार्वजनिक योजनाओं और पहलों के माध्यम से सशक्त हुई हैं, राज्यपाल ने उनसे आग्रह किया कि वे अपनी सफलता की कहानियां दूसरों के साथ साझा करें और देशभर के लोगों के उत्थान और विकास में सहयोग करें।

इस दौरान राज्यपाल ने काशी तमिल संगम 2.0 के दौरान बीएचयू के तमिल अनुभाग द्वारा हिंदी से तमिल में अनुवादित पुस्तकों का विमोचन किया। यह कार्य डा. जगदीशन के नेतृत्व में हुआ और नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया। इसके अलावा राज्यपाल ने सुब्बु सुंदरम और उनकी पत्नी द्वारा लिखित पुस्तक ₹काशी कुंभाभिषेकम₹ का भी लोकार्पण किया। उन्होंने बीएचयू में तमिल डिप्लोमा कोर्स में उत्तर भारतीय छात्रों की बढ़ती रुचि और नामांकन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

बीएचयू के कुलपति (प्रभारी) प्रो. संजय कुमार ने बीएचयू को 'लघु भारत' के रूप में वर्णित किया, जहां अनेक विचारों के लोग मिलकर साझा प्रगति के लिए प्रयास करते हैं। उन्होंने काशी तमिल संगमम को तमिलनाडु और काशी के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों का उत्सव बताते हुए 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने आदि शंकराचार्य के योगदान का उल्लेख किया।

समाजशास्त्र विभाग की प्रो. श्वेता प्रसाद, महिला अध्ययन व विकास केंद्र, बीएचयू की प्रो. मीनाक्षी झा, श्रवण कुमार, कौसर जहां, रवि मिश्रा, डा. मनीषा शुक्ला आदि ने विचार रखे। डा. मनोज पांडेय द्वारा लिखित एक द्विभाषी पुस्तक को राज्यपाल को भेंट किया। कार्यक्रम का समापन डा. शन्मुग सुंदरम (वाणिज्य संकाय, बीएचयू) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# शिक्षा ही बदल सकती है युवाओं का भविष्य : हरिवंश

**संगोष्ठी**

### शॉर्ट कट से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं कर सकते

### उप सभापति ने युवाओं से की स्टार्टप्स शुरू करने की अपील

**बलिया।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि इक्कीसवीं सदी में युवाओं का भाग्य शिक्षा ही बदल सकती है। वह टीडी कालेज के मनोरंजन हाल में गुरुवार को 'हरिवंश का सृजन-संसार' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय और टाउन इंटर कालेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने सबसे पहले भृगु मुनि को नमन किया। कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, इसमें बलिया की मिट्टी का योगदान है। इसका गौरवपूर्ण अतीत रहा है। यह ऋषियों, साधकों एवं क्रान्तिकारियों की धरती है। अपने बचपन का याद करते हुए कहा कि मैं जहां पैदा हुआ, वहां छह महीने तक बाढ़ का पानी रहता था। गरीब भाग्य से होते हैं, पर शिक्षा ने बीते तीस-चालीस सालों में लोगों का भाग्य बदला है। युवाओं से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा ही भाग्य बदल सकती है। क्योंकि शिक्षा ने सारे पुराने गणित को पलट दिया है। उन्होंने उद्योगपति नारायण मूर्ति का उदाहरण देते हुए कहा कि किस तरह उन्होंने शिक्षा के बल पर नए प्रतिमान गढ़े। कहा कि शार्ट कट से सफलता पाना चाहते हैं तो आप जीवन में कुछ भी हासिल नहीं कर सकते। 2014 में मोदी के नेतृत्व में टेक्नोलाजी में क्रान्तिकारी परिवर्तन हुए हैं। भारत दुनिया में मजबूत ताकत बन रहा है। यह पश्चिम दुनिया को सुहा नहीं रहा है। हमें सपेरे और जादूगरों का देश कहा जाता था। बावजूद इसके आज पूरी दुनिया भारत की तरफ उम्मीद की नजर से देख रही है। नए स्टार्टप्स का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 के बाद सवा लाख से अधिक स्टार्टप्स हैं। हुनरमंद लोगों को अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बलिया के युवाओं से स्टार्टप्स शुरू करने की अपील की। कहा कि नई तकनीक से आने वाले दस सालों में पांच करोड़ नौकरियां मिलने वाली हैं। उन्होंने नकल को युवा के भविष्य के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि अभिभावकों को सचेत रहने की जरूरत है।



डॉ. अखिलेश सिन्हा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

## मनुष्य को कृतज्ञ होना चाहिएः प्रो. कृष्ण कुमार सिंह

**बलिया।** विशिष्ट अतिथि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति प्रो.कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि हरिवंश जी का सृजन संसार बहुत विशाल है। इतना अध्ययनशील राजनेता और पत्रकार वर्तमान दौर में बहुत कम रह गए हैं। हरिवंश जी की किताब 'सृष्टि का मुकुट कैलाश मानसरोवर' का जिक्र करते हुए कहा कि मानव अपने किए होने का एहसास न करे तो उसका जीना बेकार है। मनुष्य को कृतज्ञ होना चाहिए। हरिवंश जी दुनिया को आंखों से नहीं, बल्कि दिल से दुनिया देखते हैं। दिल से दुनिया को देखने का चलन कम हो गया है। बलिया सौभाग्यशाली है कि यहां पैदा हुआ व्यक्ति दिल से दुनिया को देखता है। इनकी चिंताओं का दायरा बहुत व्यापक है। हरिवंश जी का गद्य कविता की तरह होता है। इसमें मिट्टी की सुगंध सहज मिलती है। कहा कि आज सूचना का विस्फोट तो हुआ है, पर ज्ञान की कमी हो रही है। हरिवंश जैसे लेखक ज्ञान के दायरे को बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। ये हिन्दी पत्रकारिता के देदीप्यमान नक्षत्र हैं।

## युवाओं को सही दिशा मिले तो लिख सकते हैं नई इबारत

बलिया। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि बलिया में वह ताकत है कि यहां के युवाओं को सही दिशा मिले तो नई इबारत लिख सकते हैं। इसलिए बलिया बदलाव की धरती बने। उन्होंने युवाओं के सामने पूर्व राष्ट्रपति डा. कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि नकल न करो। कलाम की किताब का जिक्र करते हुए कहा कि गरीबी की पृष्ठभूमि वाले परिवार से होने के बावजूद उन्होंने प्लेन बना लिया। इसके लिए कभी उनके शिक्षक ने कभी हार्ड वर्क, हार्ड वर्क और हार्ड वर्क की नसीहत दी थी। हरिवंश ने इंजीनियर विश्वसरैया विश्वकर्मा को भी आदर्श बनाने की नसीहत दी। कहा कि संकल्प से साधना की ओर अग्रसर रहने की जरूरत है। नकारात्मक मानस आसान है, पर सृजन कठिन है। युवाओं का नकारात्मक मानस बदले, इसके लिए महाविद्यालयों को आगे आना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य स्कील डेवलपमेंट भी होना चाहिए। यह गांधी जी भी चाहते थे।

## हरिवंश की लेखनी में मिलती है नैतिक मूल्यों की झलकः प्रो. कृपाशंकर

**बलिया।** बीज वक्तव्य देते हुए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के पत्रकारिता विभाग के प्रो. कृपाशंकर चौबे ने कहा कि अभी तक हरिवंश जी ने 28 मौलिक किताबों का सृजन किया है। यह उनकी पत्रकारिता और लेखन यात्रा को समझने के लिए काफी है। हरिवंश जी की लेखनी में देश और दुनिया की समस्याओं पर चिंतन है। साथ ही समस्याओं का समाधान भी है। कहा कि हरिवंश जी की लेखनी में नैतिक मूल्यों की झलक मिलती है। चार दशकों तक हरिवंश जी देश के विरले संपादक रहे, जिन्होंने न सिर्फ देश और समाज के समक्ष सवाल उठाये, बल्कि समाधान भी प्रस्तुत किया। सादा जीवन और ईमानदार व्यक्तित्व इन्हें आज के दौर में सबसे अलग साबित करता है। अध्यक्षता टीडी कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं संचालन प्रो.दयालानंद राय ने किया। संगोष्ठी में स्वागत वक्तव्य टीडी कालेज के प्राचार्य प्रो. रविंद्र नाथ मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन टाउन इंटर कालेज के प्राचार्य डा.अखिलेश सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी व सीडीओ की सराहना

**बलिया।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने बलिया शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए डीएम और सीडीओ की सराहना की। कहा कि रात में सड़कों पर घूमा तो साफ-सफाई का नजारा दिखा। विद्यालयों को साफ करने के लिए सप्ताह में एक दिन सबको समय देना चाहिए। गांधी जी ने आजादी के आंदोलन में सफाई भी सिखाई थी। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनाया है। इसका नतीजा है कि आज देश के सार्वजनिक स्थल साफ दिख रहे हैं।

## राजयसभा के उप सभापति ने दिए सवालों के जवाब

**बलिया।** राष्ट्रीय संगोष्ठी को सम्बोधित करने के बाद राजयसभा के उपसभापति हरिवंश ने टीडी कालेज के मनोरंजन हाल में जैसे ही बैठना चाहा, सामने से दर्जनों युवाओं ने सवालों की झड़ी लगा दी। उन्होंने एक-एक कर छात्रों के सभी सवालों के जवाब दिए। अधिकतर युवाओं के सवाल शिक्षा और रोजगार से जुड़े थे। उन्होंने कर्म करने और आगे बढ़ने की नसीहत दी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोरोना के दौर में दुनिया के सामने भारत ने अपने सामर्थ्य का परिचय दिया। यह देश की प्रतिभाओं के कर्म से सफल हुआ। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि मोबाइल पर कम और किताबों पर युवा अधिक समय दें।

## रंगकर्मियों ने जीवंत की कविता

**बलिया।** संकल्प के रंगकर्मियों ने सुप्रसिद्ध कवि केदारनाथ सिंह की कविता को अपने नाटक के जरिए जीवंत किया। मशहूर रंगकर्मी टविंकल गुप्ता के निर्देशन एवं अभिनय में सहयोग पाकर सभी रंगकर्मियों ने हाल में उपस्थित सभी को झंकझोर दिया। ट्विंकल गुप्ता के साथ रिया वर्मा, मोनिका गुप्ता, रितिक गुप्ता, ओमवीर खरवार, शिवम कृष्ण व तुषार पांडेय थे।

## डिजिटल उपवास के आह्वान पर ध्यान देने की अपील

**बलिया।** राज्यसभा के उप सभापति ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद नई शिक्षा नीति बनी है। इससे सकारात्मक बदलाव होगा। यह काम काफी पहले होना चाहिए था। देश की आजादी के बाद 2014 तक जिस गति से काम होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। अन्यथा देश बहुत आगे होता। उन्होंने चीन का हवाला देते हुए कहा कि वहां शुरू से ही मजबूत संकल्प से काम होता आया है। इसीलिए वह आज हमसे आगे है। कहा कि दुनिया टेक्नोलाजी के परिवर्तन के द्वार पर खड़ी है। पुरानी टेक्नोलाजी वाली नौकरियां खतरे में हैं। इसलिए आज के चुनौतिपूर्ण दौर में युवा नई टेक्नोलाजी अपनाएं। भविष्य की नियति का लेखन नई टेक्नोलाजी बन रही है। सुखद है कि प्रधानमंत्री मोदी इस पर जोर दे रहे हैं। आज युवा छह घंटे सोशल मीडिया पर समय गंवा रहे हैं। इससे आप अपनी प्रतिभा का हनन कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री के डिजिटल उपवास के आह्वान पर ध्यान देने की अपील की।

## महाकुंभ को सफल बनाने वाले अधिकारियों कर्मचारियों की प्रशंसा

**बलिया।** राज्यसभा के उप सभापति ने कहा कि महाकुम्भ को सफल बनाने में योगदान देने वाले अधिकारी और कर्मचारी प्रसंशा के पात्र हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार बधाई की पात्र है। आज दुनिया चकित है कि 54 करोड़ लोग एक स्थान पर एकत्रित होकर सफलतापूर्वक वापस जा चुके हैं। आने वाले दिनों में महाकुम्भ में दो-तीन अमेरिका नहा लेगा। यह भारत का पौरुष है। जब मैं दुनिया में जाता था और बताता था कि एक दिन में कोरोना का टीका लगता है तो लोग आश्चर्य में पड़ जाते थे।

# गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

**रेवती।** रेवती में सर्व देवता प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा यज्ञाधीश श्रीराम दास के नेतृत्व में डीजे, गाजे-बाजे, घोड़े तथा हजारों श्रद्धालुओं के साथ शुक्रवार को निकली। यह यज्ञस्थल श्रीश्री 1008 श्री नागेश्वर नाथ शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर बिचलागढ़ हनुमान मंदिर, पोस्ट आफिस, रेवती बुढ़वा शिव मंदिर, काली माता मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, रेवती बीजगोदाम, चंद्रमौली महादेव बड़ी मठिया बड़ी बाजार, रेवती थाना होते हुए बस स्टैण्ड से गंगा घाट के लिए रवाना हुई। गंगा किनारे पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के पश्चात कलश भरण किया। तत्पश्चात यज्ञाचार्य पंडित विक्रांत उपाध्याय द्वारा वैदिक मंत्रोचार से संकल्प एवं विधिवत कलश पूजन कराया गया। इसके बाद कलश यात्रा यज्ञ मंडप पहुंचकर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा में शामिल झांकियां बरबस ही लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करती रही। यज्ञाधीश ने बताया कि कलश यात्रा गंगाजल लाने के बाद मण्डप प्रवेश, अरणी मंथन आदि पूजन शुरू होगा तथा यज्ञ काल में प्रत्येक दिन सायंकाल दूर-दूर से पधारे प्रवचनकर्ताओं द्वारा प्रवचन का आयोजन किया गया है।

## युवती को भगाकर घर ले आया पांच बच्चों का पिता

**लालगंज।** पांच बच्चों के पिता राधेश्याम को प्रेम का ऐसा बुखार चढ़ा कि वह दिल्ली से एक युवती को भगाकर घर ले आया। इसे लेकर पत्नी ने घर में बवाल कर दिया। साथ ही युवती की पिटाई करके घायल कर दिया। लोगों की सूचना पर दोकटी पुलिस मौके पर पहुंची और राधेश्याम को लेकर थाने चली गई। बता दें कि दोकटी थाना क्षेत्र के मुरारपट्टी निवासी राधेश्याम गोड़ पुत्र पराहु गोड़ की शादी दो दशक पूर्व हुई थी। शादी के बाद उसके चार पुत्री एवं एक पुत्र है। राधेश्याम दिल्ली में एक प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता था। वहां उसे एक युवती से प्रेम हो गया, जिसे वह बहला-फुसलाकर 18 फरवरी को अपने घर मुरारपट्टी लाया। पिता एवं पत्नी के पूछने पर युवती ने राधेश्याम की पत्नी होने की बात कही। इस पर परिजन आक्रोशित हो गये। गुरुवार की देर शाम राधेश्याम की पहली पत्नी दुर्गा देवी एवं युवती सलोनी के बीच मारपीट हुई। इसमें सलोनी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस राधेश्याम को हिरासत में ले लिया। वहीं, घायल युवती का दवा कराने के बाद बगल में एक के सुपुर्द कर दिया। दोकटी पुलिस ने इसकी सूचना दिल्ली पुलिस एवं सलोनी के पिता को दी है।

# गांवों को बाढ़ से बचाने को 14 परियोजनाएं स्वीकृत

**पहल**

### 98.40 करोड़ से गंगा व सरयू नदी के किनारे होगा निर्माण

**बलिया।** गंगा एवं सरयू नदी के कटान से गांवों को बचाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य होगा। इसके लिए शासन ने दोनो नदियों के किनारे पर निर्माण के लिए 14 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। 98.40 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है। नगर के बीच से होकर गुजरने वाले एनएच-31 को बाढ़ से बचाने के लिए पहले ही 13 कटर बन रहे है।

अब खोरीपाकड़ एवं माल्देपुर के सामने भी निर्माण के लिए दो और परियोजनाएं स्वीकृत हुई है। इससे 11 स्ट्रीम कटर बनाये जायेंगे। इससे नदी की धारा पूरी तरह से बिहार की तरफ चली जायेगी। माल्देपुर के सामने नदी की धारा महज 500 मीटर ही रह गई है। इसके कारण खतरा बना हुआ है। इसी स्थल पर टोंस एवं गंगा का संगम भी है। वहीं, कटान के मुहाने पर खड़े नेमछपरा एवं चैनछपरा गांव के सामने कटान रोकने के लिए सुरक्षा के कार्य कराने की स्वीकृति प्रदान की गई है। बरसात के दिनों में सरयू नदी बैरिया के गोपालनगर टाड़ी, शिवाल मठिया से लेकर बांसडीह और सिकंदरपुर तक तांडव मचाती है। पिछले वर्ष में गोपालनगर टाड़ी, शिवाल मठिया के करीब 50 पक्के मकान सरयू नदी की धारा में समा गये थे। कई हेक्टेयर उपजाऊ जमीन नदी में समाहित हो गई थी। शासन ने गोपालनगर गांव के सामने सुरक्षात्मक कार्य के लिए 3.95 करोड़ एवं शिवाल मठिया गांव के सामने कार्य के लिए 5.87 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र में भी हो रहे कटान को रोकने के लिए धनराशि जारी की गई है। बैरिया विधानसभा क्षेत्र में गंगा एवं सरयू नदी से बचाने के लिए सबसे अधिक छह परियोजनाएं स्वीकृत हुई है। इसके अलावा बांसडीह विधानसभा क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे चार कार्य होंगे। इस संबंध में बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता संजय मिश्र ने बताया कि बाढ़ के समय गंगा एवं सरयू नदी की धारा से गांव और उपजाऊ भूमि को बचाने के लिए शासन से 14 परियोजनाएं स्वीकृत हुई है।

इन परियोजनाओं पर जल्द ही कार्य शुरू हो जायेगा। बरसात से पहले कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है।

## 4.55 लाख किसानों को मिलेगा सम्मान निधि का लाभ

**बलिया।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त 24 फरवरी को जारी की जायेगी। जिले में 4.55 लाख किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जायेगी।

18वीं किस्त में 3.26 लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिला था। इस बार किसानों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर प्रशासन एवं कृषि विभाग तैयारी में जुट गया है। पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त इस बार प्रधानमंत्री द्वारा बिहारसे जारी किये जाने की उम्मीद है।

# साहित्य से समृद्ध होता है सिनेमा



दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण

**बलिया।** जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रो.संतोष कुमार सिंह ने 'हिन्दी भाषा, साहित्य एवं सिनेमा का अंतरसंबंध' विषय पर व्यक्तव्य दिया। कहा कि सिनेमा सर्वोत्कृष्ट कला माध्यम है, जिसमें विविध कलाओं का समुच्चय है। इसमें अभिनय, संगीत, नृत्य, रंगकर्म, छायांकन आदि सभी विधाओं का समेकन होता है।

कहा कि सिनेमा में हिन्दी की महत्वपूर्ण कृतियों पर अनेक फिल्मों का निर्माण हुआ है। हिन्दी एवं अन्य भाषाओं की श्रेष्ठ कृतियों पर बनी फिल्मों की एक लम्बी श्रृंखला है। साहित्य से सिनेमा समृद्ध होता है। सिनेमा में बहुत से ऐसे गीतों को पिरोया गया है, जो कि श्रेष्ठ साहित्य का दर्जा पाने के योग्य हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए शैक्षणिक निदेशक डॉ. पुष्पा मिश्रा ने कहा कि मातृभाषा बच्चों को संस्कार में प्राप्त होती है, जिसके प्रयोग से परिवार एवं समाज में संवाद स्थापित किया जाता है। बदलते दौर में इन्हें संरक्षित रखने की जरूरत है। विषय प्रवर्तन करते हुए हिन्दी विभाग के प्रभारी डॉ. संदीप यादव ने कहा कि मातृभाषा बच्चों की समझ का विकास करती है, जिसके बाद बच्चे कई भाषाएं भी सीख सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ.प्रमोद शंकर पाण्डेय, अतिथि स्वागत डॉ.अभिषेक मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ.प्रवीण नाथ यादव ने किया। इस मौके पर कुलसचिव एसएल पाल के साथ परिसर के सभी प्राध्यापक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

**बोले प्रो. संतोष सिंह**

### हिन्दी की महत्वपूर्ण कृतियों पर बनी अनेक फिल्में

## मातृभाषा की उपयोगिता पर डाला प्रकाश



**रेवती।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर गोपाल जी महाविद्यालय के हिंदी विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि के रूप में प्रबंध समिति के सदस्य तुषार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. काशीनाथ सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रा काजल यादव ने सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी। उसके उपरांत महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. श्याम नारायण ने मातृभाषा के विषय वस्तु पर समेकित प्रकाश डाला। तत्पश्चात डॉ. राम मनोहर यादव ने मातृभाषा को समाज के साथ जोड़ते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की छात्रा तृष्णा सिंह ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया। तदुपरांत हिंदी विभाग के प्रवक्ता निरंकार नाथ पाण्डेय ने हिंदी भाषा को मातृभाषा और बोली से जोड़ते हुए इसकी उत्पत्ति और वर्तमान परिदृश्य में मातृभाषा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने निर्माण कार्यों में पायी कई कमियां

**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं कार्यदायी संस्था द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों में कई कमियां पाई, जिनमें कांटेदार बाड़, पुराने जिम परिसर की मैटिंग, स्प्रिंकलर सिस्टम, माइल्ड स्टील के दरवाजे, जिम हाल के लिए मच्छरदानी की अनुपस्थिति, चेंजिंग रूम का अधूरा कार्य, ग्राउंड की मिट्टी भराई का सही न होना, प्रवेश द्वार की संपर्क सड़क का न बनाया जाना तथा शौचालय परिसर में विद्युत कनेक्शन न होना शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य 28 फरवरी तक पूर्ण किए जाएं, ताकि स्टेडियम को खेल विभाग बलिया को सौंपा जा सके। अनुबंध में उल्लिखित दंड प्रावधानों के तहत घटिया कार्य के लिए ठेकेदार पर दंड लगाया जा सकता है। राज्य सरकार द्वारा खेल स्टेडियम के विकास के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि नए जिम्नेशियम के लिए निदेशालय से आवश्यक वस्तुओं की सूची की मांग करें।



स्टेडियम का निरीक्षण करते सीडीओ

## संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज के लिए रुपये अवमुक्त होने पर वीरेंद्र सिंह मस्त खुश

**बैरिया।** बलिया में राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27 करोड़ रुपए अवमुक्त करने पर पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह मस्त ने प्रसन्नता जाहिर किया है। कहा कि मेडिकल कालेज के निर्माण से बलिया में लोगों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। वही, यहां के बच्चे मेडिकल की पढ़ाई पढ़ सकेंगे। यह काफी अच्छी बात है। इससे प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से जनपद का विकास होगा। इसके लिए योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रशंसा की पात्र है। पूर्व सांसद भरत सिंह ने योगी सरकार द्वारा बलिया में मेडिकल कालेज निर्माण के लिए 27 करोड़ रुपए का प्रावधान करने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह काफी पहले हो जाना चाहिए था। किसी सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया था। इस पर योगी आदित्यनाथ की सरकार ने ध्यान दिया। इसके लिए उनकी सरकार धन्यवाद की पात्र है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बलिया में मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27 करोड़ रुपए अवमुक्त करने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा जनपद योगी आदित्यनाथ की सरकार के प्रति आभारी रहेगा। दर्जा प्राप्त पूर्व राज्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित तारकेश्वर मिश्रा ने बलिया में मेडिकल कालेज के लिए सरकार द्वारा धन अवमुक्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। कहा कि इस सरकार द्वारा देर से लिया गया सही निर्णय है। यह कार्य और पहले हो जाना चाहिए था।

### सड़क हादसे में उप्रावि के परिचारक की मौत

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के पुरूषोत्तम पट्टी गांव के पास गुरुवार की अपरान्ह ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार एक युवा कर्मचारी की मौत हो गई। अचानक हुए हादसे की सूचना मिलते ही घर-परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के खरीद (काजीपुर) निवासी ब्रम्हजीत यादव (43) पुत्र स्व. सर्वजीत यादव शिक्षा क्षेत्र मनियर के उच्च प्राथमिक विद्यालय काजीपुर में परिचारक के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को अपरान्ह स्कूल बंद होने के बाद ब्रम्हजीत घर लौट रहे थे। वह अभी पुरूषोत्तम पट्टी गांव के पास पहुंचे थे, तभी ई-रिक्शा से उनकी बाइक में टक्कर हो गयी। हादसे में ब्रम्हजीत गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें आनन-फानन में सीएचसी सिकन्दरपुर पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि बेहतर उपचार के लिए परिजन उन्हें मऊ ले गये, जहां उनकी मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही विभागीय गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई।

### एचटी तार की चपेट में आने से किसान की मौत

**बैरिया।** सुरेमनपुर के उत्तरी दियरांचल के गोपालनगर गांव में हाईटेंशन के बिजली के तार की जद में आने से 35 वर्षीय किसान विजय यादव पुत्र गंगा यादव की मौत हो गई। घटना से गांव में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सीमा देवी सहित पूरे परिवार का रोते-रोते बुरा हाल है। घटना की सूचना पर सैकड़ों लोग जमा हो गये। बता दे कि गोपालनगर गांव में शुक्रवार को विजय यादव निर्माणाधीन मकान के लिए लोहे का सरिया मजदूरों के साथ सीधा कर रहे थे। उनके दरवाजे के सामने से हाईटेंशन का तार गया हुआ है, जो काफी नीचे लटका हुआ है। लोहे का सरिया सीधा करते समय हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। इससे विजय यादव को करंट लग गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि परिजन उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा यह जानकर ले गए कि उनकी सांसें चल रही है, किंतु वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर के थे। उन्हें तीन साल का पुत्र एवं दो साल की पुत्री है। इस घटना से पूरा गांव मर्माहत है।

### पुलिस ने वारंटी को धर दबोचा

**बलिया।** सहतवार पुलिस ने आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित एक वारण्टी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बैरिया/बांसीडह मो. फहीम कुरैशी के नेतृत्व में सहतवार पुलिस टीम को सफलता मिली है। शुक्रवार को सहतवार पुलिस क्षेत्र चेकिंग वाहन/संदिग्ध व्यक्ति में मामूर थे कि मुखबिर की सूचना पर धारा 60 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारंटी गोविन्द पासवान पुत्र स्व. शम्भू पासवान निवासी कोलेन पाण्डेय का टोला, थाना रेवती को उसके घर से हिरासत में लिया गया। पुलिस टीम में मउनि मोनी पाण्डेय, हेकां. हरिन्द्र पटेल, कां. सुरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** सुखपुरा पुलिसने धारा 137(2), 87 बीएनएस से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। शुक्रवार को पुलिस तलाश वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में मामूर थी। मूखबीर की सूचना पर अभियुक्त अजीत यादव पुत्र उमाशंकर यादव निवासी ग्राम अलावलपुर, थाना सुखपुरा को वन विहार जीराबस्ती, बलिया के पास से पुलिस हिरासत में लिया गया। पुलिस टीम में उनि विनोद कुमार सरोज, कां. महेश कुमार शामिल रहे।

### मारपीट के मामले में दो लोगों को पांच वर्ष की कैद

**बलिया।** मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में सुनवाई करते हुए सीजेएम की अदालत ने जितेन्द्र कुमार एवं बच्चालाल को दोषी करार दिया। दोनो को पांच वर्ष के साधारण कारावास और 10-10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। शहर कोतवाली में जितेन्द्र कुमार और बच्चालाल पुत्र शिवजी सोनार निवासी जापलिनगंज के खिलाफ 1992 में मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। इसकी सुनवाई सीजेएम कोर्ट में चल रहा था। अर्थदंड न अदा करने पर दोनो को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। जेल में बितायी गई सजा समायोजित हो जायेगी।

### गिरफ्तार आरोपी की रिमांड नामंजूर

**बलिया।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की एक घटना में गिरफ्तार आरोपी की रिमांड को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने नामंजूर कर दिया। अभियोजन की खामियों का लाभ आरोपी को मिला। साक्ष्य के अभाव में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बेदुआ यारपुर निवासी सत्यम गुप्त का न्यायिक रिमांड रिफ्यूज कर दिया गया। आरोपी को मुकदमे से मुक्त कर दिया गया। सिकंदरपुर थाना अंतर्गत 17 अगस्त 2024 को चाकूबाजी की घटना हुई थी। पीड़ित ने चाकू पकड़ लिया, नहीं तो उसके पेट में सीधे लगता और घायल हो जाता। वादी की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ। इसमें अखिलेश राजभर जेल में निरुद्ध है। दूसरा आरोपी गिरफ्तार हुआ तो विवेचक की कमियां अभियोजन को भुगतनी पड़ी और रिमांड रिफ्यूज हो गया।

### शिविर में 44 महिलाओं की हुई नसबंदी



**बेरुआरबारी।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को महिलाओं का निःशुल्क नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 48 महिलाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराते हुए परीक्षण कराया। इसके बाद 44 महिलाओं की नसबंदी की गई। टीम के सर्जन डा. सीपी पाण्डेय ने सभी महिलाओं की जांच की। इसमें चार महिलाओं का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण 44 की ही नसबंदी की जा सकी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. वरूण ज्ञानेश्वर ने बताया कि सीएमओ डा. विजयपति द्विवेदी के निर्देशन में नसबंदी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान अस्पताल परिसर में सभी डाक्टर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी महिलाओं एवं उनके परिजनों को अस्पताल की तरफ से चाय-नाश्ता दिया गया। नसबंदी के दो घंटे बाद सभी महिलाओं की जांच कर एम्बुलेंस से उनके घर भेजवाया गया। इस अवसर पर डा. मदुरिका, नीतू ओझा, अंजू सिंह, एलटी मुन्ना यादव, फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र सिंह, नितेश मिश्रा, बीपीएम विनय कुमार यादव, अमित पाल, रमाशंकर, राजनाथ, अरूण चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### रेणु सिंह के सिर बंधा ग्राम प्रधान का ताज




**दोकटी।** विकास खंड मुरली छपरा के ग्राम पंचायत आराजी माफी बाल गोविंद उपाध्याय के ग्राम प्रधान के लिए उपचुनाव की मतगणना भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को संपन्न हुई। उपचुनाव में रेणु सिंह ने सुनीता देवी को 39 वोटो से हराया। चुनाव अधिकारी ने उन्हें जीत का प्रमाण पत्र दिया। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुल 809 वोटों में विजयी प्रत्याशी रेणु सिंह को 287 वोट और उनकी प्रतिद्वंदी सुनीता सिंह को 248 मत मिले। इस तरह 39 वोटों से रेणु सिंह विजयी घोषित की गई। तीसरे नंबर पर राजेंद्र उपाध्याय रहे, जिन्हें 146 वोट मिले। रेणु सिंह के समर्थकों ने जीत के बाद माला पहनाया और जयकारा लगाया।

### आज वितरित होगा प्रवेश पत्र

**सहतवार।** स्थानीय नगर पंचायत के बड़ा पोखरा स्थित महतपालेश्वर हरिप्रपन्न रामानुज आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य राहुल कुमार दुबे ने बताया कि 27 फरवरी से 12 मार्च तक संचालित होने वाली बोर्ड परीक्षा पूर्व मध्यमा द्वितीय, उत्तर मध्यमा प्रथम एवं उत्तर माध्यमा द्वितीय खंड के सभी संस्थागत एवं व्यक्तिगत छात्र-छात्राओं को 22 फरवरी से प्रवेश पत्र वितरित होगा।

# स्कॉर्पियो और बस में टक्कर, 6 महिलाओं समेत 7 श्रद्धालु घायल

**मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज महाकुंभ जा रही श्रद्धालुओं से भरी स्कार्पियो की जनरथ बस से जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में स्कार्पियो में सवार 06 महिलाओं समेत 07 श्रद्धालु घायल हो गए। बिहार के बैकुंठपुर से 08 श्रद्धालु स्कार्पियो में सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ के लिए निकले थे। घोसी कोतवाली के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार स्कार्पियो का संतुलन बिगड़ गया जिससे वह सामने से आ रही जनरथ बस से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि स्कार्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जनरथ बस मऊ से गोरखपुर जा रही थी जिसमें



करीब 24 यात्री सवार थे। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात प्रभावित हो गया।स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घोसी पहुंचाया गया। घायलों में कुलकुमानी देवी, मीना देवी, मागमणि देवी, लालती देवी, हरिकिशोर, चालक चंदन और एक अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल हरिकिशोर और लालती देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

घटना के बाद घोसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने इंसानियत की मिसाल पेश की। उन्होंने कुछ घायलों को अपनी कार से अस्पताल पहुंचाया, जिससे घायलों को समय पर इलाज मिल सका।

## पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित होता है तो संबन्धित संस्था की होगी सम्पूर्ण जिम्मेदारी

**मऊ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रश्मि मिश्रा ने बताया गया कि वित्तीय वर्ष शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्रों को सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं के स्तर से तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, विश्वविद्यालय, एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा अग्रसारित किये गये डाटा की स्क्रूटनी राज्य एनआईसी राज्य इकाई लखनऊ में विभिन्न बिन्दुओं पर किया गया है, जिसमें 3962 छात्रों का डाटा संदेहास्पद (सस्पेक्ट) की श्रेणी में प्राप्त हुआ है। सम्बन्धित संस्थाओं के माध्यम से संदेहास्पद श्रेणी के छात्रों का अभिलेख कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को जमा कराया जाना है। संस्थाओं द्वारा संदेहास्पद श्रेणी के छात्रों का अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया जाता है और पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित होता है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्था की होगी।

## गुमशुदा 6 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द



**मऊ।** थाना मुहम्मदाबाद साइबर/सीसीटीएनएस टीम द्वारा माह फरवरी 2025 में थाना स्थानीय पर दर्ज गुमशुदगी को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल धारको का थाना स्थानीय पर नियुक्त साइबर व सीसीटीएनएस टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइलों को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। जिसमें 01 वनप्लस, 01 विवो, 02 ओपो, 01 इनफिनिक्स व 01 आईक्यू है। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना मुहम्मदाबाद के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

बरामदकर्ता पुलिस टीम में ओमप्रकाश यादव निरीक्षक अपराध, क.आ. संजय गुप्ता, आ. दयानाथ मौर्या, आ. लवकुश, म.आ. प्रियंका मिश्रा, म.आ. शिवानी तिवारी थाना मुहम्मदाबाद जनपद शामिल रही।

## फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर फ्रॉड की धनराशि 1 लाख 44 हजार रुपये कराया गया वापस

**मऊ।** साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए।

फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर पीडित के भाई को जेल भेजने के नाम पर की गयी फ्रॉड, पीडित मधुर लता यादव पत्नी संजय यादव निवासी नदवासराय थाना घोसी जनपद मऊ के कुल धनराशि 1,44,000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना घोसी के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है।

बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है। बरामदकर्ता पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मनोज सिंह, उ0नि0 प्रकाश कुमार, क0आ0 अरविन्द यादव, म0आ0 निशी सिंह थाना घोसी जनपद मऊ षामिल रही।

# अश्वमेघ यज्ञ कलश शोभा यात्रा मे उमड़ा आस्था का महाकुम्भ

**आस्था**

### गूंज उठी दो हरियों की पावन भूमि

### लगभग 25000 मातृभक्तों के लगाये जयकारे

### दस किमी लम्बी कलश यात्रा मे विदेशी भी हुए शामिल

**दोहरीघाट, मऊ।** सरजू तट पर बसे अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम के षष्टम अश्वमेघ महायज्ञ के कलश शोभा यात्रा में आस्था का महाकुम्भ उमड़ पड़ा। सैकड़ो वाहनों दर्जनों मनमोहक झांकियों के साथ सदगुरु महाराज के सानिध्य में निकले देशी विदेशी मातृभक्तों के सैलाब से पूरा नगर पटा रहा। अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी माध्यम से मातृभक्तों का जनसैलाब दोहरीघाट मातेश्वरी धाम से दिन मे दस बजे निकल कर नगर भ्रमण करते हुए सरयू नदी पुल से होकर समीपवर्ती गोरखपुर जिले के बड़हलगंज मे कालेज रोड अम्बेडकर चैराहा से भ्रमण कर मुक्तिपथ घाट बड़हलगंज से सरयू नदी मे मातृभक्तों द्वारा कलश में जल भरकर वापस अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम में अपने-अपने कुंड पर कलश को स्थापित किया इसी के साथ षष्टम अश्वमेघ महायज्ञ का प्रारंभ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम के षष्टम महायज्ञ के कलश शोभायात्रा में गाजा बाजा हाथी घोड़ो पर दर्जनों झांकियों में ब्रह्मा विष्णु महेश राम जानकी की झांकियों को देख लोग भावविभोर हो उठे। वही रथो पर सवार विदेशी युवतियो ने देवी के रूप मे सजकर सबको नमस्ते इण्डिया बोलकर सबका दिल जी ले रही थी वेलडन इण्डिया कहकर सबका अभिवादन कर रही थी। इस महा अलौकिक कलश शोभा यात्रा का दर्शन करने के लिये रेलवे स्टेशन से लेकर दोनो पटरी पर लोग अवलोकन कर रहे थे। वही हनुमान की गर्जना देवी देवताओ की झाकियां सबका मन मोह ले रही। जय मां के जयकारे से जहां दोनो जनपद की सीमा भक्ति मय हो गयी थी। वही सद्गुरू जी महाराज प्रधान कलश लेकर आगे चल रहे थे उनके पीछे हजारो मातृभक्त पीत धारण कर पीछे पीछे जय माता दी की जयकारो से आगे चल रहे थे कुल पांच घण्टे की कलश शोभा यात्रा पुरी तरह आकर्षण का केन्द्र रही।





### दोनों जनपद के सीओ के नेतृत्व में पुलिसकर्मी चप्पे-चप्पे रहे मौजूद

प्रभारी पुलिस क्षेत्राधिकारी घोसी थानाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों और पुरुष पुलिस कर्मियों तथा पीएसी के जवानों के साथ चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी यातायात जाम को लेकर प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद रहा उधर गोरखपुर जनपद के सीओ अनिल पाण्डेय कोतवाल चन्द्रभान सिह मय फोर्स के साथ कलश यात्रा के दौरान मौजूद रहे जैसे ही कलश यात्रा समाप्त हुई प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### दस किलोमीटर लम्बी रही कलश शोभायात्रा

अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम के षष्टम अश्वमेघ महायज्ञ के कलश शोभायात्रा कुल दस किलोमीटर के दूरी तय कर अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम के प्रांगण में आकर संपन्न हुई। जहां पर सभी मातृभक्तों ने अपने हवन कुंड के पास कलश स्थापित कर सद्गुरु के निदेर्शानुसार पूजा प्रारंभ किया इसी के साथ षष्टम अश्वमेघ महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। 10 किलोमीटर लंबे चले कलश शोभायात्रा से पूरे दिन भर 2 जनपदों मऊ के दोहरीघाट व गोरखपुर बड़हलगंज के सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहनों की लंबी-लंबी कतारें कई किलोमीटर दिखाई देने लगी सुबह से देर शाम तक प्रशासन जाम को समाप्त करवाने में अपनी भूमिका निभाता रहा।

### विश्व शान्ति के लिये अश्वमेघ महायज्ञ : सद्गुरु

कलश शोभायात्रा के दौरान सद्गुरू जी ने कहा यह महायज्ञ पुरे विश्व की शान्ति के लिये है यह हमारी सनातन संस्कृति है जो इस यज्ञ मे शामिल है निश्चित ही मां उनके कष्ट हर लेती है। यह यज्ञ मानवता का संदेश देने के लिये है आप सब लोग इस महायज्ञ मे दो आहूति देकर पुण्य के भागी बने।

# ट्रेनों में सवार होने के लिए धक्कामुक्की कर रहे यात्री

**बलिया।** प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करने हर कोई जा रहा है। कोई ट्रेन से जा रहा है तो कोई बस या अन्य साधन से महाकुंभ पहुंचने में लगा हुआ है। महाकुंभ जाने के लिये बलिया रेलवे स्टेशन पर इस समय जमकर भीड़ हो रही है। लोग अपने परिवार एवं मित्रों के साथ प्रयागराज जा रहे है। ऐसे में ट्रेनों पर चढ़ने के लिए लोगों में होड़ मची हुई है। बलिया रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करने के लिए जा रहे है। यात्रियों से खचाखच भरे ट्रेनों की बोगियों में लोग सवार होने के लिए धक्का मुक्की करते नजर आ रहे है। ट्रेन पकड़ने के लिए लोग एक-



दूसरे की परवाह भी नहीं कर रहे है। आलम यह है कि ट्रेनों में लोगों को बैठने तक की जगह नहीं मिल रही है। स्टेशन प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि ट्रेन के आगमन को लेकर पूर्व से एलाउंस कर जानकारी दी जा रही है। सुरक्षा को लेकर रेलवे पुलिस व रेलकर्मी लगातार लगे हुए है।

## छपरा-सूरत व सारनाथ एक्सप्रेस निरस्त

**बैरिया।** महाकुंभ मेला के परिपेक्ष में प्रयागराज जंक्शन में संटिंग एवं रिवल्सर से बचने के लिए 21 से 23 फरवरी तक छपरा-सूरत एक्सप्रेस को रेलवे प्रशासन ने निरस्त कर दिया है। वही, छपरा से दुर्ग चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को भी निरस्त कर दिया गया। इन ट्रेनों के निरस्त होने के संदर्भ में पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी वाराणसी अशोक कुमार ने बताया है कि रेलवे के वरिष्ठतम अधिकारियों के निर्देश पर इन दोनों ट्रेनों के साथ-साथ अन्य कई ट्रेनों को निरस्त किया गया है। उक्त दोनों ट्रेन छपरा, सुरेमनपुर, बलिया के रास्ते अपने गंतव्य को जाती है। पहले से सूचना नहीं प्राप्त होने के कारण सुरेमनपुर रेलवे से शुक्रवार को सैकड़ों यात्री बैरंग वापस लौटने को मजबूर हो गए। बलिया जाने वाले लोगों को भी उक्त दोनों ट्रेनों के निरस्त होने से असुविधा का सामना करना पड़ा।

# छात्रों ने लगाया वसूली का आरोप

**बैरिया।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा आगामी 24 फरवरी से आरंभ होने वाली है। क्षेत्र के कुछ विद्यालयों द्वारा अब अवैध वसूली जारी हो गई है। इस संबंध में इंटरमीडिएट के छात्र विनायक पांडेय, अनुराग पाण्डेय, राजवीर तिवारी सहित लगभग एक दर्जन छात्रों ने आरोप लगाया है कि दिव्याभा इंटर कालेज श्रीपालपुर से प्रवेश पत्र देते समय 1500 रुपये की वसूली की जा रही है। इससे छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। छात्रों का कहना है कि यह शुल्क अगर कोई छात्र देने से मना करता है तो उसे प्रवेश पत्र देने से मना कर दिया जाता है। जब इसका विवरण मांगा जाता है तो विद्यालय द्वारा बताया जाता है कि प्रैक्टिकल की कापी के लिए 1000 एवं प्रैक्टिकल फीस के लिए 500 रुपये प्रति छात्र अनिवार्य रूप से देना है। उसी के लिए पैसा वसूला जा रहा है। विनायक कुमार पांडेय ने बताया कि मुझसे 1200 रुपया पहले जमा कराया गया था।

जब प्रवेश पत्र लेने गया तो मुझसे 300 रुपये और जमा करने की बात कही गई। इस पर अपने भाई के मोबाइल से प्रधानाचार्य के मोबाइल पर 300 रुपये डालने के बाद मुझे प्रवेश पत्र दिया गया। जब विद्यालय के प्रधानाचार्य से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने बात करने से इनकार करते हुए कहा कि मैं विद्यालय से बाहर हूं। इस संबंध में बाद में बात होगी।

# तहसील पर जारी रहा आगसा का धरना





धरने को संबोधित करते कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के नेतृत्व में गोंड समुदाय के छात्र नौजवानों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर मॉडल तहसील में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 26वें दिन भी जारी रहा।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि शासनादेश होते हुए भी गोंड को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र न जारी किया जाना घोर अराजकता है। यह शासनादेश की अवमानना है। जिले के हर विद्यालयों, महाविद्यालयों में गोंड समुदाय के हजारों के छात्र पढ़ते हैं।

गोंड छात्र नौजवानों का जाति प्रमाण पत्र जारी कर इनके साथ सामाजिक एवं संवैधानिक न्याय किया जाना चाहिए। हम इनके धरना का समर्थन करते है। इस अवसर पर अरविन्द गोंडवाना, संजय गोंड, सुरेश शाह, मनोज शाह, श्रीपति गोंड, विक्रम गोंड, रामनारायण गोंड, रघुनाथ गोंड, कुंजबिहारी राम, वकील गोंड, विनोद गोंड, दीपक गोंड, मंजिश गोंड, अवधेश गोंड, संतोष गोंड, धनंजय कुमर, नंदन गोंड, अंकित गोंड, संजीत भारती, कृष्णकांत गोंड, शिवशंकर गोंड आदि मौजूद रहे।

## कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बलिया।** सिकन्दरपुर पुलिस ने कच्ची शराब की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर गौरव कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को सिकंदरपुर पुलिस ने मूखबीर की सूचना के आधार पर ग्राम जमुई मठिया तिराहे के पास से शिवचन्द बिन्द पुत्र मोहन बिन्द निवासी लिलकर, थाना सिकन्दरपुर को हिरासत में ले लिया। उसके कब्जे से प्लास्टिक की जरिकेन में से लगभग 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद हुआ। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। सिकंदरपुर थाने में उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विकास चन्द पाण्डेय, उनि वसीमुद्दीन खान, कां. कृष्णा चौधरी, कां. अमित पटेल शामिल रहे।

# एसपी ने पुलिस कर्मियों संग लगायी दौड़

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के साथ ही परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों के साथ एसपी ने दौड़ भी लगाई। अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया।

एसपी ने पुलिस कर्मियों को आपात स्थिति से निपटने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए दंगा निरोधक उपकरणों का जायजा लेते हुए उनके रख-रखाव व क्रियाशीलता के बारे में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिस कर्मी सम्मिलित हुए। इसके साथ ही एसपी ने यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण कर उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख तथा कुशल संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## महिलाओं-बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**बलिया।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत बलिया पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को को जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों, कस्बों, मंदिरों, स्कूलों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व आत्मरक्षार्थ संबंधी जानकारी दी गई। वहीं, शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर जैसे-1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देने के साथ ही पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

## गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलेफेयर की बैठक संपन्न

**बलिया।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की मासिक बैठक वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित पेंशनर्स भवन में रामजी सिंह की अध्यक्षता में हुई। अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने लखनऊमें हुए द्विवार्षिक अधिवेशन के बारे में विस्तार से चर्चा किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां गठित पेंशनर्स प्रकोष्ठ में मुख्य रूप से पीएन श्रीवास्तव, बलभद्र प्रसाद एवं राम अवतार राय के मामले पर कार्यवाही किए जाने की बात रखी गई, जिस पर त्वरित कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया। पिछले कार्यों की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर केके शर्मा, फतेहचंद बेचैन, सुरेंद्र दुबे, रामअवतार राय, राधाकृष्ण, दशरथ यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन अरुण कुमार सिंह ने किया।

## संक्षेप

### दर्द से छटपटा रहे यात्री के लिए मसीहा बने मुख्य टिकट निरीक्षक

**मऊ।** वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान के निर्देशन में श्रद्धालुओं व यात्रियों की सकुशल सुरक्षित यात्रा व उनकी सेवा के क्रम में शुक्रवार को बलिया जाने के यात्री हाल में प्रतीक्षारत यात्री जिला वैशाली (बिहार ) निवासी बब्बन प्रसाद उम्र26 वर्ष की अचानक तबियत विगड़ी ,उनके पेट में



बहुत तेज दर्द शुरू हुआ और वह फर्श पर गिरकर छटपटाने लगे जिसे सफाई कर्मी आफताब ने देख पुलिस बूथ पर कार्यरत कांस्टेबल व मुख्य टिकट निरीक्षक राम प्रभाव यादव को सूचित किया, सूचना पाते ही तुरंत रेलवे डॉक्टर व एम्बुलेंस बुलाकर ,उक्त यात्री को फ्ध्क्र कांस्टेबल प्रदीप सिंह के साथ सदर अस्पताल भेजवाया गया और उनके परिजन जो बलिया में रहते हैं उन्हें सूचित किया गया इमरजेंसी वार्ड में बेड नम्बर 4 पर उक्त यात्री तुरंत इलाज पा कर राहत महसूस किया और रेल की त्वरित सेवा के लिये बहुत ही आभार व्यक्त किया।

### दीवानी न्यायालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मऊ।** जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को दीवानी न्यायालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी के सहयोग से किया गया। उक्त शिविर में वादकारीगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं अधिकारीगण का स्वास्थ्य सम्बंधी विभिन्न प्रकार के परीक्षण किये गये। अपर जनपद न्यायाधीश बाकर शमीम रिजवी ने बताया कि प्रत्येक माह के तृतीय शुक्रवार को जनपद न्यायालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा जिससे वादकारीयो, कर्मचारीयों, अधिवक्तागण एवं न्यायिक अधिकारीगण के स्वास्थ्य सम्बंधी समुचित देख-रेख सुनिश्चित हो सके।

### शादी अनुदान योजना का लाभ पाने के लिए करें आवेदन

**मऊ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना में पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ करते हुए अनुसूचित जाति हेतु 114 एवं सामान्य वर्ग हेतु 55 का भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को एकमुश्त रू0 20 हजार की धनराशि दी जाती है। इस योजना के अन्तर्गत पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लाभार्थी को लाभान्वित किया जाता है। योजना का लाभ पाने के लिए जनपद के समस्त सम्मानित अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्ति अपनी पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान के लिए वेबसाइट पर शादी की तिथि निश्चित होने से तीन माह पूर्व तथा शादी होने के तीन माह के अन्दर आनलाइन आवेदन करने के उपरान्त समस्त संलग्नकों सहित ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत व्यक्ति अपने विकास खण्ड तथा शहरी क्षेत्र में निवासरत व्यक्ति अपने तहसील कार्यालय में जमा कर दें ताकि योजना का लाभ दिया जा सके।

### पीआरडी जवान को दी गयी भावभीनी विदाई

**बलिया।** विकास भवन के पीआरडी कार्यालय पर शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश चौहान ने सेवानिवृत्त पीआरडी जवान कन्हैया चौबे को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने कहा कि श्री चौबे ने अपने कार्यकाल में पूरी ईमानदारी और लगन से काम किया है। इस अवसर पर बीओ अमित चौहान, चंदन सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह, शरद यादव, विष्णु प्रताप सिंह, नंदलाल यादव, भोला प्रसाद, अशोक, मेराज, संतोष, विजेंद्र आदि मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने पीआरडी श्री चौबे के स्वस्थ व दीर्घ जीवन की कामना के साथ भावभीनी विदाई दी।

### कल डेढ़ घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बलिया।** 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र बलिया पर अनुरक्षण कार्य 23 फरवरी को पूर्वाह्न 10 से 11.30 बजे तक प्रस्तावित है। इसके कारण 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र बलिया से पोषित 33 केवी 23 फरवरी को लगभग डेढ़ घंटे तक बाधित रहेगा। इसके तहत सिविल लाइन, हास्पिटल, सुखपुरा, फेफना की विद्युत आपूर्ति 23 फरवरी को पूर्वाह्न 10 से 11.30 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी उपखंड अधिकारी ने दी है।

### छात्रवृत्ति का संदेहास्पद डाटा सुधारने का निर्देश

**बलिया।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने कक्षा 11 एवं 12 के छात्रवृत्ति का संदेहास्पद डाटा 22 फरवरी तक हर हाल में सुधारने का निर्देश दिया है। इसके लिए सभी प्रधानाचार्य को पत्र भी जारी किया है। बताया कि लखनऊमुख्यालय से स्कूटनी के बाद जिले में 5891 संदेहास्पद डाटा उपलब्ध हुआ है। संदेहास्पद डाटा शिक्षण संस्थानों के लागिन पर सुधार हेतु उपलब्ध करा दिया गया है। कहा कि विद्यालयों की तरफ से तत्काल डाटा उपलब्ध नहीं कराने पर छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे।

### अवकाश प्राप्त लेफ्टिनेंट के निधन पर शोक

**बैरिया।** क्षेत्र के टोला सेवक राय निवासी भारतीय नौसेना के अवकाश प्राप्त आनरेरी लेफ्टिनेंट राजेश्वर सिंह (84) का निधन गुरुवार को उनके पैतृक आवास टोला सेवक राय में हो गया। उनके निधन की सूचना पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक प्रकट किया है। उनके अग्रज पूर्व प्रधानाचार्य रणजीत सिंह ने बताया कि राजेश्वर सिंह भारतीय नौसेना के बहादुर आफिसर थे। उन्होंने सन् 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग लेकर अहम भूमिका निभाई थी और भारतीय नौसेना के विभिन्न महत्वपूर्ण मोर्चा पर उन्होंने सेवा दिया है। उनके निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** फेफना पुलिस ने दुष्कर्म से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। फेफना पुलिस क्षेत्र में मासूर थी। गुरुवार को धारा 64 (2)(उ), 351(2) बीएनएस बनाम राहुल पासवान पुत्र सुग्रीव पासवान निवासी एकौनी, थाना फेफना को मुखबिर की सूचना के आधार पर एकौनी तिराहा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजय कुमार त्रिपाठी, हेकां. रत्नाकर सिंह, कां. मधुकर उपाध्याय, मकां. बैजंती चौहान शामिल रहे।

### अभियुक्त को 10 दिन का साधारण कारावास

**बलिया।** पुलिस महानिदेशक उप्र, लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में मानिटरिंग सेल एवं अभियोजन शाखा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप धारा 353 आईपीसी के मामले में ग्राम न्यायालय सिकन्दरपुर द्वारा दोषी करार देते हुए एक अभियुक्त को 10 दिवस का साधारण कारावास एवं 500/-रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। शुक्रवार को अभियुक्त अजीत कुमार सिंह पुत्र भीष्मदेव सिंह निवासी खड़सरा, थाना खेजुरी को ग्राम न्यायालय सिकन्दरपुर द्वारा धारा 353 भादवि में दोषसिद्ध पाते हुए 10 दिवस का साधाराण कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्त को दो दिवस का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में घुसी कार, चार तीर्थयात्रियों की मौत

**दर्दनाक हादसा**

**वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर बिरनो थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में गुरुवार की देर रात्रि भीषण सड़क हादसा**

**प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर बिहार के पूर्णिया लौट रहे थे तीर्थयात्री**



वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर मिर्जापुर में हादसा के बाद घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस में ले जाते लोग व मौके पर पुलिस टीम।

**बिरनो।** वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाइवे पर बिरनो थाना क्षेत्र के मिजार्पुर में गुरुवार देर रात्रि भीषण सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर बिहार के पूर्णिया लौट रहे तीर्थयात्रियों की कार गिट्टी लदे सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर से पीछे से घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल चालक को जिला अस्पताल भेजवाया, जहां इलाज चल रहा है। मृतकों में दो महिलाएं और दो युवक थे। बिहार प्रांत के पूर्णिया जिले के पांच लोग कार से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए बुधवार को घर से निकले थे। सभी लोग कुंभ स्नान कर गुरुवार को वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच कार चालक को वाराणसी- गोरखपुर फोरलेन पर गाजीपुर जिले के बिरनो थाना क्षेत्र के मिजार्पुर के पास झपकी आ गई। सड़क किनारे गिट्टी लदे ट्रेलर जाकर कार घुस गई। भीषण हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना के बाद पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। इस हादसे में चार तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

हादसा प्रथम दृष्टया चालक के झपकी आने के कारण हुआ है। हादसे की जानकारी मिलते ही कासिमाबाद क्षेत्राधिकारी अनिल चंद्र तिवारी, सदर एसडीएम मनोज कुमार, बिरनो और जंगीपुर पुलिस मौके पर पहुंचे।

### सड़क किनारे खड़े ओवरलोड वाहनों से हो रहे हादसे

घटनास्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक बिरनो थाना क्षेत्र में फोरलेन सड़क के किनारे ओवरलोड खड़ी ट्रक और ट्रेलर के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। सड़क किनारे खड़ी वाहनों से दर्जनों हादसे हो चुके हैं।

### सड़क हादसे में मृतक

मृतकों में डॉ. सोनी यादव (30 वर्ष) पत्नी डॉ. मुकेश यादव (पूर्णिया, बिहार), गायत्री देवी (45 वर्ष), विपिन मंडल (40 वर्ष) (पूर्णिया बिहार),दीपक झा (38 वर्ष) पुत्र अरविंद झा , ग्राम जमुआ जिला अररिया शामिल हैं।जबकि चालक सलाउद्दीन (40 वर्ष), पुत्र मोहम्मद हातिम गंभीर रूप से घायल हुआ है।

### जेसीबी से निकाला गया शव

हादसा इतना भीषण था कि जिसका इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है,, ट्रेलर में फंसे कार में शवों को निकालने के लिए जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद लेनी पड़ी। तीन घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे शवों को निकाला गया।

### चालक को आई झपकी

बताया जा रहा है, चालक सलाउद्दीन को रास्ते में नींद आने के बाद गाड़ी चलाने का जिम्मा दीपक झा ने लिया, जो मृतका डॉ. सोनी यादव के नर्सिंग होम में कर्मचारी था। घायल दीपक झा का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जहां हालत गंभीर बनी हुई है।

### सांसद पप्पू यादव की भांजी डॉक्टर सोनी की मौत

हादसे में मृतका डॉक्टर सोनी यादव बिहार प्रांत के पूर्णिया जिले के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की मुंहबोली भांजी बताई जा रही है। सांसद ने सोशल मीडिया पर शोक संवेदना जताई है।

## स्कॉर्पियो का टायर फटने से महिला सहित दो की मौत, छह घायल



**नंदगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुसम्ही कला फोरलेन पर वृहस्पतिवार दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे कुंभ स्नान कर वापस घर जाते समय स्कार्पियो का दाहिना टायर फटने से स्कार्पियों अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पुलिया में जाकर टक्कर मार दिया। जिससे गाड़ी में सवार 5 महिला सहित 8 लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहाँ इलाज के दौरान एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार बिहार छपरा थाना मुफसशील निवासी शशिकांत सिंह अपने परिवार व रिश्तेदार के साथ प्रयागराज कुम्भ स्नान कर अपनी स्कार्पियो से वापस घर जा रहे थे कि नंदगंज के कुसम्ही कला हाइवे के पास स्कार्पियों का आगे का दाहिना टायर फट गया और डिवाडर से टकराकर पुलिया में जा टकराया। टक्कर के बाद स्कोर्पियो में सवार शशिकांत सिंह 58, बबीता सिंह 40, अर्जुन सिंह 25, सलोनी सिंह 24, गीता सिंह 45, रीता देवी 65, सुशीला देवी 70 और समर सिंह 12 घायल हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस द्वारा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहाँ इलाज के दौरान बबिता और अर्जुन सिंह की मौत हो गई। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि शव को कब्जे में करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।

**हादसा**

**बिहार निवासी महाकुंभ से स्नानकर लौट रहे थे, कुसम्ही कला के पास हादसा**

## अठारह नकलची भावी गुरु जी धराए कॉलेज प्रशासन ने किया रेस्टीकेट



गोराबाजार पीजी कॉलेज में बीएड परीक्षा के दौरान जांच करते प्रार्चाय प्रो.राघवेंद्र पाण्डेय।

**गाजीपुर।** गोराबाजार पीजी कॉलेज में बीएड परीक्षा में 18 नकलची धराएं। जिसके बाद जांच टीम ने सभी नकलचियों को तत्काल रिस्टीकेट कर दिया। पीजी कॉलेज में शुक्रवार को बीएड प्रथम सेमेस्टर के तृतीय प्रश्न पत्र की परीक्षा में कॉलेज प्रशासन की जांच दल ने 18 परीक्षार्थी को नकल करते हुए पकड़ लिया । सभी परीक्षार्थियों की जांच में नकल सामग्री पाए जाने पर तत्काल रिस्टीकेट कर दिया गया। गाजीपुर के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 बीएड महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई। पीजी कालेज केंद्र पर परीक्षा में कुल पंजीकृत 1577 परीक्षार्थियों में 1540 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। प्राचार्य प्रोफे. (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखा जा रहा है। परीक्षा के दौरान सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा कक्षों की गहन जांच के दौरान 18 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गये।

जांच टीम में प्रो. (डॉ.) एस. डी. सिंह परिहार, प्रो. (डॉ.) एस.एन. सिंह, प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार यादव, डॉ. राम दुलारे, डॉ. योगेश, डॉ. गोपाल यादव, डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह जैसे सदस्य शामिल थे।

## चाकू के बल पर महिला से जेवरात छिनैती

**दुल्लहपुर।** थाना क्षेत्र में चोरों ने एक महिला को निशाना बनाया। थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित जमसडा ग्राम में यह घटना हुई। पीड़िता के अनुसार रात करीब एक बजे दो अज्ञात चोर पन्नू यादव के घर भैंस चोरी करने पहुंचे। उनकी पत्नी धरमिला यादव मुख्य द्वार पर खटिया पर सो रही थीं। चोरों के आने पर वह जाग गईं।एक चोर ने धरमिला के गले पर चाकू सटा दिया। दूसरा चोर भैंस को खोलने का प्रयास करने लगा। महिला ने विरोध किया तो चोरों ने अपनी योजना बदल दी। उन्होंने महिला के गले से मंगलसूत्र, कान से सोने का झाला और पैरों से पायल छीन ली।पीड़िता ने बताया कि वह मदद के लिए आवाज लगाना चाहती थी। लेकिन गले पर चाकू लगा होने के कारण डर के मारे चुप रही। क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ दिनों में कई भैंस चोरी की वारदातें हो चुकी हैं।स्थानीय किसान और दुकानदार इन घटनाओं से परेशान हैं। पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। इस संबंध में दुल्लहपुर थानाध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है। मामला संदेहास्पद है। जांच किया जा रहा है जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि मामला क्या है।

## स्कॉर्पियो व कार में आमने सामने टक्कर, सात घायल

### सभी की स्थिति नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर

**दुर्घटना**

**प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर स्कॉर्पियो से लौट रहे थे बलिया निवासी**

जनसंदेश न्यूज



महरोड गांव के पास हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के महरोड गांव के पास बीती रात कासिमाबाद रसड़ा मार्ग पर स्कॉर्पियो और कार के आमने-सामने टक्कर में कुल सात लोग बुरी तरह घायल हो गए । सभी घायलों को ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासिमाबाद ले गए। जहां सभी की स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी अनुसार उमा शंकर सिंह निवासी पकड़ी जनपद बलिया अपने पत्नी मुन्नी सिंह के साथ कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे। वापसी में गुरुवार की देर रात महरोड गांव के पास निमार्णाधीन पुलिया के कार्य होने के कारण बगल से बने कच्चे रास्ते पर स्कॉर्पियो जैसे ही घूमी है सामने से आ रहे कार ने टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए ।इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो में सवार मुनि सिंह के अलावा रीना सिंह 50 वर्ष पत्नी बृजेश सिंह, फूल कुमारी 55 वर्ष पत्नी संजय सिंह, जितेंद्र सिंह 50 वर्ष पुत्र मुखराम सिंह, रोहित सिंह उम्र 12 वर्ष पुत्र जितेंद्र सिंह एवं बीनू सिंह पत्नी बृजेश सिंह सभी गंभीर रूप से घायल हो गए ।वहीं दूसरी तरफ कार चालक उदय शंकर सिंह यादव निवासी शक्कर पुर कला थाना बरेसर गंभीर रूप से घायल हो गए।भीषण टक्कर की आवाज सुनकर आसपास ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देते हुए सभी घायलों को कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया जहां सभी की स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया । जहां सभी की हालत गंभीर बनी हुई है।

### तहरीर मिलने पर होगी कार्रवाई

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि घटना से संबंधित जानकारी है अभी तक तहरीर नहीं मिली है मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### दुल्लहपुर बाजार में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

**दुल्लहपुर।** स्थानीय बाजार में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुमंत कुमार मिश्र के नेतृत्व में टीम ने किराना व्यवसाई अजय गुप्ता की राजेश मसाला एजेंसी का निरीक्षण किया।टीम ने दुकान से 6 अलग-अलग खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इनमें बेसन, अम्मा गोल्ड ब्रांड, राजेश मसाला, धनिया, हल्दी और सॉस शामिल हैं। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कनौजिया, गुलाबचंद गुप्ता, राजीव कुमार और अरविंद यादव भी मौजूद रहे।टीम करीब 2 घंटे तक बाजार में रही। इस दौरान बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और एक-दूसरे से जानकारी लेते रहे कि आखिर खाद्य सुरक्षा अधिकारी इतनी देर तक क्यों रुके हैं। टीम के जाने के बाद ही दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

### जनधन खाताधारकों को रुपे कार्ड से आच्छादित किया जाएः डीएम

**गाजीपुर।** तिमाही की डीसीसी/डीएलआरसी तथा विशेष जिला सलाहकार उपसमिति की बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में दिसम्बर, 2024 तक की प्रगति की समीक्षा की गयी। जिसमें, ऋण जमानुपात, वित्तीय समावेशन एवं जिले में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जनपद के जमानुपात में अपेक्षित वृद्धि के लिए ऋण जमानुपात बढ़ाने हेतु बैंकों को ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं संबन्धित आवेदनों को अतिशीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी जनधन खाताधारकों को रूपे कार्ड से आच्छादित किया जाये। जिले में एनपीए की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गयी। अग्रणी जिला प्रबन्धक ने सदन को आश्वस्त किया कि सभी बैंकर्स मिलकर विभिन्न योजनाओं हेतु निर्धारित लक्ष्य को अवश्य पूर्ण करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अग्रणी जिला प्रबन्धक पीयूष सिंह परमार, आर बी आई के अग्रणी जिला अधिकारी श्रवण कुमार राम, डीडीएम नाबार्ड शुशील कुमार सभी बैंक समन्वयक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रेन में युवक जहरखुरानी का शिकार,सामान गायब

**कासिमाबाद।** कोतवाली थाना खजूरगांव गांव मठिया निवासी आकाश चौहान 20 वर्ष जहर खुरानी का शिकार हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य कासिमाबाद भर्ती कराया जहां स्थिति में सुधार बताया जा रहा है।कोतवाली थाना क्षेत्र के खजूरगांव मठिया गांव निवासी नागेंद्र चौहान का पुत्र आकाश चौहान उम्र 20 वर्ष अहमदाबाद अपने चाचा के पास गया हुआ था। जहां से मंगलवार को ट्रेन से घर आ रहा था कि रास्ते में जहर खुरानी का शिकार हो गया। बतौर युवक के पिता नागेंद्र चौहान ने बताया कि गाजियाबाद से एक लड़के का फोन आया कि आपका लड़का आकाश चौहान जहर खुरानी का शिकार हो गया है। इसका सभी सामान गायब है। मोबाइल अनुसार उसका नाम पता निकाल कर सूचना दिया जा रहा है। इसके बाद दोनों युवक आकाश को लेकर दूसरी ट्रेन से बनारस स्टेशन पहुंचे। बुधवार को परिजन देर शाम को बनारस स्टेशन पहुंचकर आकाश को घर ले आए तथा शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासिमाबाद में चिकित्सक को दिखाकर भर्ती कराया। नागेंद्र चौहान ने बताया कि पहले से स्थिति में सुधार है। चिकित्सकों ने आराम करने का सलाह दिया है इस घटना से परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### चोरियों का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

**नगसर।** स्थानीय स्टेशन बाजार में बुधवार की रात को राजाराम के पान की गोमती तोड़कर हजारों के सामान चोर चुरा ले गए। जब लोग जगे तो गुमटी टूटी देखकर लोग अवाक रह गए और दुकानदार को सूचना दिया। इसकी जानकारी तत्काल थाना में दिया गया। स्थानीय बाजार में चर्चा है कि थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी और थाना के 50 मीटर के अंदर चोरी होने से सामान्य दुकानदार और ग्रामीण किसी बड़ी अनहोनी होने के डर से भयभीत हैं। मालूम? हो कि इसके पहले भी नगसर नेवाजुराय में सोलर पैनल पम्पिगसेट का चोरी बीते साल 12 दिसंबर की रात में नुरपुर प्राथमिक विद्यालय में चोरी 17 जनवरी की रात में , गगरन में दुर्गा मंदिर में चोरी 26 जनवरी की रात में, तेतरी देवी के किराना दुकान में 2 फरवरी की रात में चोरी हो चुकी है। मगर आज तक इसका खुलासा नहीं हो सका है।नगसर प्रभारी निरीक्षक बिन्द कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है जल्दी ही मामले का जांच कर चोरी का पदार्फाश किया जाएगा।

### ऋषिकेश राय बने हसनपुरा के प्रधान

**रेवतीपुर।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के हसनपुरा ग्राम प्रधान के उपचुनाव की मतगणना शुक्रवार की दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हो गया। जिसमें ऋषिकेश राय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राम अवध को एकतरफा मुकाबलें में 221 मतों से पराजित कर प्रधान पद का उपचुनाव जीत लिया। इसके उपरांत विजेता प्रत्याशी ऋषिकेश राय को रिटर्निंग अधिकारी/जिला क्रीडा अधिकारी अरविन्द सिंह यादव ने जीत का प्रमाण-पत्र दिया। इस जीत की जानकारी मिलते ही नवनिर्वाचित प्रधान ऋषिकेश के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लोगों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया।इस मतगणना में नवनिर्वाचित प्रधान ऋषिकेश राय को 621 मत,राम अवध को 400 जबकि तीसरे प्रत्याशी को महज 21 वोट मिला। जबकि 24 मतपत्र अवैध पाए गये। इस जीत का जश्न एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया। इधर पुलिस ने कडी सुरक्षा में नवनिर्वाचित प्रधान ऋषिकेश राय को सुरक्षित उनके घर पहुंचा दिया। रिटर्निंग अधिकारी अरविन्द सिंह यादव ने बताया कि मतगणना सकुशल सम्पन्न हो गई। जिसके बाद विजयी प्रत्याशी को जीत का प्रमाण-पत्र दे दिया गया। सुरक्षा की दृष्टिगत एसडीएम लोकेश कुमार,प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय,एलआईयू उपनिरीक्षक दीपक कुमार,बीडीओ जमालुद्दीन,एसडीओ शशिप्रकाश,विनीत राय आदि मौजूद रहे।

### नीतू राय को उपचुनाव में मिली सफलता

**भांवरकोल।** ग्राम पंचायत कनुवान उपचुनाव का परिणाम शुक्रवार को मतों की गणना के बाद घोषित कर दिया गया। ग्राम प्रधान पद के लिए पड़े मतों की गणना भांवरकोल ब्लॉक परिसर में भारी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे से शुरू हुई। विजय प्राप्त करने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने नवनिर्वाचित प्रधान नीतू राय पत्नी स्वर्गी जितेंद्र नाथ राय को प्रमाण-पत्र दिया। ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में ब्लॉक मुख्यालय सभागार में मतगणना हुई। इसमें नीतू राय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विजय शंकर राय को 50 मतों से पराजित किया। नीतू राय को 994 मत मिले जबकि विजय शंकर राय को 944 मत प्राप्त हुए। वहीं जयराम को 15 मत प्राप्त हुए। मतगणना के दौरान अवैध पाए जाने पर 46 मतों को रद्द किया गया। गांव में कुल 1999 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन अधिकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनुराग पाण्डेय, सहायक निर्वाचन अधिकारी एडीओ आइएसबी राजेंद्र कुमार की देखरेख में मतगणना शुरू हुई। पूरी मतगणना प्रक्रिया में उप जिलाधिकारी डा. हर्षिता तिवारी सेक्टर मजिस्ट्रेट भगवान पाण्डेय सहायक विकास अधिकारी पंचायत सूर्यभानु कुमार राय तथा थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी सदल बल मौजूद रहे।

## उड़ाका दल टीम ने 15 नकलचियों को पकड़ा

**जमानियां।** स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में कुल 15 नकलचियों को आंतरिक उड़ाका दल टीम ने रेस्टीकेट किया। केंद्राध्यक्ष प्रो श्रीनिवास सिंह ने बताया कि पंजीकृत 737 छात्रों के सापेक्ष 728 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए 09 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। ध्यातव्य है कि इस महाविद्यालय को क्षेत्रीय नौ बीएड कॉलेजों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। तलाशी अभियान में सहायक केंद्राध्यक्षगण प्रो अखिलेश कुमार शर्मा 'शास्त्री' प्रो अरुण कुमार डॉ संजय कुमार सिंह आंतरिक उड़ाका दल डॉ नीतू सिंह मनोज कुमार सिंह ने 15 शिक्षार्थियों को अनुचित साधन प्रयोग करते हुए पकड़ा जिन्हें रेस्टीकेट किया गया।

कक्ष परिप्रेक्षकगण डॉ अखिलेश कुमार जायसवाल डॉ अरुण कुमार सिंह डॉ कंचन कुमार राय बिपिन कुमार सौरभ कुमार सिंह डॉ महेंद्र कुमार आदि ने परीक्षा संपादित कराने में कक्ष परिप्रेक्षक की भूमिका निभाई ।

## 8308 छात्रवृत्ति आवेदन पत्रक संदिग्ध



**गाजीपुर।** शैक्षिक सत्र 2024-25 में पिछड़ी जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 के छात्र/छात्राओं द्वारा भरे गये छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों के डाटा का स्कूटनी मुख्यालय लखनऊ द्वारा की जा चुकी है एवं स्कूटनी में सस्पेक्ट (संदिग्ध) पाये गये 8308 डाटा को सीधे छात्र/छात्राओं एवं सम्बन्धित विद्यालयों के लॉगिन पर परीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया गया हैं। विभिन्न कारणों से सस्पेक्ट डाटा से सम्बन्धित वांछित अभिलेख विद्यालयों द्वारा प्रमाणित करते हुए कार्यालय पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग शुक्रवार तक उपलब्ध कराया जाना है, ताकि ऐसे डाटा पर विचार करते हुए उनको नियमानुसार छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा सस्पेक्ट डाटा को वेरीफाई/रिजेक्ट करते हुए डिजीटली लॉक किया जा सकें। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त कक्षा 11-12 के विद्यालयों को निर्देशित किया है कि 8308 सस्पेक्ट डाटा के पिछड़ी जाति छात्रों से सम्बन्धित वांछित अभिलेखों को कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, गाजीपुर में जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा सस्पेक्ट छात्रवृत्ति डाटा वाले छात्रों को अपात्र मानते हुए नियमानुसार रिजेक्ट कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था का होगा।

## नौ नकलची धराए

**सादात।** समता पीजी कॉलेज पर शुक्रवार को बीएड परीक्षा में 09 नकलची परीक्षार्थी धरे गए। जिन्हें रिस्टीकेट कर दिया गया। केंद्राध्यक्ष प्रो. अजय शुक्ल ने बताया कि समता पीजी कालेज केंद्र पर कुल 1226 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। परीक्षा में सख्ती के चलते 67 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने में प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह यादव, डॉ. प्यारेलाल यादव, डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र और आंतरिक उड़ाका दल में डॉ. नीलम पाण्डेय और डॉ. जेपीएन यादव लगे हुए हैं। उधर बापू महाविद्यालय सादात केंद्र के केंद्राध्यक्ष डा. त्रिवेणी सिंह ने बताया कि यहां पंजीकृत 1026 में से 45 परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ दिए।

## स्काउटिंग से जुड़कर छात्राएं ढेर सारे जीवन कौशल सीखेंगी : डॉ. राजेंद्र

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रज्ञा रेंजर टीम का पांच दिवसीय प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रचार्य डॉ राजेंद्र सिंह और प्राचार्य डॉ अनिता कुमारी ने स्काउट गाइड ध्वज को फहराया तथा प्राचार्य प्रोफेसर अनीता कुमारी ने कार्यक्रम के उद्घाटन की घोषणा किया। इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ राजेंद्र सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड से जुड़कर कोई भी व्यक्ति जीवन भर स्काउट गाइड रहता है एवं जीवन भर दूसरों की सेवा के लिए सदैव तैयार रहता है। स्काउटिंग से जुड़कर छात्राएं ढेर सारे जीवन कौशल सीखेंगी जो उनके भावी जीवन में बहुत उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते प्राचार्य डॉ अनिता कुमारी ने रेंजर्स को अनुशासित ढंग से स्काउट गाइड के ज्ञान एवं कौशलों को सीखने तथा भावी जीवन में सेवा करने के लिए तैयार रहने की सीख दी। इस दौरान उपस्थित अध्यापकों का स्कार्फ एवं गीत के माध्यम से स्वागत किया गया । शिविर संचालक ज्योत्सना बिंद, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) के दिशा निर्देशन में रेंजर ने ध्वज शिष्टाचार की परंपरा निभाई। उद्घाटन कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ शंभू शरण प्रसाद, डॉ संगीता, डॉ सारिका सिंह, डॉ मनीष सोनकर आदि प्राध्यापक गण एवं श्री राम कुशवाहा उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं का परिचय एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ शिव कुमार, जिला आयुक्त (रोवर) पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने किया। शिविर के प्रथम दिन छात्राओं का परिचय एवं पंजीकरण तथा टोली विभाजन हुआ तथा उन्हें प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा एवं ध्वज शिष्टाचार का व्यवहारिक ज्ञान दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में मनीष यादव ट्रेनिंग काउंसलर के रूप में उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण 25 फरवरी तक प्रतिदिन जारी रहेगा।

### मुबारकपुर हरतरा गांव के प्रधान बने रोहित

**सादात।** क्षेत्र के मुबारकपुर हरतरा गांव के उपचुनाव में रोहित यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रमोद यादव को 29 मतों से पराजित कर प्रधान की कुर्सी पर कब्जा किया। रोहित को कुल 328 मत मिले। जबकि प्रमोद को 299, शमीर्ला को 70, राहुल को 07 मत प्राप्त हुए। एक अन्य प्रत्याशी शालू को कोई मत नहीं मिला। यहां उपचुनाव में कुल 1062 में से 718 मत पड़े थे। रिटर्निंग ऑफिसर कपिल देव राम और एसडीएम जखनियां रविश कुमार गुप्ता ने विजेता को प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी डा. सरजीत सिंह, बहरियाबाद एसओ शैलेन्द्र कुमार पांडेय, प्रमेश यादव आदि रहे। नव निर्वाचित ग्राम प्रधान रोहित यादव ने गांव के समग्र विकास और शासन की योजनाओं का जनता को लाभ दिलाने की बात कही।

## पत्रावलियों के गायब होने की शिकायत, जल्द होगा सामाधानः संजय

**आयोजन**

**तहसील सेंट्रल बार एसो का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

जनसंदेश न्यूज



तहसील सेंट्रल बार एसो परिसर में शपथ लेते निर्वाचित पदाधिकारी।

**कासिमाबाद।** तहसील में सेंट्रल बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को विनोद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी कासिमाबाद संजय यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । इस अवसर उप जिलाधिकारी संजय यादव ने कहा कि बार एवं बेंच का कर्तव्य है कि बाद कारियो को त्वरित न्याय के साथ अभीष्ट न्याय दिलाए। उन्होंने कहां के नवगठित तहसील होने के कारण यहां पर समस्याएं बहुत हैं ।इसके बाद भी हम सभी अधिकारियों के साथ मिलकर समस्याओं को हल करने में लगे हैं। पत्रावलियों का गायब होने का काफी शिकायत है। लेखपालों को लगाकर एक कंप्यूटर में डेटाबेस बनाया जा रहा है ताकि एक क्लिक पर आपकी पत्रावली कहां पर है त्वरित मिल सके।

इसमें आप सभी अधिवक्ताओं का भी सहयोग चाहिए। अन्य जो भी मामले हैं दोनों पक्ष बैठकर हल कर ले।यह ध्यान रहे की जनता का अहित न हो। इससे पूर्व तहसीलदार जया सिंह ने कहा कि बार एवं बेंच का कर्तव्य है की अहित न हो। जिसमें अधिवक्ता पक्ष को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। अध्यक्ष पद पर अजय कुमार श्रीवास्तव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद शंकर सिंह ,उपाध्यक्ष कमलेश सिंह यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार गौतम, महासचिव नरेंद्र सिंह एवं सह सचिव सुधीर कुमार कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस मौके पर नायब तहसीलदार अनुराग यादव, तहसील बार एसोसिएशन संजय तिवारी निवर्तमान अध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन सुबास तिवारी, संतोष कुमार के साथ जिला पंचायत सदस्य मरदह शशिप्रकाश सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनुराग सिंह, शासकीय अधिवक्ता श्रवण कुमार राय, मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या मे अधिवक्ता एवं वादकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद सिंह एवं संचालन कृष्णानंद राय ने किया

## जनसंपादकीय

# कस्तूरबा गांधी की शहादत

चित्रा माली



गांधी और कस्तूरबा का पति-पत्नी के रूप में साठ वर्षों का साथ था। वे राजकोट, अहमदाबाद, मुंबई, डरबन,जोहान्सबर्ग, वर्धा सेवाग्राम में साथ साथ थे। 1943 के अंत तक आते-आते कस्तूरबा का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा था। दिसंबर में उन्हें दो बार दिल का हल्का दौरा पड़ा था। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और वे अब कमोबेश बिस्तर पर ही रहती थी। देवदास अपनी बीमार मां को देखने के लिए दिल्ली से पूना पहुंच गए। उन्होंने अपने ससुर राजाजी को लिखा कि 'बा ने बिस्तर पकड़ लिया है.... बापू खुद भारी निराशा में है लेकिन उनका स्वास्थ्य ठीक है। मेरी पीठ पर उनकी चपत में सामान्य से ज्यादा ताकत है।' जनवरी की शुरूआत में गांधी ने जेल अधीक्षक को लिखा कि 'उनकी पत्नी काफी क्षीण हो गई है। उन्हें अपने संबंधियों से मिलने-जुलने दिया जाए ताकि उन्हें कुछ शांति मिल सके।' यह भी कहा कि उनके भतीजे कनु गांधी को जेल में उनके साथ रहने की इजाजत दी जाए।' सरकार ने कनु गांधी, रामदास, देवदास, हरिलाल को उनसे मिलने की इजाजत दे दी। कनु को रोज मिलने की अनुमति मिल गयी। जनवरी के आखिरी सप्ताह में कस्तूर को दिल का दौरा पड़ा तो कनु को उस पैलेस में उनके साथ 24 घंटे रहने की इजाजत मिल गई। जेल से बीमार कस्तूरबा की रिहाई की मांग को लेकर भारतीय अखबारों में कई लेख प्रकाशित हुए। एक अखबार ने व्यंग्यपूर्वक लिखा कि 'लंदन के अधिकारियों ने अपने दुश्मन नम्बर एक फासीवादी ओसवाल्ड मोजले को रिहा कर दिया लेकिन वे इस बुजुर्ग महिला को रिहा नहीं करेंगे।शायद उन्हें डर है कि ऐसा करने से भारत की कानून व्यवस्था पर आफत टूट पड़ेगी।' 5 फरवरी को देवदास गांधी और गृह विभाग के वरिष्ठ सदस्य आर टोटेनहेम से दिल्ली में मिले और उनसे कस्तूरबा को जेल से रिहा करने की मांग की और उन्हें सेवाग्राम या दिल्ली लाने की इजाजत मांगी क्योंकि हवा या जलवायु का परिवर्तन उनकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता था । इस मांग को खारिज कर दिया गया। कस्तूरबा की स्थिति खराब होती जा रही थी। उनके तीनों बेटे हर दिन उनसे मिलने आते थे। कनु गांधी उनकी मालिश करते थे और उन्हें भजन सुनाते थे। सुशीला नायर ने उनके स्वास्थ्य का घंटेवार ब्यौरा रखना शुरू किया और उसे प्रतिदिन डायरी में दर्ज करने लगीं जैसा कि उन्होंने वर्ष 1943 में गांधी जी के उपवास के समय किया था। 19 की पूरी रात कस्तूरबा बेचैन रही। अगली सुबह अपने पति के मुंह से पसंदीदा रामधुन सुनकर कस्तूरबा को थोड़ी राहत मिली। उन्हें बगीचे में ले जाया गया जहां उन्हें अच्छा लगा लेकिन शाम होते होते उन्हें फिर से बेचैनी ने जकड़ लिया। 21 फरवरी की शाम जब देवदास उनसे मिले तो उन्हें 'अर्ध-मूर्च्छा की अवस्था' में पाया। 22 फरवरी को कस्तूरबा ने दवाई लेने से इनकार कर दिया। दोपहर 3 बजे उन्होंने देवदास को बुलाया और कहा,'मुझे किसी न किसी दिन तो जाना ही है, तो आज ही क्यों नहीं?' उन्होंने प्रार्थना में अपने हाथ जोड़ दिए और गुजराती में कुछ कहा, जिसका उनके सबसे छोटे बेटे ने कुछ यूं अनुवाद किया, 'हे ईश्वर,आपके शरण का ही आसरा है। आपकी कृपा ही मेरी चाहत है ।' 22 फरवरी की शाम कस्तूरबा ने गांधी जी को अपने पास बुलाया। गांधी ने उन्हें अपने कंधे पर टिकाया और आराम देने की कोशिश की। उसके कुछ ही क्षण बाद कस्तूरबा की मृत्यु हो गई। 22 फरवरी 1944 के दिन का बहुत ही मार्मिक चित्रण 'गांधी' फिल्म में रिचर्ड एटनबरो ने किया है। वहां पुणे के आगा खां पैलेस में गाँधी के मन की बैचैनी और निश्छल प्रेम देखा जा सकता है। गांधी के कपोल पर गिरा हुआ आंसू भी बहुत कुछ बयां करता है। जैसे ही कस्तूरबा के निधन की खबर फैली, पूरे देश में शोक-सभाएं आयोजित की गई जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से लेकर हिंदू महासभा तक शामिल हुए। कस्तूरबा की मृत्यु पर लिनलिथगो, डॉ. अंबेडकर,सावरकर और जिन्ना की तरफ से कोई शोक संवेदना प्रेषित नहीं की गई ॐजबकि मुस्लिम लीग के अखबार में एक मार्मिक श्रद्धांजलि प्रकाशित की गई थी। देश के बाहर से भी शोक संदेश आए थे। जिनमें से दो महत्वपूर्ण पत्र थे एक राजाजी का और दूसरा हेनरी पोलक का। हेनरी पोलक ने एक टेलीग्राम गांधी को किया जिसमें लिखा था 'प्यार भरी गहरी सहानुभूति। ईश्वर से कामना है कि उनकी कृपा आप पर बनी रहे।' हेनरी पोलक ने कस्तूरबा के लिए एक लंबी श्रद्धांजलि भी लिखी जिसे एक वक्तव्य के तौर पर उन्होंने प्रेस को भेज दिया। जिसमें लिखा था कि 'श्रीमती गांधी की मृत्यु हो गई-जिन्हें आमतौर पर लोग प्यार से बा कहते थे। उनकी इस उम्र में मृत्यु अनपेक्षित नहीं है। वे कई मायनों में एक समर्पित पत्नी और मां थी और कई मामलों में एक स्वतंत्र व्यक्तित्व की स्वामिनी थीं,लेकिन वे वास्तविक शहीद थीं। एक सीमा के बाद उनके पति की सीख उनके लिए निरर्थक साबित हुई और उन्होंने उनके दृढ़ सिद्धांतों और सादगी भरे जीवन का विरोध भी किया। गांधी ने कहा भी था कि उन्होंने उन्हीं से असहयोग का पहला सबक सीखा था। वे दक्षिण अफ्रीका में पहली बार 1913 में जेल गई जब वहां भारतीय समुदाय के लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे थे और उसके बाद वे कई बार बाद में भी गांधी के अहिंसक आंदोलनों के दौरान हिरासत में गई। हो सकता है कि उनकी मृत्यु कुछ इस कारण भी कुछ पहले हो गई हो क्योंकि वे अपने पति के ढेर सारे स्वप्रेरित उपवासों से अत्यधिक चिंतित रहती थीं। उनके बहुत सारे मित्र और शुभचिंतक है जिन्हें उनकी मृत्यु से गहरा दुख है।' पोलक गांधी और कस्तूरबा के वैवाहिक जीवन को किसी भी अन्य सहयोगी की अपेक्षा अधिक जानते थे और इसलिए चाहते थे कि कस्तूर के बलिदान और महत्व को ब्रिटिश जनता के सामने भी रखा जाए। ये एक महत्वपूर्ण वक्तव्य था जो एक गैर भारतीय मूल के व्यक्ति द्वारा कस्तूरबा के लिए दिया गया था। कस्?तूर से कस्?तूरबा तक के सफर में वह पत्नी,मां और देश की आजादी के लिए एक समर्पित कार्यकर्त्ता के रूप में दिखाई देती हैं। जिसकी स्वतंत्र सोच और विचार हैं, जो निर्णय लेने में समर्थ है, वह अनुगामी न होकर सहयात्री है। उम्मीद करनी चाहिए कि सभी महिलाओं में उनके समान आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता का संचार हो जिससे वह किसी से संचालित न होकर स्व- नियंत्रित और स्व-शासित हो।

**(सहायक प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता )**

**(दुनिया में जबरन यानि अवैध रूप से विस्थापितों की संख्या आठ करोड़ चालीस लाख से ज्यादा हो चुकी है. इनमें चार करोड़ अस्सी लाख लोग तो अपने-अपने देशों में ही विस्थापन का दर्द झेल रहे हैं. कुल अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की संख्या सत्ताइस करोड़ बीस लाख है. इनमें नौ करोड़ पचास लाख निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रह रहे हैं. वे विस्थापन और भूख के मोर्चे पर एक साथ जूझ रहे हैं. जलवायु, भूकम्प, हिंसक झड़पों, युद्ध, मंहगाई-बेरोजगारी, सूखा-बाढ़, राजनीतिक परिस्थितियों के चलते दुनिया में विस्थापितों की संख्या ग्यारह करोड़ से अधिक है जिनमें चालीस फीसदी बच्चे हैं वे राष्ट्रीयता, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आवागमन के बुनियादी अधिकारों से वंचित हो चुके हैं. विस्थापन पर दिसंबर में आयी 2024 तक की रिपोर्ट में बताया गया है कि बीता वर्ष लाखों आतंरिक विस्थापकों की दृष्टि से सबसे चुनौतीपूर्ण रहा है.)**

### दुनिया भर के देशों में युद्ध, गरीबी, भूख के साथ विस्थापन एक बड़ी समस्या

# कौन सा देश है इनका

## समय-संदर्भ

भगवान स्वरूप कटियार



अवैध प्रक्रिया से अमेरिका गये लगभग साढ़े तीन सौ भारतीयों की तीन खेपें हथकड़ियों-बेड़ियों में भारत आ चुकी हैं. ये भारत की वह नौजवान पीढ़ी है जिस पर गर्व करते हुए भारत के प्रधानमंत्री को आये दिन अपनी पीठ ठोकते देखा जा सकता है. यह है दुनिया का सबसे युवा लोकतंत्र जिसके लाचार नगरिकों को ट्रंप सरकार बड़ी बेरहमी से भूखे-प्यासे देश वापसी कर रही है. ये वे लाचार और बेवश युवा हैं जिनके पास अपने घर यानि अपने देश में गुजारा का कोई जरिया नहीं था. घर- द्वार, जमीन- जायदाद बेंच कर सपनों के सौदागर दलालों के जरिये तमाम खतरे और दुश्वारियां झेलते अमेरिका गए कि एक बार पहुँच जायेंगे तो घर परिवार सबकी तकदीर संभल जायेगी. इनमें अधिकांश युवा पंजाब, हरियाणा और गुजरात के हैं. मोदी सरकार के पास न इतना पैसा है और न इतना जज्बा कि ट्रंप सरकार से कहे कि खबरदार जो हमारे नागरिकों को बेइज्जत किया, हम उन्हें लाने के लिए अपने भारतीय जहाज भेज रहे हैं जैसा मैक्सिको और कोलंबिया सरकार ने किया. इन युवाओं का दर्द सुन कर दिल भर आता है. यहाँ से उजड़ कर गये और वहां पैर जमाने के पहले उजाड़ कर हथकड़ी बेड़ियों में बाँध कर वतन वापस कर दिये गये. लगता है जैसे उनका कोई देश ही न हो. देश में रोजगार, कामकाज न मिलने के कारण गरीबी भुखमरी की जलालत से निजात पाने सब कुछ दांव पर लगा कर अमेरिका में दलालों के जरिये किस्मत आजमाने विदेश गये पर अपराधी बन हथकड़ियों बेड़ियों में वापस हुए. लगता है यह दुनिया जैसे उनके लिए नहीं बनी है और इसमें उनका कोई देश नहीं है. दर्द ही उनका देश है, देश के बाहर और देश के भीतर भी.

जब विस्थापन और भुखमरी जैसी कोई परिस्थिति लोगों को अपनी जड़ों से बिछुड़ने को विवश करती है तो वैश्विक प्रतिक्रिया हमेशा उसे बचाने की होती है. लेकिन वर्तमान के हालात नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं. दुनिया में जबरन यानि अवैध रूप से विस्थापितों की संख्या आठ करोड़ चालीस लाख से ज्यादा हो चुकी है. इनमें चार करोड़ अस्सी लाख लोग तो अपने-अपने देशों में ही विस्थापन का दर्द झेल रहे हैं. कुल अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की संख्या सत्ताइस करोड़ बीस लाख है. इनमें नौ करोड़ पचास लाख निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रह रहे हैं. वे विस्थापन और भूख के मोर्चे पर एक साथ जूझ रहे हैं. जलवायु, भूकम्प, हिंसक झड़पों, युद्ध, मंहगाई-बेरोजगारी, सूखा-बाढ़, राजनीतिक परिस्थितियों के चलते दुनिया में विस्थापितों की संख्या ग्यारह करोड़ से अधिक है जिनमें चालीस फीसदी बच्चे हैं वे राष्ट्रीयता, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आवागमन के बुनियादी अधिकारों से वंचित हो चुके हैं. विस्थापन पर दिसंबर में आयी 2024 तक की रिपोर्ट में बताया गया है कि बीता वर्ष लाखों आतंरिक विस्थापकों की दृष्टि से सबसे चुनौतीपूर्ण रहा है.

यह आंकड़े विस्थापन की भयावहता की दर्दनाक तस्वीर पेश करते हैं सीरिया के विस्थापितों की चुनैतियां अब जटिल नागरिक संघर्षों में बदल गयी हैं. यूक्रेन के कुल विस्थापित एक करोड़ तेरह लाख लोगों में से पचास लाख लोग वापस हो चुके है.तिरसठ लाख लोग अब पोलैंड, रोमानियां, स्लोवाकिया, हंगरी और बेलारूस जैसे देशों में शरणार्थी हैं. यूक्रेन में एक करोड़ से अधिक लोग भूख से जूझ रहे हैं. अफगानिस्तान में विस्थापित लोग खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे हैं. वेनुजुला में तेइस लाख लोग भूख की गंभीर समस्या से जूझ रहे है. सूडान में बाईस लाख विस्थापन से जूझ रहे हैं. म्यामार में अपनी नागरिकता से वंचित सत्रह लाख लोग विस्थापित अल्पसंख्यक हैं.

युद्ध, उत्पीड़न या पर्यावरण आपदा से सुरक्षा के लिए एक क्षण की सूचना पर लोगों को घर से भागने पर मजबूर होना पड़ता है. इन आपदाओं के शिकार लगभग नौ करोड़ लोगों से पूछो कि वह पल कितना डरावना और खतरनाक होता है. इन नौ करोड़ लोगों में ज्यादातर होते हैं शरणार्थी जिन्हें रोजगार की तलाश में अपना देश छोड़ना पड़ता है. सीमा पार विस्थापितों में दो तिहाई लोग सीरिया, वेनेजुएला, अफगानिस्तान, दक्षिण सूडान और म्यामार के हैं. इन शरणार्थियों में एक करोड़ दस लाख बच्चे हैं और पांच वर्ष से कम उम्र के लाखों बच्चे कुपोषण के शिकार होने के कारण उनमें बौनापन पनप रहा है. दुनिया इस समय सबसे ज्यादा शरणार्थी समस्या से जूझ रहा है जिसमें ढाई तीन करोड़ लोग अपने देशों से उजड़ कर विदेशों में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं. इनमें एक करोड़ दस लाख बच्चे हैं. पिछले दस वर्षों में यह संख्या दोगुनी हो गयी है. बीते वर्ष 2024 में 15 करोड़ लोग भुखमरी से बेहाल रहे हैं. कोविड के बाद इस संख्या में 15 करोड़ का और इजाफा हुआ है. अध्ययनों से पता चला है कि 2030 तक 67 करोड़ लोगों को भुखमरी का सामना कर पड़ सकता है. जबरन विस्थापित लोगों की बुनियादी जरूरतों के लिए चिंतित स्वयं सेवी संगठनों की अपेक्षा है कि प्रवासन की आपदा के शिकार लोगों के आवाजाही पर प्रतिबन्ध हटा लेना चाहिऐ दशकों से दुनिया में विस्थापित शिविरों में रह रहे शरणार्थियों के अनुभव बताते हैंकि भोजन की कमी के कारण भिखारी बन कर हाथ फैलाने पड़ते है इतना ही नहीं, उन्हें सड़ा-गला और बीमारियां पैदा करने वाली खाद्य सामग्री खाने पर मजबूर होना पड़ता है भारत के भिखारियों की इस मायने में स्थिति उनसे बेहतर है क्योंकि सार्वजनिक भोज में इतनी खाद्य सामग्री जूठन के रूप में फेंकी जाती है जो विस्थापितों की जरूरतों से ज्यादा होती है यद्यपि जूठन खाने को भी हम इंसानी गरिमा के खिलाफ मानते हैं और भोजों में खाने की बरबादी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं

एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में करीब पांच लाख विस्थापित हुए. आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आइडीएमसी) के सूचना के मुताबिक वर्ष 2022 के अंत तक करीब सात लाख विस्थापित हो चुके थे जिनमें अधिकांश उत्तर पूर्वी राज्यों असम, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और जम्मू कश्मीर के लोग हैं. दुनिया के कुल विस्थापित लोगों में बीस फीसदी भारत के हैं. 'डाउन टू दि अर्थ स्टेट्स ऑफ इंडिया एन्वायारिन्मेंट' की रिपोर्ट दावा करती है कि संघर्ष और हिंसा के कारण लगभग पच्चासी लाख लोग विस्थापित हुए हैं. भारत में आतंरिक विस्थापन के कारणों की प्रवृत्ति, प्रकृति और सीमा इतनी भिन्न है कि उनकी निगरानी रखना बहुत कठिन है. राज्य स्तर पर राजनीतिक कारणों से विस्थापन की सटीक प्रकृति और सीमा का डेटा जारी करने से रोका जाता है रिपोर्ट के अनुसार आंतरिक विस्थापितों की संख्या पांच लाख बतायी जाती है. जबकि दिल्ली स्थित एक सामाजिक संस्थान के अनुसार यह संख्या दो करोड़ तेरह लाख है और वैश्विक डीआइपी परियोजना के अनुसार यह संख्या बीस करोड़ नब्बे लाख है. विकास प्रेरित प्रभाव ने भारी प्रभाव डाला है. सेन्टर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट की रिपोर्ट के अनुसार बाढ़, साइक्लोन और भूस्खलन के कारण बड़े पैमाने पर बार-बार विस्थापन हो रहे हैं. दुखद यह है कि देश में इन विस्थापितों और शरणार्थियों के पुनर्वास की कोई राष्ट्रीय नीति नहीं है और कोई कानूनी संस्थागत ढांचा नहीं है. राज्यों के विस्थापन परिणामों की जवाबदेही नदारद है. मुद्दों का कोई तात्कालिक समाधान नहीं है. देश के समुद्रतटीय, पहाड़ी इलाकों के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ और झारखण्ड जैसे आदिवासी राज्यों से लगातार विस्थापन जारी है. इन विस्थापितों के हालात बताते हैं कि वे अपनी मुर्गियां, बकरियां और गाय बेंच कर पेट पलने के लिए पैसे जुटाते हैं.

आपात स्थिति में 65 फीसदी परिवार और 55 फीसदी बच्चे भूखे रह जाते हैं. ज्यादातर महिलाएं भूख के कारण अकाल मौत की शिकार हो जाती हैं. ये हालात लोगों अपराध की अंधी गुफा में भी ढकेल देते हैं और महिलाओं को जिस्मफरोशी जैसे घिनौने दुष्कृत्य और बच्चों को भीख मांगने पर बिवश होना पड़ता है. ये किसे अपना देश कहें? हथकड़ी-बेड़ियों के साथ अमेरिका से वतन वापसी करते शर्म से सर झुकाए भारत के युवा क्या सोचते होंगे।

यही न कि दर्द ही उनका देश है.जिस जनसंख्या को कार्य शक्ति में बदल चीन अमेरका को टक्कर दे रहा है, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ऊर्जा और सपनों से भरे युवा समाज को शर्म से सर झुकाये अस्तित्व बचाने के लिए भूख प्यास से लड़ने पर विवश कर रहा है. देश प्राकृतिक रूप से आज भी इतना समृद्ध और सम्पन्न है कि इन्हें इज्जत की जिन्दगी बख्शी जा सकती है बशर्ते देश की सरकार और नेतृत्व संवेदनशील और जिम्मेदार हो. सिर्फ चुनाव जीतना ही पर्याप्त नहीं इन युवाओं को उनकी गरिमापूर्ण जिंदगी बख्शना उससे ज्यादा जरूरी है.

**( लेखक सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94155 68836)**

# जोश मलीहाबादी का नारा था, इंकलाब ओ इंकलाब

## स्मरण

जाहिद खान



उर्दू अदब में जोश मलीहाबादी वह आला नाम है, जो अपने इंकलाबी कलाम से शायर-ए-इंकलाब कहलाए। जोश का सिर्फ यह एक अकेला शे'र, 'काम है मेरा तगय्युर नाम है मेरा शबाब/मेरा नारा इंकलाब ओ इंकलाब ओ इंकि लाब।' ही उनके तआरुफ और अज्मत को बतलाने के लिए काफी है। वरना उनके अदबी खजाने में ऐसे-ऐसे कीमती हीरे-मोती हैं, जिनकी चमक कभी कम नहीं होगी। उत्तर प्रदेश में लखनऊ के नजदीक मलीहाबाद में 5 दिसम्बर, 1898 में पैदा हुए शब्बीर हसन खां, बचपन से ही शायरी के जानिब अपनी बेपनाह मुहब्बत के चलते, आगे चलकर जोश मलीहाबादी कहलाए। शायरी उनके खून में थी। उनके अब्बा, दादा सभी को शेर-ओ-शायरी से लगाव था। घर के अदबी माहौल का ही असर था कि वे भी नौ साल की उम्र से ही शायरी करने लगे थे और महज तेईस साल की छोटी उम्र में उनकी गजलों का पहला मजमूआ 'रूह–ए-अदब' शाए हो गया था। जोश मलीहाबादी की ज़िंदगानी का इब्तिदाई दौर, मुल्क की गुलामी का दौर था। जाहिर है कि इस दौर के असरात उनकी शायरी पर भी पड़े। हुब्बुलवतनी और बगावत उनके मिजाज का हिस्सा बन गई। उनकी एक नहीं, कई ऐसी कई गजलें-नज्में हैं, जो वतन–परस्ती के रंग में रंगी हुई हैं। 'मातम–ए-आजादी', 'निजाम–ए–लौ', 'इंसानियत का कोरस', 'जवाल–ए–जहां बानी' के नाम अव्वल नम्बर पर लिए जा सकते हैं। 'जूतियां तक छीन ले इंसान की जो सामराज/क्या उसे यह हक पहुंचता है कि रक्खे सर पै ताज।' इंकलाब और बगावत में डूबी हुई जोश की ये गजलें-नज्में, जंग-ए-आजादी के दौरान नौजवानों के दिलों में गहरा असर डालती थीं। वे आंदोलित हो उठते थे। यही वजह है कि जोश मलीहाबादी को अपनी इंकलाबी गजलों-नज्मों के चलते कई बार जेल भी जाना पड़ा। लेकिन उन्होंने अपना मिजाज और रहगुजर नहीं बदली।

दूसरी आलमी जंग के दौरान जोश मलीहाबादी ने 'ईस्ट इंडिया कंपनी के फरजंदों के नाम', 'वफादारान–ए-अजली का पयाम शहंशाह–ए-हिंदोस्तां के नाम' और 'शिकस्त–ए-ज़िंदां का ख्वाब' जैसी साम्राज्यवाद विरोधी नज्में लिखीं। 'क्या हिन्द का जिंदाँ काँप रहा है गूँज रही हैं तक्बीरें/उकताए हैं शायद कुछ कैदी और तोड़ रहे हैं जंजीरें/क्या उन को खबर थी होंटों पर जो कुफ़्ल लगाया करते थे/इक रोज इसी खामोशी से टपकेंगी दहकती तकरीरें/संभलों कि वो जिंदाँ गूँज उठा झपटो कि वो कैदी छूट गए/उट्ठो कि वो बैठीं दीवारें दौड़ो कि वो टूटी जंजीरें।' जोश मलीहाबादी को लफ़्ज़ों के इस्तेमाल पर महारत हासिल थी। अपनी शायरी में जिस तरह से उन्होंने उपमाओं और अलंकारों का शानदार इस्तेमाल किया है, उर्दू अदब में ऐसी कोई दूसरी मिसाल ढूंढ़े से नहीं मिलती। 'सरशार हूँ सरशार है दुनिया मिरे आगे/कौनैन है इक लर्जिश-ए-सहबा मिरे आगे/... 'जोश' उठती है दुश्मन की नजर जब मिरी जानिब/खुलता है मोहब्बत का दरीचा मिरे आगे।' अपनी शानदार गजलों-नज्मों-रुबाईयों से जोश मलीहाबादी देखते-देखते पूरे मुल्क में मकबूल हो गए। उर्दू अदब में मकबूलियत के लिहाज से वो इकबाल और जिगर मुरादाबादी की टक्कर के शायर हैं। यही नहीं तरक्क़ीपसंद तहरीक के वो अहम शायर थे। उन्होंने उर्दू में तरक्क़ीपसंद शायरी की दागबेल डाली। अपनी किताब 'जदीद उर्दू शायरी' में इबादत बरेलवी लिखते हैं,'जोश के साथ-साथ तरक्क़ीपसंद शायरी का दौर शुरू होता है, जिसके हाथों जदीद शायरी के समाजी और इमरानी रुजहानात एक नई दुनिया से रू–शनास होते हैं।' यही वजह है कि तरक्क़ीपसंद तहरीक में जोश मलीहाबादी की हैसियत एक रहनुमा की है। उनके कलाम में सियासी चेतना साफ दिखलाई देती है और यह सियासी चेतना मुल्क की आजादी के लिए इंकलाब का आह्वान करती है। सामंतवाद, सरमायेदारी और साम्राज्यवाद का उन्होंने पुर–जोर विरोध किया। पूंजीवाद से समाज में जो आर्थिक विषमता पैदा होती है, वह जोश ने अपने ही मुल्क में देखी थी। अंग्रेज हुकूमत में किसानों, मेहनतकशों को अपनी मेहनत की असल कीमत नहीं मिलती थी। वहीं सरमायेदार और अमीर होते जा रहे थे। 'इन पाप के महलों को गिरा दूंगा मैं एक दिन/इन नाच के रसियों को नचा दूंगा मैं एक दिन/मिट जाएंगे इंसान की सूरत के ये हैवान/भूचाल हूं भूचाल हूं तूफान हूं तूफान।' उर्दू अदब के बड़े आलोचक एहतिशाम हुसैन, अपनी किताब 'उर्दू साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' में जोश मलीहाबादी की शायरी का मूल्यांकन करते हुए लिखते हैं,'जोश को प्राकृतिक, श्रंगार-पूर्ण और राजनीतिक कविताएं लिखने पर समान रूप में अधिकार प्राप्त है। भारत के राजनीतिक जीवन में कदाचित ही कोई ऐसी घटना हुई होगी, जिस पर उन्होंने कविता न लिखी हो। वह राष्ट्रीयता, हिंदू-मुसलिम एकता, देश-प्रेम, जनतंत्र, शांति और विचार स्वतंत्रता के उपासक हैं और इन विचारों को उन्होंने अपनी सहस्त्रों कविताओं में बड़ी रोचक और मनोरंजक शैलियों में प्रस्तुत किया है।' इस इंकलाबी शायर की अपनी ज़िंदगानी में पन्द्रह से ज्यादा किताबें प्रकाशित हुईं। उनकी कुछ अहम किताबें हैं, 'नक़्श–ओ–निगार', 'अर्श–ओ–फर्श', 'शोला-ओ-शबनम', 'फि क्र–ओ-निशात', 'हर्फ़–ओ-हिकायत', 'रामिश–ओ-रंग', 'सुंबुल–ओ-सलासिल', 'सरोद–ओ-खरोश', इल्हाम–ओ–अफ़्कार' और 'सुमूम–ओ–सबा' आदि। जोश मलीहाबादी ने मुल्क की आजादी से पहले 'कलीम' और आजादी के बाद 'आजकल' मैगजीन का संपादन किया। फि ल्मों के लिए कुछ गाने लिखे, तो एक शब्दकोश भी तैयार किया। लेकिन उनकी मुख्य पहचान एक शायर की है। जोश मलीहाबादी मजहबी कट्टरता और फि रका–परस्ती के दुश्मन थे। 'बाज आया मैं तो ऐस ताऊन से/भाईयों के हाथ तर हो भाईयों के खून से।' वो आदमियत को दीन और इंसानियत को ईमान मानते थे। 'आओ वो सूरत निकालें जिसके अंदर जान हो/आदमियत दीन हो, इंसानियत ईमान हो।'

जोश मलीहाबादी ने अपनी नज्मों में किसानों और कामगारों के मसाइल को अहमियत के साथ जगह दी। नज्म 'किसान' में उन्होंने किसान को सभ्यता के विकास की रीढ़ बतलाते हुए लिखा है,'झुटपुटे का नर्म-रौ दरिया शफ़क का इज्तिराब/खेतियाँ मैदान खामोशी गुरूब-ए-आफ़्ताब/ये समाँ और इक कवी इंसान या'नी काश्त-कार/इर्तिका का पेशवा तहजीब का पर्वरदिगार/जिस के माथे के पसीने से पए-इज्ज-ओ-वकार/करती है दरयूजा-ए-ताबिश कुलाह-ए-ताजदार।' वहीं 'हुस्न और मजदूरी' नज्म में वे एक जवान औरत का पत्थर तोड़ते हुए जिक्र करते हैं। इस नज्म में मुल्क की गरीबी की उन्होंने जो अक्कासी की है, वह हमारे दिल–ओ-दिमाग को जैसे झिंझोड़ देती है। 'एक दोशीजा सड़क पर धूप में है बे-करार/चूड़ियाँ बजती हैं कंकर कूटने में बार बार/चूड़ियों के साज में ये सोज है कैसा भरा/आँख में आँसू बनी जाती है जिस की हर सदा।' जोश इस नज्म में न सिर्फ.उस औरत की गरीबी और बेबसी का तफ़्सील से ज़िक्र करते हैं, बल्कि नज्म का इख़्तिताम इस तजवीज के साथ करते हैं,'दस्त-ए-नाजुक को रसन से अब छुड़ाना चाहिए/इस कलाई में तो कंगन जगमगाना चाहिए।' दीगर शायरों और एक तरक्क़ीपसंद शायर में यही एक बुनियादी फर्क है। तरक्क़ीपसंद अदीब, ना–उम्मीदी में भी उम्मीद की किरण देखता है। हालात की बेरहमी से वह मायूस नहीं होता। अवाम में अपने अदब से हौसला जगाता है।

जोश मलीहाबादी का अदबी सरमाया जितना शानदार है, उतनी ही जानदार-जोरदार उनकी ज़िंदगी थी। जोश साहब की ज़िंदगी में गर हमें दाखिल होना हो, तो सबसे बेहतर तरीका यह होगा कि हम उन्हीं के मार्फ़त उसे देखें-सुने-जाने। क्योंकि जिस दिलचस्प अंदाज में उन्होंने 'यादों की बरात' किताब में अपनी कहानी बयां की है, उस तरह का कहन बहुत कम देखने-सुनने को मिलता है। बुनियादी तौर पर उर्दू में लिखी गई इस किताब का पहला एडिशन साल 1970 में आया था। तब से इसके कई एडिशन आ चुके हैं, लेकिन पाठकों की इसके जानिब मुहब्बत और बेताबी कम नहीं हुई है। उर्दू अदब में यह किताब, क्लासिक की हैसियत रखती है। 'यादों की बरात' की मकबूलियत के मद्देनजर, इस किताब के कई जबानों में तजुर्मे हुए और हर जबान में इसे पसंद किया गया। अपने बारे में इतनी ईमानदारी और साफगोई से शायद ही किसी ने इससे पहले लिखा हो।

साल 1955 में जोश मलीहाबादी मजबूरी में पाकिस्तानी हो गए। वो पाकिस्तान जरूर चले गए, मगर इस बात का पछतावा उन्हें ता–उम्र रहा। जिस सुनहरे मुस्तकबिल के वास्ते उन्होंने हिंदुस्तान छोड़ा था, वह ख्वाब चंद दिनों में ही टूट गया। उन्होंने पाकिस्तान में जिस पर भी ऐतबार किया, उससे उन्हें धोखा मिला। पाकिस्तान जाने का फैसला चूंकि खुद जोश मलीहाबादी का था, लिहाजा वे खामोश रहे। वहां घुट-घुटके जिये, मगर शिकवा किसी से न किया। पाकिस्तान में रहकर वे हिंदुस्तान की मुहब्बत में डूबे रहते थे। वे चाहकर भी अपने पैदाइशी मुल्क को कभी नहीं भुला पाए। पाकिस्तान में उनकी बाकी जिंदगी ना–उम्मीदी और गुमनामी में बीती। जोश मलीहाबादी अपनी ज़िंदगी में कई इनाम-ओ-इकराम से नवाजे गए। साल 1954 में भारत सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक 'पद्मभूषण', तो साल 2012 में पाकिस्तान हुकूमत ने उन्हें 'हिलाल-ए-इम्तियाज' पुरस्कार से नवाजा, जो पाकिस्तान का दूसरा आला सिटीजन अवार्ड है। इस तरह जोश मलीहाबादी, वह खुशकिस्मत शख़्स हैं, जिन्हें दोनों मुल्कों की हुकूमत ने अपने आला नागरिक सम्मान से सम्मानित किया।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं,**

## व्यंग्य



# शिष्टाचार को बदमान ना करो

बुलाकी शर्मा

सबका अपना-अपना नजरिया होता है। एक गिलास यदि पानी से पूरी भरी हुई नहीं है तो सकारात्मक नजरिए वाला उसे आधी भरी मानेगा वहीं नकारात्मक नजरिए वाला आधी खाली बताएगा। हमारे आचार-व्यवहार के लिए भी नजर का यही खेल काम में आता रहा है। हमारा कोई व्यवहार किसी की नजर में शिष्टाचार है और किसी अन्य की नजर में भ्रष्टाचार। दल-बदल को ही लें। राजनीति की यह प्राचीन परम्परा है किंतु नेताओं का यह आचार भ्रष्ट नहीं कहलाता, इसकी एंट्री हृदय परिवर्तन के अकाउंट में करने का प्रोविजन है। हृदय परिवर्तन के साथ नेता का स्टेटस परिवर्तित होता है। धन, सत्ता और ऐश्वर्य सुख की प्राप्ति होती है। सुखद तथ्य यह कि जनता के हृदय में हिलोरें लेती आवाज सुनकर उसके हितार्थ ही नेता का हृदय परिवर्तित होता है किंतु आश्चर्य कि जनता इतनी बहरी कि उसे अपने हृदय की आवाज सुनाई ही नहीं देती। नेता के हृदय परिवर्तन के चमत्कार से चुनी हुई सरकारें रातों-रात परिवर्तित हो जाती हैं और जनता जो है विस्मय से दर्शक की भूमिका में देखती रह जाती है।

सरकारी महकमों को भी नकारात्मक सोच वालों ने बदनाम कर रखा है। वे हमारी सुविधाओं के लिए हैं किंतु वहां सरकारी मुलाजिमों की तादाद बेहद कम है और हम करोड़ों की समस्याओं का अंबार लगा है। बेचारे किन-किन की समस्याओं का समाधान करें! पेंडेंसी रहनी ही है। वे सीनियरिटी से काम करना चाहते हैं। बरसों लगे तो लगे। किंतु हम जनता, अपना काम सीनियारिटी से नहीं, पहले कराने के लिए ' सेवा शुल्क ' रूपी विटामिन देकर उनकी ऊर्जा में इजाफा करते हैं। ऐसा हम अपने लाभ के नजरिए से करते हैं और दिलजले जो हैं वे उसे रिश्वत के नाम से बदमान करते हैं।

देवी-देवताओं, पीर-पैगंबरों, अपने आराध्यों के दरबार में भी हम कोई-ना-कोई मन्नत लेकर ही पहुंचते हैं, बिना काम के नहीं। बेटी के लिए अच्छे घर-वर की, बेटे के लिए धन-संपदा से सुसंपन्न लक्ष्मी पुत्र की सुपुत्री की, कमाऊ सीट पर पदस्थापन की, लेखक हैं तो इनाम-इकराम की आदि-इत्यादि अंतहीन मन्नतें! मन्नत की महत्ता के अनुसार उनसे सोने या चांदी का छत्र चढ़ाने या ग्यारह से लेकर ग्यारह हजार या उससे भी ज्यादा धन-राशि अर्पित करने का वादा करते हैं। यह वादा हमारे श्रद्धालु होने का साक्ष्य है, न कि रिश्वत देने का।

मन्नतें पूरी करने की अभ्यर्थना करने वाले हम भक्तजनों की भीड़ उनके दरबार में लगी रहती है। भीड़ में जो विशेष होते हैं, वे लंबी कतार में खड़े रहकर अपनी तौहीन कतई नहीं करवाते। उनके प्रवेश के लिए विशेष द्वार होता है। पुजारी जी को विशेष भेंट अर्पित कर भीड़ से पहले वे दरबार में पहुंच अपनी मन्नत रखते हैं! पुजारी जी को विशेष भेंट अर्पित कर, विशेष दर्शन करना, क्या भ्रष्ट आचार की कोटि में माना जाएगा? कतई नहीं।

स्पष्ट है कि हमारी मन्नत पूरी होने पर ही हम अपना वादा निभाने को बाध्य हैं। यदि हमारे आराध्य हमारी मन्नत पूरी नहीं करते तो हम उन्हें कुछ भी अर्पित करने को बाध्य नहीं। हमारा साफ फंडा है, एक हाथ दो, दूसरे हाथ लो! वे चाहे हमारे आराध्य ही क्यों न हों!

मैं तो शुरू से मानता रहा हूं कि हम जो कुछ भी करते हैं, शिष्टाचार का पूरा निर्वाह करते हुए ही करते हैं। आरोप-प्रत्यारोप लगाने वाले लोगों का नजरिया ही नकारात्मक है कि वे शिष्ट आचरण को भी भ्रष्टाचार कहते रहते हैं। सरकारें भी इतनी नासमझ कि नकारात्मक लोगों के बहकावे में आकर भ्रष्टाचार निरोधक, ईडी जैसे विभाग खोले हुए हैं। जनता के टैक्स का कीमती पैसा बेवजह ही ऐसे महकमों पर खर्च कर रही है। अभिनंदन है अमेरिका के साठ इंची सीने के जांबाज राष्ट्रपति ट्रंप का कि उन्होंने भ्रष्टाचार का नाम ही शिष्टाचार कर दिया वैसे ही जैसे हमारे भारतवर्ष में आए दिन प्रमुख शहरों-सरकारी भवनों-योजनाओं के नाम परिवर्तित कर उन्हें सनातनी बनाया जा रहा है। ट्रंप ने फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट जैसे ' भयानक कानून ' पर ही रोक लगा दी है। अब अमेरिकी कंपनियां और फर्में अपनी डील कन्फर्म कराने के लिए सरकारी अफसरों को रिश्वत और उपहार, बिना किसी घबराहट के, दे सकती है। यह भ्रष्टाचार नहीं, काम कराने के लिए अपनाया गया शिष्टाचार है।

हम अपने को विश्वगुरू मानते हैं किंतु फिर भी एंटी करप्शन, ईडी, आईटी आदि के छापे मारने की प्रवृति से मुक्त नहीं हो पा रहे। यह नकारात्मक कार्रवाई सरकारों को बदनाम करती है कि विरोधियों को डराने या अपने पक्ष में करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। भ्रष्टाचार शब्द ही शब्दकोश से विलोपित कर दें न हम, फिर अपना काम निकलवाने के लिए जो भी दान-दक्षिणा, उपहार-भेंट किसी को अर्पित करेंगे, वह शिष्टाचार की कोटि में ही रहेगा। ट्रंप महाशय से सीख लेते हुए हमें विश्वगुरू के साथ ही विश्वश्रेष्ठ शिष्टाचारी के रूप में भी हमारे देश का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराने का संकल्प लेना चाहिए।

**( लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9413939900)**

# कार की चपेट में आने से युवक की मौत

हादसा

**प्रयास फाइनेंस कंपनी में एरिया क्रेडिट मैनेजर के पद था कार्यरत**

**घटना के समय आया था अतरौलिया में विजिट करने के लिए**

जनसंदेश न्यूज



संतोष कुमार सिंह (फाइल फोटो)

**लालगंज, (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मई खरगपुर गोसाई की बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास गुरूवार की लगभग ढाई बजे हुंडई कार की चपेट में आने से बाइक सवार संतोष कुमार सिंह 32 वर्ष पुत्र स्व. उमेश सिंह निवासी ग्राम सुरहरी थाना मुफस्सिल जिला गया बिहार की मौत हो गई। मृतक प्रयास फाइनेंस कंपनी में एरिया क्रेडिट मैनेजर के पद पर पिंडरा वाराणसी में कार्यरत था। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

संतोष कुमार सिंह प्रयास फाइनेंस कंपनी में एरिया क्रेडिट मैनेजर के पद पर पिंडरा वाराणसी पर कार्यरत थे। अतरौलिया आजमगढ़ विजिट पर आए थे और आजमगढ़ में होटल में रुके थे। बृहस्पतिवार को वह आजमगढ़ से वाराणसी बाइक से वापस जा रहे थे। दोपहर लगभग ढाई बजे जैसे ही वह खरगपुर गोसाई की बाजार पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक लगभग 2 महीने पहले ही प्रयास फाइनेंस कंपनी को ज्वाइन किया था।वह पांच बहन तीन भाई में दूसरे नंबर पर था। मौत की खबर मिलते ही माता कुसुम देवी, पत्नी चांदनी देवी सहित पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक एक चार वर्षीय पुत्र कृष्णा सिंह का पिता था। मृतक के भाई गौतम कुमार सिंह ने गंभीरपुर थाने में वाहन के खिलाफ तहरीर दी है।

## मार्ग दुर्घटना में दंपति की मौत, बच्चे घायल

**पवई, (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई और उनके तीन बच्चे घायल हो गए। मोहम्मद रफीक 48 वर्ष व पत्नी हसीना 46 वर्ष स्कूटी से अपनी तीन बच्चियों के साथ अपने घर रुदौली अदाईपुर थाना मालीपुर जनपद अंबेडकर नगर से अपनी ससुराल सिकरौर सहबरी थाना सरायमीर जा रहे थे। अभी वह पवई थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव के पास सर्विस लेन पर पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही चार पहिया वाहन से टक्कर हो गई जिसमें पति व पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आयशा 10 वर्ष आरजू 12 वर्ष जैनब 5 वर्ष गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में चल रहा है। मृतक मोहम्मद रफीक घर पर रहकर सिलाई का काम करता था। मृतक के पास दो पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पैसेंजर ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव के समीप शुक्रवार की सुबह पैसेंजर ट्रेन से कट कर एकव्यक्ति की मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे मेंले लिया है। रानी की सराय थाना क्षेत्र के महमूदपुर निवासी श्रीराम यादव 55वर्ष पुत्र कौशलदीप यादव के पुत्र की गुरुवार शादी थी।सभी बारात गये थे। बारात से रात में ही श्रीराम वापस लौट आया।गांव के समीप से गुजरे रेलवे ट्रैक पर शाहगंज से आजमगढ़ जा रही पैसेंजर ट्रेन से कट कर मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही शादी की खुशी गम मे बदल गई।सूचना पाकर पहुची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के पास पांच पुत्र एक पुत्री है।थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीलकुमार सिह ने बताया कि मृतक के परिवार से कुछ कहा सुनी हुई थी, वैसे पोस्टमार्टमरिपोर्ट के बाद कारण स्पष्ट होगा।

## दो बाइकों की टक्कर में भाई-बहन घायल

**पटवध, (आजमगढ़)।** मुबारकपुर थाना अंतर्गत भटौरा गांव के पुलिया रोड पर बाइक से जा रहे भाई बहन सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पातल में भर्ती कराया गया। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के हरैया गांव निवासी कुसुम देवी उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी अमरजीत बृहस्पतिवार की दोपहर अपने भाई पिंटू पुत्र मनीराम दौरवा जीयनपुर के साथ भाई के घर जा रही थी जैसे ही भटौरा मुबारकपुर पुलिया पर पहुंची ही थी तभी तेज रफ्तार से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गयी और भाई बहन गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गये। भाई बहन को घायल देख स्थानीय लोग मदद के लिए आये। उपस्थित लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया जहां दोनों का इलाज चल रहा है।




# बृजेश राय अध्यक्ष तो विजय सिंह जिला मंत्री निर्वाचित

### माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का वार्षिक चुनाव संपन्न




**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट जिला कार्यकारिणी का वार्षिक निर्वाचन प्रतिभा निकेतन स्कूल में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मऊ के जिलाध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी जय नारायण द्विवेदी की देखरेख में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी जय नारायण द्विवेदी ने बताया कि जिलाध्यक्ष पद पर जनता इंटर कालेज ठेकमा बिजौली के प्रवक्ता बृजेश राय एवं जिला मंत्री पद पर जनता इंटर कालेज निजामाबाद के प्रवक्ता विजय कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर जनता इंटर कालेज अंबारी के प्रवक्ता परशुराम यादवए आय.व्यय निरीक्षक पद पर हनुमान नगर बैजाबारी के अध्यापक संतोष कुमार का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर विनय कुमार शुक्ला, सर्वेश्वर पांडे, आफाक अहमद, राजेश भारती, कमलेश राय, सुनील यादव एवं प्रेमशीला राय तथा संयुक्त मंत्री पद पर सुनील यादव, अमरनाथ यादव, संतोष गुप्ता, रमेश कुमार, संतोष दुबे एवं अनामिका राय का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। उक्त अवसर पर शिक्षक महासंघ के जिलाध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी, अनूप कश्यप, नवेंदु त्रिपाठी, प्रदीप यादव, गिरिजेश राय, हैप्पी राय, हृषिकेश मिश्र, प्रवीण राय, मिथिलेश, डॉ. संतोष, लालता प्रसाद, अमृत लाल, दिवाकर राम, राजेश यादव, प्रशांत राय आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## महाकुंभ पर भद्दी टिप्पणी करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**पवई, (आजमगढ़)।** सोशल मीडिया के माध्यम से महाकुंभ पर भद्दी टिप्पणी कर स्नान करती महिलाओं व लड़कियों का फोटो शेयर कर आपत्ति जनक टिपण्णी करने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के मामले में पवई पुलिस द्वारा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पवई थाना के उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार यादव द्वारा 21 फरवरी को संज्ञान में लेते हुए पवई कस्बा निवासी कादिर आजमी पुत्र इसरार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया। जिसमें आरोप है कि कादिर आजमी सोशल मीडिया के माध्यम से महाकुंभ में स्नान कर रही महिला व लड़कियों की फोटो वीडियो शेयर कर आपत्ति जनक कमेंट करना व महाकुंभ पर भ्रामक वीडियो पोस्ट करना हैए जिससे दो समूहों तथा दो संप्रदायों के बीच शत्रुता फैलाने जिससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। पुलिस का कहना है कि यह पोस्ट ट्विटरए सोशल मीडिया पर हिन्दू आस्था को भड़कानेए महिलाओं पर कमेंट व महाकुंभ पर आपत्ति जनक टिपण्णी करने के मद्देनजर कादिर आजमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# प्रेम सागर को मिली मतलूबपुर ग्राम सभा की कमान

उपचुनाव

**प्रधान की मौत से रिक्त हुई सीट पर हुआ उपचुनाव**

**पूर्व प्रधान की पत्नी को नहीं मिली जनता की सहानुभूति**



समर्थकों के साथ नवनिर्वाचित प्रधान सच्चिदानंद उर्फ प्रेम सागर मोदनवाल

**माहुल, (आजमगढ़)।** मतलूबपुर ग्राम प्रधान गजाधर प्रसाद गुप्ता की हृदय गति रूकने से मौत हो गयी थी। रिक्त सीट पर उपचुनाव हुआ जिसमें सच्चिदानंद उर्फ प्रेम सागर मोदनवाल ने जीत दर्ज की। समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

मतलूबपुर कस्बे के ग्राम प्रधान रहे गजाधर प्रसाद गुप्ता की हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई थी। इसके बाद इस सीट पर चुनाव के लिए जोड़-तोड़ की सियासत शुरू हो गई थी। आखिरकार चुनाव का बिगुल बजा और चार प्रत्याशियों ने ग्राम प्रधान के लिए अपने भाग्य को आजमाया जिसमें दिवंगत प्रधान रहे गजाधर गुप्ता की पत्नी भामा देवी ने भी अपनी किस्मत आजमाया लेकिन जनता का उन्हें सहानुभूति नहीं मिला। उन्हें 241 मत ही मिले। वहीं पहले नंबर पर रहे सच्चिदानंद उर्फ प्रेम सागर मोदनवाल को 504 मत मिले। प्रेम सागर मोदनवाल 28 साल की उम्र में ही मतलूबपुर कस्बे के ग्राम प्रधान बन गए। उनके निर्वाचित होते ही कस्बे में ढोल नगाड़े अबीर गुलाल और पटाखे छूटने लगे। भारी समर्थकों के साथ प्रेम सागर मोदनवाल आरो संजय सिंह, एआरो वीर बहादुर यादव, एडियो पंचायत अमरजीत सिंह से निर्वाचित ग्राम प्रधान का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस मौके पर विवेक मोदनवाल, नितिन मोदनवाल, जयप्रकाश जायसवाल, मिंटू जायसवाल, प्रभुदीन यादव, रणविजय यादव, सोनू यादव, सिंटू जायसवाल, दीपक मोदनवाल, धर्मेंद्र मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता हितों के विरुद्ध है संशोधन विधेयक

मांग

**अधिवक्ताओं ने जमकर लगाया नारा, किया विरोध-प्रदर्शन**

**एसडीएम को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित मांगों का ज्ञापन**



एसडीएम को ज्ञापन देने जाते फूलपुर के अधिवक्ता



निजामाबाद तहसील में प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**फूलपुर, (आजमगढ़)।** अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में फूलपुर बार एसोसिएशन की बैठक संघ के अध्यक्ष विनोद यादव की अध्यक्षता में हुई जिसका कड़े शब्दो में विरोध किया गया। सभी अधिवक्ता शुक्रवार को तीसरे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएमसुरेंद्र नारायण त्रिपाठी को सौंपा।

संघ के अध्यक्ष विनोद यादव ने इस विधेयक को अधिवक्ताओं के हित के खिलाफ बताया। उन्होंने इस विधेयक को अधिवक्ता स्वतंत्रता और प्रत्येक घातक बताते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग किया। महामंत्री संजय यादव ने कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रस्तावित एडवोकेट संशोधन विधेयक 2025 अधिवक्ताओं के हित में नहीं है। न्याय प्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अधिवक्ता स्वतंत्रता बेहद आवश्यक है,लेकिन इस संशोधन विधेयक में अधिवक्ताओं के अधिकारों को सीमित करने का प्रस्ताव किया गया है।

इस विधेयक में अधिवक्ताओं के स्वतंत्र अधिकारों पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान शामिल किए गए हैं,जिससे वे आमजन को न्याय दिलाने में बाधित हो सकते हैं।

उन्होंने अधिवक्ताओं का आह्वान किया कि सभी लोग काली पट्टी बांधकर विधेयक का विरोध दर्ज कराएं और इसके खिलाफ सशक्त विरोध प्रदर्शन भी करें।जिसे लेकर तहसील के अधिवक्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया । इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष इंदुशेखर पाठक, इश्तियाक अहमद, रमेश चंद शुक्ला, लाल चन्द यादव, राम नरायन यादव, श्रीराम यादव, देशराज यादव, घनश्याम तिवारी, ओम प्रकाश चौहान, विजय सिंह, अतुल राय, हृदय शंकर मिश्रा,शमीम काजिम, कमलेश, अंगद यादव, महेंद्र यादव, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

निजामाबाद प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय तहसील के अधिवक्ता सभागार में अधिवक्ताओं ने बैठक किया और नारेबाजी करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर बार एसोशिएशन के मंत्री चंद्रेश राम, मनोज राय,देवेंद्र राय, अनिल कुमार, मोहन, कुमार, डॉ.शहनवाज खान, लालमन यादव, कमलेश यादव, इशरत हुसैन, महेंद्र पांडेय, राम आसरे चतुर्वेदी, निलेश पाण्डेय आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने लालगंज तहसील में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी व तहसीलदार की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को सौंपा। अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को ले कर अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश दिखाई दिया। इस अवसर पर नगेन्द्र सिंह, सूर्यमणि यादव, विंध्यवासिनी राय, समर बहादुर सिंह,अमर नाथ यादव, धर्मेश पाठक, अशोक कुमार अस्थाना, रामसेवक यादव, इन्द्रभानु चैबे, हामिद अली, राजेन्द्र लाल श्रीवास्तव, शीतला राय, हरी यादव, सुनिश कुमार श्रीवास्तव, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, सन्तोष कुमार राय, कैलाश सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

## पैसों से भरा बैग लेकर उचक्का फरार

**तरवां, (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परमानपुर बाजार में स्थित आरपीएम मैरिज हॉल के सामने से पैसों से भरे बैग को लेकर उचक्के फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गयी।

गुरूवार की देर रात वाराणसी से एक बारात उक्त मैरिज हॉल में आई थी जहां पहले से ही घात लगाए बैठे उचक्के एक व्यक्ति का पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गए।

लूट की जानकारी होते ही क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। आनन-फानन में तरवा थानाध्यक्ष सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गयी और सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए जांच में जुट गई। अभी उसकी जांच चल ही रही थी कि उचक्को ने एक बार फिर चैन की छिनैती कर तरवा पुलिस को कड़ी चुनौती दे दी। अब देखने वाली बात यह होगी कि कितनी जल्दी घटना का अनावरण होगा। बहरहाल उचक्कों के हौसले बुलंद हैं।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी कलश यात्रा

आस्था

**जय श्रीराम के नारों से गूंजा सारा इलाका**

**एक मार्च को होगा समापन और भण्डारा**



कलश यात्रा में शामिल कन्याएं व महिलाएं

**पटवध, (आजमगढ़)।** बिलरियागंज विकासखंड अंतर्गत ग्राम पटवध कौतुक के प्राचीन शिव मंदिर पर नौ दिवसीय मानस महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को हाथी-घोड़े व ढोल नगाड़े के साथ भक्ति धुन पर नाचते गाते एवं आसपास के गांव से 501कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। विशेष सहयोग की भूमिका में गांव के वरिष्ठ समाजसेवी श्यामकरन राय, ग्राम प्रधान सुरेश्वरी दत्त उपाध्याय उर्फ रमंटू उपाध्याय, मंदिर के पुजारी राजेश दास, सुभाष राय,सूरज प्रकाश राय, सोनू राय मौजूद रहे।

कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर पटवध कौतुक तथा पटवध सुधाकर होते हुए पासवान बस्ती, शर्मा बस्ती होते हुए सरैया बाजार के रास्ते से पुनः मंदिर परिसर में आकर समाप्त हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ 21 फरवरी से चल कर एक मार्च को समापन किया जाएगा। समापन के दिन बृहद भंडारे का आयोजन किया गया है। यज्ञ पूजन का कार्यक्रम श्रीकांत पांडे महाराज के सानिध्य में चलेगा। तत्पश्चात शाम को श्रीराम कथा एवं भागवत कथा का अमृत पान होगा। कथावाचक के रूप में वाराणसी से आये पंडित प्रभाकर त्रिपाठी तथा मानस मर्मज्ञ ललित गिरी जी महाराज के मुखारविंद से सुनाई जाएगी।

क्षेत्रवासियों द्वारा तन, मन, धन से अपना पूरा समय यज्ञ पूजन में दिया जा रहा है। इस समय पूरा क्षेत्र राममय बना हुआ है। इस मौके पर कृपा शंकर राय, हरिकेश गुप्ता, अमित राय, अखिलेश राय, रामबचन राय, रणधीर विश्वकर्मा, इंद्रदेव राय, आदित्य राय, शिवम राय, राजा राय,चंद्रकांत राय उर्फ डब्बू राय, शेंपूल राय,अभिषेक राय, मान राय आदि उपस्थित रहे।

# वीसी में प्राप्त होने वाले निर्देशों का अनुपालन करें सुनिश्चित : मंडलायुक्त

बैठक

**फसल अवशेष प्रबंधन में ई ग्रेड प्राप्त होने पर जतायी नाराजगी, मांगा स्पष्टीकरण**

**जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को दिया रैंकिंग में सुधार करने का निर्देश**



बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त

**आजमगढ़।** मंडलायुक्त विवेक ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शासन स्तर से वीसी में प्राप्त होने वाले निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जो बेहतर स्थिति हो, उसका पालन करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं संशय/संदेह की स्थिति आए तो तत्काल दूसरे जनपद के अधिकारियों से परामर्श करें तथा उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराएं।

मंडलायुक्त ने उक्त निर्देश शुक्रवार को मंडलायुक्त सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर प्राप्त मंडल के समस्त जनपदों की विभागीय ग्रेडिंग एवं रैंकिंग की समीक्षा के दौरान समस्त विभागीय अधिकारियों को दिया। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर ग्रेड ई, डी एवं सी ग्रेड आने वाले विभागों को तत्काल अपनी ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आजमगढ़ को पूर्वदशम छात्रवृत्ति में ग्रेड सी से ई होने पर तत्काल डाटा फीड कराते हुए रैंकिंग में सुधार लाने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त ने दैनिक विद्युत आपूर्ति (शहरी) में विभाग का ग्रेड ई आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया।कृषि विभाग के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन में ई ग्रेड प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उप निदेशक कृषि से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। नमामि गंगे (जल जीवन मिशन ग्रामीण) की समीक्षा में विभाग के अधिकारी के अनुपस्थित होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया।

संक्षेप

### तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

**माहुल, (आजमगढ़)।** अहरौला थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात तमसा नदी के पुल के पास से एक व्यक्ति को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। क्षेत्र में भ्रमण कर रहे उप निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि अहरौला के तमसा नदी पुल के पास एक व्यक्ति अवैध असलहा लेकर बैठा है। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस को आता देख युवक भागने लगा जिसे पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया। पुलिस ने जब उक्त युवक की जमा तलायी ली तो उसके पास से एक अवैध तमंचा प्राप्त हुआ। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम श्रवण निषाद कोठवा जलालपुर का निवासी बताया। पुलिस को यह पता चला कि पकड़ा गया युवक के उपर अम्बेडकर नगर जिले में पशुक्रूरता अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत है और वह गैंगस्टर एक्ट में भी आरोपित है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया।



### शिक्षक पिता की स्मृति में पुत्र ने विद्यालय प्रांगण में किया पौधरोपण

**बिलरियागंज, (आजमगढ़)।** बिलरियागंज शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पाँती खुर्द पर कार्यरत अध्यापक स्वर्गीय धर्मेंद्र यादव के बड़े पुत्र संदीप यादव ने शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया और स्कूल के लिये पांच सीलिंग फैन और एलईडी लाइट भेंट किया। संदीप यादव ने कहा कि पिता स्वर्गीय धर्मेंद्र यादव विद्यालय के प्रति काफी समर्पित रहते थे बच्चों से उनका काफी लगाव रहता था। उन्होने बताया कि हमारे पिताजी हमेशा बच्चों के बेहतर शिक्षा के बारे में चर्चा करते है कि विद्यालय के बच्चे कैसे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। उन्ही की प्रेरणा से हम आज विद्यालय परिवार को पांच सीलिंग फैंन व एलईडी दे रहे हैं जिससे की बच्चे आसानी अपना पठन पाठन कार्य कर सकें। इस दौरान सुर्य कुमार रायए आशुतोष मिश्राए राजू कन्नौजिया सह.संयोजक टीचर सेल्फ केअर टीम, रीना अग्रवाल, प्रियंका राव, तारा सरोज आदि लोग उपस्थित रहे।



### अज्ञात कारणों से क्षुब्ध दो महिलाओं ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन

**पटवध, (आजमगढ़)।** जनपद के दो अलग अलग थाना क्षेत्र में अज्ञात करणों से क्षुब्ध दो महिलाओं ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत विगड़ती देख परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराये। तरवां थाना क्षेत्र के ऐरा खुर्द गांव निवासिनी बाला देवी 30 पत्नी पिंटू शुक्रवार की सुबह पति से विवाद को लेकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर देख परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वही देवगांव कोतवाली क्षेत्र के चंदभानपुर गांव निवासी रिंकी देवी ;30द्ध पत्नी गोबिंद शुक्रवार की सुबह अज्ञात कारणों से क्षुब्ध होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे महिला की हालत खराब हो गयी। हालत बिगड़ती देख परिजन उपचार के लिए जिला अस्पातल में भर्ती कराया जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

### लोजपा की बैठक 24 को

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी जिला इकाई द्वारा आगामी 24 फरवरी को जिला कार्यकर्ता बैठक एवं संगठन का विस्तार कार्यक्रम पार्टी कार्यालय कलेक्ट्री कचहरी पर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश संयोजक शिव मोहन शिल्पकार उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी जिला उपाध्यक्ष साहब लाल सरोज ने दी है।

### वन विहार को लेकर बीआरडी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फिल्म अभिनेत्री शबाना आजमी के सौजन्य से 2003 में बना**

**फूलपुर, (आजमगढ़)।** खोरासन रोड रेलवे क्रासिंग के बगल में बने कैफी आजमी वन विहार की दुर्दशा को लेकर भारत रक्षा दल के लोगों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। भारत रक्षा दल के तहसील अध्यक्ष लल्लन शुक्ला के नेतृत्व में फूलपुर स्थित खोरासन रोड रेलवे क्रासिंग के बगल में बने कैफी आजमी बन बिहार की दुर्दशा को लेकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन देकर वन विहार के रखरखाव की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया। तहसील अध्यक्ष लल्लन शुक्ला ने बताया कि पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री शबाना आजमी ने 2003 में 2 लाख 36 हजार की लागत से रेलवे स्टेशन के बगल वन विहार का निर्माण कराया था जिसमेंझूले पुस्तकालय आदि की व्यवस्था की गई थी। वर्तमान में उसकी हालत दयनीय हो गयी है। पार्क मेंझाड़ी आदि उग आई है। इसका जिम्मेदार न तो नगर पंचायत हो रहा है और न ही प्रशासन के लोग इसकी देखभाल कर रहे हैं। भारत रक्षा दल के लोगों ने तत्काल बन बिहार का पुनरोद्धार करते हुए देखभाल की व्यवस्था करने की मांग किया। इस अवसर पर मंडल सचिव जलालुद्दीन,तूफानी यादव, चन्द्रेश,जितेंद्र मिश्रा, सन्तोष गौड़,सुभाष आदि मौजूद रहे।

## प्रतिबंधित नार्कोटिक्स से संबंधित ड्रग्स पाये जाने पर करें कार्रवाई : एडीएम

**आजमगढ़।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को को.आर्डिनेशन जिला स्तरीय समिति (स्वापक) की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि पिछले माह निरीक्षण के दौरान कुछ मेडिकल स्टोर पर नारकोटिक्स से संबंधित दवाओं की बिक्री करते हुए पाये जाने एवं उससे संबंधित लाइसेंस नही दिखाने पर मेडिकल लाइसेसंस को निरस्त किया गया है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिया कि जो लाइसेंस निरस्त किये गये हैंए उसके सम्बन्ध में पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करायें कि वे मेडिकल स्टोर पुनः तो संचालित नही हो रहे हैंए इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करायें। उन्होने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिये कि जिन दवा विक्रेताओं के पास बिना अनुज्ञापन के प्रतिबन्धित एवं नार्कोटिक्स से संबंधित ड्रग्स पाये जाते हैंए तो उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि शिड्यूल एच के दवाओं की बिक्री यदि चिकित्सक द्वारा लिखे गये पर्चे के बगैर की जाती है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में सीओ सदर अनन्द चन्द्रशेखर (आईपीएस), एसीएमओ आलेन्द्र कुमार, जिला आबकारी अधिकारी, औषधि निरीक्षक सीमा वर्मा सहित वन विभागए बेसिक शिक्षाए माध्यमिक शिक्षाए आयुर्वेद विभागए नशा मुक्ति केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अध्यापक, बच्चों को नशीली दवाओं से होने वाले दुष्प्रभाव की दें जानकारी

**आजमगढ़।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा ने समाज कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षाए माध्यमिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि अपने से संबंधित विद्यालयों में हर कक्षा में प्रहरी क्लब की स्थापना करायें, प्रहरी क्लब में 3.4 बच्चों को शामिल करें, और क्लास टीचर के पास एक रजिस्टर होगा। पहरी यदि कोई बच्चा कोई एल्कोहल एवं अन्य नशीली पदार्थों का सेवन करता है तो प्रहरी क्लब का बच्चा क्लास टीचर को बतायेगा और क्लास टीचर रजिस्टर में दर्ज करते हुए प्रधानाध्यापक के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा बैठक में संज्ञान में लाया जायेगा। जिसके उपरान्त काउन्सलर के माध्यम से काउन्सलिंग करायी जायेगी। उन्होने निर्देश दिया कि प्रहरी क्लब की नियमित मानीटरिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होने बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिये कि विद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर अध्यापकों के माध्यम से बच्चों को नशीली दवाओं से होने वाले दुष्प्रभाव के सम्बन्ध में जानकारी दिया जाय एवं नशे के विरूद्ध शपथ भी दिलायी जाय। उन्होने यह भी कहा कि स्कूलोंए विद्यालयों में तथा उनके आस.पास नशे के लत के विरूद्ध शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जाय। यदि किसी भी स्कूलए विद्यालय के आस.पास किसी दुकान पर नशे के सामान की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो पुलिस विभाग के सहयोग से ऐसे दुकानों के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर अवैध मदिरा बेचने वालों के ऊपर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

**बैठक**

**51 मदों में मण्डल के तीनों जनपदों को ए प्लस श्रेणी प्राप्त**

**कानून व्यवस्था की समीक्षा कर ली जानकारी**

**जनसंदेश न्यूज**



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल के तीनो जनपदों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सी0एम0 डैश बोर्ड विकास में प्राप्त रैकिंग के अनुसार शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों, कानून, ट्रैफिक व्यवस्था के कार्यो के प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन, सोनभद्र बी0एन0 सिंह, भदोही विशाल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक मीणा, पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार, भदोही शिवाकान्त द्विवेदी, सोनभद्र जागृति अवस्थी, अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र सहित सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहें। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास सम्बंधी कार्यो में 51 मदो में मण्डल के तीनों को ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुआ है।

मण्डलायुक्त सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को बी0 व सी0 श्रेणी प्राप्त हुई है वे अगले माह प्रगति में सुधार लाते हुए कम से कम से ए श्रेणी लाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा में असंतोषजनक फीडबैंक काफी संख्या में पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा शिकायतो के निस्तारण से पूर्व शिकायर्ता से वार्ता करे तथा मौके पर जाकर अधिकारी शिकायतो का निस्तारण करे ताकि असंतोषजनक फीडबैक न प्राप्त हो। उन्होंने कहार कि शिकातयों के निस्तारण की आख्या का फीडबैंक मुख्यमंत्री कार्यालय से भी लिया जा रहा है अतएव सभी अधिकारी पूरी पारदर्शिता के साथ शिकायतों का निस्तारण करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि अशोक उपाध्याय, अपर निदेशक स्वास्थ्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सी0एल0 वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## प्रबंधक पर चल रहे भ्रष्टाचार के मामले में कोर्ट ने जारी किया गैर जमानती वारंट

**राजगढ़।** किसान विद्यालय के वर्तमान प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पम्मी ने महाविद्यालय की खाली पड़ी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमाने के बाद उस पर पक्के मकान का निर्माण करा दिया है तथा नवनिर्मित दुकानों का एग्रीमेंट कर लाखों रुपए वसूल कर लिए। इस मामले में पक्षकारों ने घोर विरोध जताया और उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्रवाई करने की मांग किया था।

लेकिन काफी जद्दोजहद एवं तमाम जांच-पड़ताल के बाद किसी तरह तो भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया लेकिन पुलिसिया कार्रवाई सिफर रही। हालांकि जिले के अधिकारियों की हीलाहवाली देख किसान महाविद्यालय के प्रबंधक जय प्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू, विजय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह तथा भूमि प्रदाता के पारिवारिक सदस्यों के द्वारा महाविद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जा तथा अनैतिक रुप से दुकानों का एग्रीमेंट कर धन उगाही करने का वाद जिला सत्र न्यायालय में दर्ज कराया गया था। न्यायालय के द्वारा मुकदमें की सुनवाई के दौरान विपक्षी प्रमोद कुमार सिंह को साक्ष्य के साथ अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया गया था। लेकिन प्रबंधक द्वारा न तो कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया गया और न ही हाजिर हुए जिसका संज्ञान लेते हुए अपर सिविल जज ज्यूडिशियल ने गैर जमानती वारंट जारी करते हुए स्थानीय पुलिस को निर्देश दिया है कि किसान इण्टर कालेज के प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पम्मी को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश जारी किया है। लेकिन सालों से चल रहे इस मामले में जिले के सक्षम अधिकारियों ने अपने ही जांच में प्रमोद कुमार सिंह को गलत पाया था और उनके खिलाफ जांच रिपोर्ट लगाकर उच्चाधिकारियों को प्रेसित किया था।

बावजूद इसके कार्रवाई करने से बचते रहे। ऐसे में न्यायालय ने विचाराधीन मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए किसान विद्यालय के वर्तमान प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पम्मी को गिरफ्तार कर पुलिस कस्टडी के साथ 4 मार्च को कोर्ट में हाजिर कराने का आदेश जारी किया है। लेकिन कोर्ट का आदेश होने के बावजूद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन बेबस व लाचार बनी हुई है और गिरफ्तार करने से बचती नजर आ रही है।

## संक्षेप

### दिव्यांग शिविर का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** ब्लॉक मुख्यालय पर शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी डाक्टर रक्षिता सिंह की देखरेख में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 319 लाभुकों ने पंजिकरण कराया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा परीक्षण कर 80 लोगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया गया। शिविर में योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों की भीड़ की वजह से शाम पांच बजे तक कैंप में लाभार्थी पंजीकरण कराते रहे। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा0 अनुराग पटेल, नेत्र सर्जन डा0 मफतलाल एवं ईएनटी विशेषज्ञ डा0 महेंद्र कुमार ने आवेदकों का परीक्षण किया। शिविर में 60 यूडीआईडी कार्ड जारी किया गया। कान मशीन के लिए 10, चश्मा के लिए 20, छड़ी के लिए 20, ट्राई साइकिल के लिए 20, व्हील चेयर के लिए 20, कृत्रिम अंग के लिए 30 दिव्यांगों तथा एमआर के लिए 5 का चयन किया गया। 30 लोगों का पेंशन केवाईसी एवं 24 का पेंशन एनपीसीआई किया गया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण रमाकांत मिश्रा, अनुराग मिश्रा, राजकुमार, अजय कुमार, दिलशाद बाबू, कलाम उपस्थित रहे।

### ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** क्षेत्र के बेलखरा गांव में एडीओ कोआपरेटिव विजयभान सिंह एवं बभनी गांव में एडीओ आईएसबी मुकेश कुमार शर्मा की देखरेख में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने आवास एवं नाली खड़जा बनवाए जाने की मांग किया। बेलखरा गांव में महेंद्र एवं मंगत ने प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाए जाने की मांग किया। बभनी में आयोजित चौपाल में एडीओ आईएसबी ने ग्रामीणों को फेमिली आईडी कार्ड के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया एवं बनवाने का आह्वान किया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश सिंह एवं अजय कुमार सिंह, ग्राम सचिव अश्वनी कुमार सिंह एवं मुकेश कुमार गौतम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### जंगल में मृत पाया गया विलुप्त प्रजाति का पक्षी

**मड़िहान।** लालगंज रेंज के बहुती कंपार्टमेंट नंबर दो के तेलीमार जंगल में शुक्रवार को वन विभाग की टीम भ्रमण कर रही थी। इस दौरान जंगल में एक विलुप्त प्रजाति का पक्षी गिद्ध मृत पड़ा था। भ्रमण कर रहे वन दरोगा महेंद्र सिंह कुशवाहा के साथ वनरक्षक पिंटू लाल यादव, राजदीप व केस राज मृत पक्षी को उठाकर पटेहरा वन चौकी पर ले गए। जहां पशु डॉक्टर संदीप कुमार सिंह द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे दफना दिया गया। लालगंज रेंजर के के सिंह ने बताया कि गस्त के दौरान एक गिद्ध मृत मिला है, जिसका पोस्टमार्टम कराया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### कुल्हाड़ी से वार कर दो को किया लहूलुहान

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पड़रिया कला में वर्षो से चला आ रहा रास्ता विवाद में दो भाई के परिवार से विवाद में कुल्हाड़ी से वार कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। थाना क्षेत्र के पड़रिया कला में रामा और नन्हकू से रास्ता का विवाद डेढ़ दशक से चला आ रहा है। गुरुवार देर रात विवाद इस कदर पहुंचा कि रामा पक्ष की ओर से 42 नन्हकू को हांथ में, 18 वर्षीय अरविंद को कमर पर कुल्हाड़ी से वार कर लहूलुहान कर दिया। उपचार हेतु एंबुलेंस से पीएचसी पटेहरा ले आए। प्रभारी डाक्टर अभिषेक जायसवाल द्वारा दोनों घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर किया। थाना संतनगर द्वारा रामा और राजेश को पुलिस गिरफ्तार कर एसडीएम मड़िहान के न्यायालय में हाजिर किया। अमरजीत की खोज जारी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतनगर जितेंद्र सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### वध हेतु ले जाए जा रहे 33 गोवंश बरामद

**लालगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ व पशु तस्करो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के निर्देश के क्रम में थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मय पुलिस टीम बरौधा ओवर ब्रिज के पास से डीसीएम ट्रक पर लदे 33 राशि गौवंशों को बरामद कर गोवध निवारण अधिनियम 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय जेल भेजा गया। पुलिस उपाध्यक्षीक अशोक कुमार सिंह के कुशल निर्देशन पर थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह मय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर बरौधा ओवर ब्रिज के पास से एक डीसीएम ट्रक पर लदे 33 राशि गोवंशो को बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना लालगंज पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय जेल भेजा गया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम हमेशा क्षेत्र में भ्रमणशील है। अपराध में लिप्त अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा।

### डीपीआरओ ने तीन सचिवों के अनुपस्थित होने पर की कार्रवाई

**हलिया।** ब्लाक परिसर में डीपीआरओ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को सचिवों के साथ बैठक कर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गांव वार सचिवों से समीक्षा के दौरान विद्यालय के किचन सेड में टाइल्स, ग्राम पंचायत में नाली, हैंडपंप मरम्मत आरआरसी सेंटर के साथ ई रिक्शा संचालन के बारे में जानकारी ली तथा सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया। सूचना के बाद भी बैठक में अनुपस्थित रहे सचिव विजय कुमार, शैलेंद्र व अरविंद तीनों सचिवों का एक दिन का बेतन रोकने के लिये डीडीओ को पत्राचार की बात कही। एक सप्ताह में अधूरे कार्यों को पुर्ण करने का सचिवों को निर्देश दिया है। इसके बाद हलिया में बने आर आरसी सेंटर का स्थलीय निरीक्षण कर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव को आवश्यक निर्देश दिया है। इस संबंध में डीपीआरओ संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक की सूचना के बाद भी अनुपस्थित रहे तीन सचिवों का एक दिन का बेतन रोका जाएगा। एक सप्ताह में अधूरे कार्य पुर्ण नहीं करने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, कौशलेंद्र राय, राजेंद्र विंद, दिनेश यादव, मनोज गौड़, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, संदीप कुमार, बाल कृष्ण, गौरव, दिनेश कुमार आदि सचिव उपस्थित रहे।

### विद्युत तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**अदलहाट।** थाना अन्तर्गत बैकुंठपुर गांव के सामने बाइपास ओवर ब्रिज के पास शुक्रवार को सुबह हाईवोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। ग्राम प्रधान भभुआर सुधीर सिंह ने बताया कि भभुआर ग्राम निवासी गुड्डू सोनकर 30 वर्ष पुत्र नरेश सोनकर नरायनपुर बंद रेलवे फाटक के पास मुर्गा का दुकान खोल रखा था। सुबह दुकान खोलने के बाद शौच लगने पर बाइक से ओवर ब्रिज के पास तक गया। बाइक खड़ा करके ब्रिज उस पार गंगा नहर सैफन के पास शौच करने के पूर्व गिरे हुए हाईवोल्टेज तार को हटाने लगा तो उसमें प्रवाहित हो रहे विद्युत करंट की चपेट में आकर झुलसने लगा। पास ही गंगा नहर में स्नान कर रहे ग्रामीणों ने पत्थर फेंक कर बचाने का प्रयास किया तब तक उसकी मौत हो गयी। मृतक को दो पुत्री है। घटना की जानकारी होते ही चौकी इंचार्ज नरायनपुर जयदीप सिंह मौके पर पहुंच गये। आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक व्याप्त हो गया। परीजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही से युवक की मौत हो गयी। हाईवोल्टेज तार टूटकर गिरने के बाद भी विद्युत विभाग सोया रहा। कर्मचारियों को क्यों नहीं पता चला की हाईवोल्टेज तार टूट कर गिर गया है। अगर तार टूटने के साथ विद्युत सप्लाई बंद हो जाती तो भी उक्त अप्रिय घटना से बचा जा सकता था।

### सीपीडब्ल्यूडी में दूसरा स्थान प्राप्त कर अमित कुमार मिश्रा ने जनपद का नाम किया रोशन


अमित कुमार मिश्रा

**लालगंज।** तहसील क्षेत्र में स्थित नदौली गांव निवासी अमित कुमार मिश्रा ने एसएस जेई 2024 परीक्षा में पूरे भारत में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग सीपीडब्ल्यूडी में दूसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र समेत जनपद का नाम रोशन किया है। क्षेत्र के लोग बधाई देने के लिए अमित मिश्रा के घर पहुंच रहे हैं। हलिया विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत नदौली पुरवा गांव निवासी रामदयाल मिश्र को प्रपौत्र व संतोष कुमार मिश्र के पुत्र अमित कुमार मिश्र बाल्यकाल से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। प्राथमिक शिक्षा अपनी माता सुधा मिश्रा से प्राप्त किए थे। पिता संतोष कुमार मिश्र किसी प्राइवेट कंपनी में बतौर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। पिता संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में इस परीक्षा में 5 लाख लगभग विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें अमित कुमार मिश्रा ने अपने मेहनत कौशल के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। अमित कुमार मिश्रा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा गाजियाबाद के केंद्रीय विद्यालय से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया था। बीटेक और एमटेक की पढ़ाई मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज प्रयागराज से किए हैं। अमित कुमार मिश्र को सर्वोच्च सफलता प्राप्त करने पर गांव के लोगों में हर्ष व्याप्त है। अधिवक्ता विजय नारायण मिश्र, केदारनाथ शुक्ला, इंद्रजीत शुक्ला, जगतनारायण मिश्र, सिद्धनाथ पाल, मनोज दूबे आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## संक्षेप

### छत से गिरकर बालक की मौत

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मल्लेपुर गांव में छत से गिरकर 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मल्लेपुर गांव निवासी संतोष कुमार यादव का 14 वर्षीय पुत्र प्रियांसु यादव शुक्रवार की सुबह अपने घर के छत पर गया था। किसी तरह उसका पैर फिसलने से छत के सीढ़ी पर से गिरते हुए नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख परिजनों ने आनन फानन में निजी वाहन से घायल प्रियांशु को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चील्ह पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। परिजन ट्रॉमा सेंटर ले गए जहां देखते ही डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रियांसु के मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक प्रियांशु दो भाईयों में बड़ा था।

### चौपाल में पक्की नाली निर्माण कराने की मांग

**गैपुरा।** छानबे ब्लाक के बघेड़ा कला एवं कोलेपुर गांव में शुक्रवार को ग्राम पंचायत सचिवालय पर संपन्न हुई चौपाल में बस्तियों में गंदे पानी के निस्तारण के लिए भूमिगत पक्की नाली निर्माण कराए जाने की मांग की गई। बघेड़ा कला में सेक्रेटरी सौम्या सिंह ने बताया कि बस्तियों में ढाई सौ मीटर भूमिगत पाइप बिछाई गई है। पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। पक्की नाली अथवा सोख्ता गड्ढा बनाए जाने कर गंदे पानी का डिस्पोजल किया जाएगा। सेक्रेटरी ने बताया कि आवास के लिए सर्वे का काम पूरा कर लिया जाएगा। एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद पटेल ने बताया कि राशनकार्ड चाहिए तो फेमिली आईडी जरूरी है। एडीओ कृषि दयाराम चौकसे ने जनसेवा केंद्र से ई फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए कहा। बघेड़ा कला में प्रधान विजय शंकर बिंद तथा कोलेपुर में प्रधान अनूप सिंह ने चौपाल की अध्यक्षता की। वहीं सेक्रेटरी नदारत रहे।

### पंद्रह लाख की चोरी की घटना में पुलिस के हाथ खाली

**गैपुरा।** थाना क्षेत्र के चड़ैचा गांव में बंद पड़े मकान से पंद्रह लाख की चोरी का मामला सामने आया है। मकान मालिक का कहना है कि घटना की रिपोर्ट दर्ज करने में उदासीनता बरती जा रही है। चड़ैचा गांव निवासी श्रीकृष्ण मिश्रा राजस्व विभाग में लेखपाल हैं। फिलहाल वह आजमगढ़ में राजस्व निरीक्षक का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने बीते 23 जनवरी को नैनी प्रयागराज में गृह प्रवेश के कारण वहीं रुक गए थे। बीते 16 फरवरी को घर पहुंचे तो मकान के बाहरी दरवाजे का ताला बंद था। किंतु अंदर कमरों का ताला तथा आलमारी का लाकर टूटा हुआ था। उनकी पत्नी व बहुओं का करीब पंद्रह लाख का सोने चांदी का जेवरात चोर उठा ले गए थे। थाना प्रभारी शैलेश राय ने बताया कि छानबीन की जा रही है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। जबकि मकान मालिक का कहना है कि अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं किया गया है।

### विद्युत कर्मचारियों का 86वें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी

**मीरजापुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि केवल एक शहर आगरा के निजीकरण से पावर कारपोरेशन को प्रतिवर्ष सैकड़ो करोड रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। पॉवर कारपोरेशन आगरा में निजी कम्पनी को बिजली देने में ही अब तक 2434 करोड रुपए का घाटा उठा चुका है। संघर्ष समिति ने कहा कि राजस्व और एटी एंड सी हानियों, दोनों मामलों में केस्को का परफॉर्मेंस आगरा में टोरेंट पॉवर कंपनी से बेहतर है। संघर्ष समिति ने मांग की है कि सरकारी वितरण निगम केस्को के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के व्यापक हित में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का फैसला तुरंत वापस लिया जाए। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 86 वें दिन बिजली कर्मियों ने सभी जनपदों, परियोजना मुख्यालय और राजधानी लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने कहा कि आगरा के साथ कानपुर शहर की बिजली व्यवस्था भी टोरेंट पावर कंपनी को सौंपने का निर्णय हुआ था। केस्को के बिजली कर्मियों के संघर्ष के चलते कानपुर शहर की बिजली व्यवस्था टोरेंट को नहीं सौंपी जा सकी। अंततः सरकार को केस्को के निजीकरण का करार रद्द करना पड़ा था। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण का नया निर्णय लेने के पहले आगरा और ग्रेटर नोएडा में निजीकरण के चलते पॉवर कारपोरेशन को हो रहे घाटे की समीक्षा किया जाना बहुत जरूरी है। संघर्ष समिति ने कहा कि उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के व्यापक हित में निजीकरण का निर्णय तुरंत वापस लिया जाए। विरोध सभा में मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने इंजीनियर दीपक सिंह, अमित कुमार, पंकज कुमार, प्रमोद कुमार, अंशु कुमार पांडेय, रमेश, राजेश कुमार गौतम, रामजन्म आदि मौजूद रहे।

### शिव पार्वती विवाह कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को कथावाचक घनश्याम दास महराज ने शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई। कथावाचक ने कहा कि माता पार्वती की घोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने विवाह की सहमति दे दी। कहा कि भगवान शिव के विवाह के बारे में पुराणों तथा श्रीराम चरित मानस में बड़ा ही सुन्दर वर्णन मिलता है। कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने सबसे पहले माता सती से विवाह किया था। उनका यह विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था। सती के पिता दक्ष भगवान शिव से अपने पुत्री का विवाह नहीं करना चाहते थे लेकिन ब्रह्माजी के कहने पर यह विवाह संपन्न हो गया। राजा दक्ष ने यज्ञ में भगवान शिव को आमंत्रित नही कर उनका अपमान कर दिया था। जिससे नाराज होकर माता सती ने यज्ञकुंड में आत्मदाह कर लिया। इस घटना के बाद भगवान शिव बहुत क्रोधित हुए और शिवगणों ने यज्ञ विध्वंस कर दिया भगवान शिव ने राजा दक्ष का सिर धड़ से अलग कर दिया और तपस्या में लीन हो गए। उधर माता सती ने हिमाचल के के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया और कठिन तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न कर विवाह किया। इस दौरान कथा आयोजक भानु तिवारी, पिंकेश सिंह, मिथिलेश सिंह, राकेश तिवारी, उमानाथ मिश्र, राजू शुक्ला, अमर बहादुर सिंह, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### बाइक के धक्के से महिला घायल

**चील्ह।** थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी चेतगंज अंतर्गत चील्ह गोपीगंज मार्ग पर अनुरुद्धपुर पुरपूरब पट्टी गांव में गुरूवार की देर रात 62 वर्षीय महिला अमरावती देवी पत्नी स्वर्गीय छोटे लाल हरिजन अपने घर के सामने रोड किनारे खड़ी थी। उसी दौरान मीरजापुर की तरफ से गोपीगंज की तरफ जा रहा तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को देख पहुंचे परिवारजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए घायल महिला को निजी वाहन से गोपीगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना पर पहुंची चेतगंज पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है।

## चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से मोबाइल बरामद

**मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल पर वादी मनोज कुमार राय निवासी भावरकोल जनपद गाजीपुर द्वारा मोबाइल चोरी के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी विन्ध्याचल को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उप निरीक्षक मनोज कुमार राय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से आरोपी सचिन कुमार सोनी पुत्र राकेश सोनी निवासी कंतित हनुमान मंदिर थाना विन्ध्याचल व सलमानु उर्फ कमालुद्दीन पुत्र मो0 यासीन निवासी स्टेट बैंक रोड़ थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के कब्जे से चोरी 05 मोबाइल बरामद करते हुए जेल भेजा गया।

# गरीब, मजदूर व किसानों के लिए सिर्फ धोखा है बजट : देवी प्रसाद

**आयोजन**

**पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

**जनसंदेश न्यूज**




**जमालपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन जमालपुर मिल्की गांव शिवपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी रहें। उन्होंने कहा कि विधानसभा में पेश यूपी के बजट में गरीब, मजदूर और किसानों के लिए सिर्फ धोखा है।

महाकुंभ के नाम पर जो अराजकता फैलाई गई उसके लिए उत्तर प्रदेश की सरकार जिम्मेदार है। चौधरी ने कहा कि किसानों का हाल दिन प्रतिदिन खराब होता जा रहा है। व्यापारी परेशान हैं और अल्पसंख्यकों को टार्गेट करके सताया जा रहा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि आज से ही कमर कस लें कि 2027 में योगी को सत्ता की कुर्सी से उतार देना है। चौधरी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के साथ अगड़ी जाति और पिछड़े लोगों को घर जाएं और मोदी-योगी सरकार की गलत नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करें। जनपंचायत में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार अमृत स्नान के नाम पर कुंभ में मृतकों का आंकड़ा ठीक से नहीं दे रही है। इस दौरान प्रदेश सचिव दामोदर मौर्य, पूर्व विधायक जगदंबा सिंह पटेल, छानबे विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहीं कीर्ति कोल, प्रदेश सचिव रामराज सिंह पटेल, लालता प्रसाद बियार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन अमन पटेल ने तथा संचालन ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव ने किया।

# दस दिन के अंदर लंबित प्रार्थना पत्रों का करें निस्तारण : आईजी

**समीक्षा बैठक**

**महिला संबंधी अपराधों में गाइडलाइन के अनुरूप त्वरित कार्रवाई करने का दिया निर्देश**

**कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की मंशा रखने वालों पर रखें सतर्क दृष्टि**



**मीरजापुर।** पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह द्वारा परिक्षेत्र के तीनों जनपदों की अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण एवं वांछित, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, भूमि संबंधी विवादों का सम्पूर्ण समाधान दिवस, समाधान दिवस पर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारित कराने, रात्रि में चैराहे, तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने, पिछले 10 वर्षों में चोरी, लूट, व अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र रखने वालों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा जनपद के टॉप -10, अपराधियों के विरुद्ध गुंडा ,गैंगस्टर, 14(1)के अंतर्गत जब्तीकरण कराते हुए ऐसे अपराधियों का जमानत निरस्तीकरण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कठोरतम कार्यवाही के भी निर्देश दिये। मादक पदार्थ के अभियुक्तों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कराते हुए अधिक से अधिक बरामदगी कराने के निर्देश दिये गये।

महाकुम्भ व आगामी त्यौहार पर छोटी-छोटी घटना को गंम्भीरता से लेते हुए तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर विवादों को हल कराया जाय। साथ ही साथ शांति समितियों तथा विभिन्न आयोजको से बैठक करके समस्त आपेक्षित व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के दृष्टिगत उनकी सहभागिता प्राप्त की जाय। त्यौहारों के दृष्टिगत सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे ट्वीटर,वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर सतर्क दृष्टि रखी जाये। भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट पर तत्काल संज्ञान लेकर पुलिस द्वारा खण्डन करते हुए भ्रामक पोस्ट फैलाने वाले पर आवश्यक कार्यवाही की जाय।

## अधिवक्ता अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों के विरोध में अधिवक्ता हुए लामबंद



**मीरजापुर।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ एवं उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय के निर्देश पर शहर के शिवाला महंत स्थित राज्य जीएसटी कार्यालय पर संयुक्त टैक्स बार के नेतृत्व में कर अधिवक्ताओं ने सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कार्यालय परिसर में चक्रमण किया और केंद्र सरकार सहित संशोधन से सम्बंधित सभी जिम्मेदार संस्थाओं एवं व्यक्तियों को चेतावनी दी कि उक्त कालें प्रस्तावों के वापस होने एवं अधिवक्ता संरक्षण बिल लागू होने तक अब पुरे देश के अधिवक्ता शांत नही बैठेंगे। इन्ही सब विषयों पर आगामी 25 फरवरी को कार्य बहिष्कार भी करने का निर्णय लिया गया है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एक तरफ हम अधिवक्ता अधिवक्ताओ के हितों की रक्षा के लिए अधिवक्ता संरक्षण बिल लागू करने की बाट जोह रहें है जिसके लिए प्रस्ताव भेजा भी जा चुका है लेकिन उक्त बिल को लागू कर अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने की बजाय केंद्र सरकार सहित सुप्रीम कोर्ट अब अधिवक्ताओं को प्राप्त मूलभूत अधिकार भी छीनने का प्रयास कर रहे है। आंदोलन के दौरान संयुक्त टैक्स बार के अध्यक्ष अतुल जायसवाल के नेतृत्व में कर अधिवक्ता संघ, टैक्सेशन बार एसोसिएशन एवं विंध्य टैक्स बार के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## समस्याओं को लेकर खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार



**राजगढ़।** मड़िहान तहसील क्षेत्र अंतर्गत कूड़ी ग्राम पंचायत के दर्जनों खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया। खिलाड़ियों ने बताया कि हम कूड़ी ग्राम पंचायत के रहने वाले हैं। हम युवाओं का सपना है कि खेल के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। परंतु गांव में खेल कूद करने के लिए मैदान नहीं है। गांव के खिलाड़ी स्कूल के ग्राउंड पर ही कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, स्लो मोशन साइकिलिंग जैसे खेलों की तैयारी कर जिला स्तर, मंडल स्तर, केंद्र स्तर तक अपने खेलों का प्रदर्शन कर अपने गांव तथा जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। महिला कबड्डी टीम को तैयारी करने के लिए दूसरे गांव में जाना पड़ता है। हम लोगों के द्वारा वर्तमान ग्राम प्रधान गुलाब मौर्य एवं खंड विकास अधिकारी राजगढ़ से मिलकर खेल मैदान बनवाने का मांग किया गया था। जिससे नाराज होकर कंपोजिट विद्यालय कुड़ी के प्रधानाध्यापक तथा ग्राम प्रधान स्कूल में खेलने से हम लोगों को मना कर दिए। तहसील प्रशासन द्वारा भी अभी तक कोई मदद नहीं किया गया। अपने मांग पत्र में खिलाड़ियों ने खेल ग्राउंड बनवाने के लिए मांग किया। जिलाधिकारी ने जल्द ही खेल मैदान निर्माण की समस्या के निराकरण का आश्वसन दिया। ज्ञापन देने वालों में शिवा मौर्या, अनिकेत, रोहित कुमार, बंदना, पायल, अनामिका, रितिका, शालिनी यादव अनीता संध्या रोशन सूरज रोशन यादव अनीश प्रदुम कुमार बाबा सहित दर्जनों खिलाड़ी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# ड्राइविंग लाइसेंस के लिए जल्द शुरू होगा ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक

**जाना हाल**

## जिले में तीन जगह बन रहे निर्माणाधीन एडीटीसी का एआरटीओ व आरआई ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज


निर्माणाधीन एडीटीसी का निरीक्षण करते एआरटीओ

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज के छपका पावर हॉउस के पीछे आटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक लगभग बनकर तैयार हो गया है। इस सेंटर पर वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। निर्माणाधीन एडीटीसी का औचक निरीक्षण करने एआरटीओ व आरआई धमक पड़े। यहां बन रहे सेंटर की गहनता से जांच कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि मार्च तक हर हाल में सेंटर तैयार करने का निर्देश प्रशिक्षण केंद्र के प्रोपाइटरों को दिया है। निरीक्षण आख्या शासन को बना कर भेज दिया गया है। परिवहन आयुक्त के सख्त निर्देश के बाद विभाग पीपीपी मॉडल पर एडीटीसी का निर्माण कार्य काफी तेजी से कराने में जुट गया है। परिवहन विभाग के एआरटीओ प्रशासन धनवीर यादव ने बताया कि राबर्ट्सगंज के छपका में दो एकड़ में आटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक बन रहा है। यह सेंटर चालकों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण देगा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पीपीपी मॉडल के तहत ऐसे ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इससे परिवहन विभाग की तरफ से निजी संस्थाओं को लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया गया है।

जिले में तीन सेंटर का निर्माण हो रहा है। पहला सेंटर तेज सिंह का कार्य लगभग पूरा हो गया है। मशीन व कैमरा लगना बाकि है। उम्मीद है इस वित्तीय वर्ष के समापन तक सेंटर बन कर तैयार है। मार्च तक संचालन करने का आदेश दिया गया है। सेंटर का उद्देश्य ड्राइविंग स्किल में सुधार करना है। यह पूरी तरह से आधुनिक व हाईटेक होगा। दूसरा हिन्दुआरी के पास शिवा एडीटीसी और तीसरा संत कीनाराम स्कूल के पास ग्रामीण इंटरप्राइजेज एडीटीसी बन रहा है। इन सब सेंटरों को जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

### सड़क सुरक्षा को मिलेगी मजबूती

**सोनभद्र।** जनपद में ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल व टेस्टिंग ट्रैक न होने से परिवहन विभाग के अफसरों पर आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दूर दराज व ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोग गाड़ी लेकर नहीं आ पाते हैं, जिससे उनको टेस्ट देने में असुविधा होती है। इन सेंटरों से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके चालकों से सड़क सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। जनपद में तीन-तीन ट्रेनिंग स्कूल बन जाने के बाद शिकायतों का दौर खत्म हो जायेगा और ट्रेंड चालक से सड़क सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। ट्रैक बनने के बाद लोगों को ट्रेनिंग सेंटर में ही जाकर टेस्ट देना होगा।

# सोनभद्र घोषित किया जाए पर्यटन जिला: भूपेश चौबे

**रखी बात**

## सदर विधायक ने विधानसभा में बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान रखी बात

जनसंदेश न्यूज



विधानसभा में बोलते सदर विधायक

**सोनभद्र।** सदर विधायक भूपेश चौबे ने बजट सत्र में अपने अभिभाषण के दौरान कहा कि जनपद सोनभद्र प्राकृतिक संपदा से भरपूर जिला है, यहां पर अनेकों नदी, नाले, पहाड़ और प्रसिद्ध देवस्थान हैं। यह जिला पर्यटन दृष्टि से भरपूर है। इसे ध्यान में रखते हुए सोनभद्र को पर्यटन जिला घोषित किया जाए। जनपद में प्लास्टिक मुक्त पंचायत अभियान चलाकर जनपद के हर गांव को प्लास्टिक मुक्त किया गया। जिले को प्लास्टिक मुक्त जिला घोषित किया जाए। सदर विधायक भाषण के दौरान अपने विधानसभा की बातों को रखते हुए कहा कि कोन, चतरा ब्लॉक व डाला नगर पंचायत में नौजवानों को खेलने के लिए बड़ा स्टेडियम बनाया जाए। कहा कि खनन क्षेत्र का विस्तारीकरण करने के लिए धारा 20 का प्रकाशन अविलंब कराया जाए। सरकार द्वारा पेश बजट प्रदेश का चौमुखी विकास करने वाला है। यह बजट नए उत्तर प्रदेश के नवीन सपनों तथा गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक नया अध्याय लिखेगा। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया यह बजट प्रदेश के इतिहास में सबसे बड़ा बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि सोच वाला बजट है। इस ऐतिहासिक बजट के लिए वे जनपदवासियों की तरफ से वित्त मंत्री का आभार प्रकट करते हैं।

## संक्षेप

### 83 दिव्यांगजनों को बांटे गये सहायक उपकरण, खिले चेहरे

**सोनभद्र।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी के निर्देशन में शुक्रवार को विकास खंड परिसर बभनी में कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख बेबी सिंह एवं खंड विकास अधिकारी ने की। इस दौरान 64 ट्राईसाईकिल व बैसाखी, 10 व्हीलचेयर, छह लिप्रोसी किट एवं तीन स्मार्ट केन का वितरण कर 83 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं के बारे में बताया गया एवं दिव्यांगता की रोकथाम एवं उससे बचाव के बारे में भी बताया गया। वहीं दिव्यांगजनों को पेंशन का निर्बाध लाभ प्राप्त करने के लिए एनपीसीआई एवं केवाईसी करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर सुयश कुमार शुक्ला, गोलू कुमार, विनय कुमार, मोहम्मद तलहा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### गिरा शीशम का पेड़, कोई हताहत नहीं

**ओबरा।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत चोपन रोड पर हो रहे लाखों रुपए के नाला निर्माण के दौरान शुक्रवार को एक शीशम का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने की सूचना वन विभाग को मिलते ही एसडीओ अभिषेक राय द्वारा तत्काल वन रेंजर इंद्रजीत पाल को मौके पर भेज कर पेड़ का मुआयना कराया गया। कार्य की देखरेख कर रहे लोगों ने बताया कि पंचशील कंस्ट्रक्शन द्वारा उक्त नाले का निर्माण कराया जा रहा है। फर्म के मालिक गणेश तिवारी हैं, जिनकी देखरेख में नाला निर्माण होना है। रेंजर श्रीपाल ने बताया कि बगैर वन विभाग को सूचना दिए पेड़ को टुकड़ों में काटकर ले जाना अपराध की श्रेणी में आता है। कहा कि पेड़ की स्थिति को देखते हुए वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल

**करमा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिरसिया ठुकराई पुरवा अकड़ी पर शुक्रवार को आमने-सामने दो बाइकों की टक्कर में रामनारायण कोल 52 पुत्र डंगर कोल निवासी तालर, राजगढ़ मीरजापुर की मौके पर मौत हो गयी। जबकि उसकी पुत्री पायल 18 घायल हो गई। दूसरे बाइक से खैरपुर की तरफ से आ रहे बाइक सवार सुबास यादव 30 पुत्र बालेश्वर यादव व मनोज यादव 25 पुत्र रामबली यादव घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल निजी साधन से घायलों को इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर भेजवाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गयी।

### घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भटौलिया गांव के अधेड़ की इलाज के दौरान शुक्रवार की तड़के मौत हो गयी। मौत की खबर लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि भटौलिया गांव निवासी वहीदुद्दीन 45 पुत्र कमरुद्दीन बीते गुरुवार को किसी काम से ऑटो से नरायनपुर जा रहा था कि आटो तेनुआ वीर बाबा के समीप पहुंचा ही था कि हाइवा की चपेट में आ गया। जिससे वहीदुद्दीन गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे नरायनपुर स्थित किसी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

### अगलगी में गृहस्थी खाक

**डाला।** चोपन विकास खंड अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के टोला मेटियाडांड, पतगढी निवासी सर्वजीत गोंड पुत्र स्व. रामचन्द्र गोंड के कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे घर के अंदर रखा गृहस्थी का समान जलकर राख हो गया। बताया गया अचानक घर में आग लगने के बाद पड़ोसी व आसपास के लोगों द्वारा हैंडपंप से बाल्टी व अन्य बर्तनों में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब घर में रखा राशन व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में वीडियो बनाकर विवाहिता को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही में जुटी हुई थी। उसी बीच मुखबिर के सूचना पर शुक्रवार को वांछित सुरेश कुमार यादव पुत्र रामप्रसाद निवासी गुलालझरिया को गिरफ्तार विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया।

# सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 20-20 वर्ष की कैद

**सजा**

## 50-50 हजार रुपये अर्थदंड, साढ़े सात वर्ष पूर्व शौच करने गई नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला

जनसंदेश न्यूज



**सोनभद्र।** साढ़े 7 वर्ष पूर्व शौच करने गई 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषियों राम प्रसाद व बाबूलाल को 20-20 वर्ष की कैद एवं 50-50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड न देने पर 15-15 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि एक लाख रुपये में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 24 अक्तूबर 2017 को घोरावल थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी एक माह पूर्व सुबह शौच करने गई थी। लेकिन वह वापस नहीं आई। उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

इसी बीच पता चला कि राम प्रसाद पुत्र लल्लू निवासी आमडीह, थाना घोरावल व बाबूलाल पुत्र कृपाल निवासी कुंडा थाना घोरावल समेत चार लोग उसकी बेटी के साथ सामूहिक बलात्कार किया है और उसे राजस्थान ले जाकर बेच दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों राम प्रसाद व बाबूलाल को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

### अपहरण के दोषी दीपक तिवारी को सात वर्ष की कठोर कैद

**सोनभद्र।** साढ़े 7 वर्ष पूर्व 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी दीपक तिवारी को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 30 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 15 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि 30 हजार रुपये में से 25 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 9 सितंबर 2017 को पिपरी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की शाम 6 बजे रेणुकूट बाजार गई थी, लेकिन वह वापस नहीं आई। उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मित्र के जरिए पता चला तो दीपक तिवारी पुत्र राजेंद्र तिवारी के घर गया तो उसके दरवाजे में ताला बंद था। जिससे उसे पूर्ण विश्वास है कि उसकी बेटी को दीपक तिवारी पुत्र राजेंद्र तिवारी निवासी वर्तमान पता हाईटेक रेलवे क्रासिंग रेणुकूट, पिपरी, सोनभद्र मूल निवासी अडियार, थाना सुरेरी, जौनपुर बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# शिक्षकों को प्रताड़ित करने वाले रैकेट पर कार्रवाई को लिखा पत्र

**बीजपुर।** म्योरपुर शिक्षा क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी का संरक्षण पाकर स्कूलों पर जा कर शिक्षकों को प्रताड़ित कर उनसे धन उगाही करने वाले रैकेट का खुलासा करने के लिए भाजपा मंडल मंत्री सुधीर पांडे ने जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर मामले की दूसरे विभाग से जांच कराए जाने की मांग किया है। पत्र में कहा है कि महानिदेशक बेसिक शिक्षा के स्पष्ट आदेश के बाद भी संकूल शिक्षक विद्यालय समय में दूसरे स्कूल जाकर विद्यालयों की जांच किया जाता है,और शिक्षकों को अनुपस्थित दिखा कर उनका वेतन रुकवा कर प्रताड़ित किया जाता है। गौर तलब हो की स्वयं को अधिकारी जैसा रौब दिखाकर शिक्षकों को धमकाया चमकाया भी जाता है। मंडल मंत्री ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में अवगत कराया है की मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले में विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था की जांच के लिए बनाए गए टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स में सेंध मारते हुए म्योरपुर ब्लॉक में संकूल शिक्षकों का रैकेट डी टी एफ और बी टी एफ का सदस्य अधिकारी बन विद्यालयों की जांच कर शिक्षकों को अनुपस्थित दिखा कर वेतन रुकवा दिया जाता है जब कि वास्तविक अधिकारी कभी विद्यालय पर जांच करने पहुंचते ही नहीं। उक्त रैकेट का सरगना म्योरपुर ब्लॉक का एक प्रभारी प्रधानाध्यापक बताया जा रहा है जिसे कुछ दिनों पहले खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने गाड़ी पर बैठा कर बीजपुर वैढन तक घुमाया गया था। ब्लॉक शिक्षा समिति के सदस्यों द्वारा अक्टूबर माह में कंपोजिट विद्यालय बीजपुर, प्राथमिक विद्यालय म्योरपुर में की गई जांच की गैर विभागीय जांच कराए जाने की मांग किया है जिस आधार पर दो प्रभारी प्रधानाध्यापकों सहित चार अन्य शिक्षकों का वेतन रोक कर प्रताड़ित किया गया था जबकि सभी शिक्षक निरीक्षण तिथि को विद्यालय पर उपस्थित थे। फरवरी माह में 14 तारीख को भी म्योरपुर का एक संकूल शिक्षक जांच अधिकारी बनकर कंपोजिट विद्यालय नेमना में खंड शिक्षा अधिकारी के साथ पहुंच कर विद्यालय की जांच किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी तो इन संकूल शिक्षकों को साथ ले कर खुलेआम घूम ही रहे है लेकिन सवाल ये भी उठ रहे हैं कि बीटीएफ में वो कौन अधिकारी हैं जो इन संकूल शिक्षकों को ओटीपी शेयर कर मनमानी करने का मौका दे रहे हैं।

# जेल के अंदर कैदियों ने कर लिया कुंभ स्नान

**लगाई डुबकी**

## प्रयागराज से आया संगम का पानी, गुर्मा जिला जेल में कराया गया स्नान

जनसंदेश न्यूज


जिला जेल में बने कुंड में संगम का जल प्रवाहित करते जेल अधीक्षक

**सोनभद्र।** जिला जेल गुर्मा में बंद महिला-पुरुष बंदियों ने प्रयागराज महाकुंभ के जल से स्नान किया। वे अपने आप को धन्य मान रहे हैं क्योंकि कारागार में बंद रहते हुए उनके लिए ये संभव नहीं था। गुर्मा जिला जेल में महाकुंभ के पावन पर्व पर प्रयागराज संगम तट से पवित्र जल मंगवाकर कलश स्थापना कर पूर्ण विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ कारागार में निरुद्ध 850 महिला एवं पुरुष बंदियों को संगम के पवित्र जल में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके लिए कई दिनों से कारागार में तैयारी की जा रही थी। स्टाफ को भेज कर प्रयागराज संगम तट से पवित्र जल मंगवाया गया तथा कारागार के अंदर एक बड़ा कुंड तैयार किया गया। जिसे ट्राई कलर से पेंट करवा कर उसमें भूमिगत ऑटोमेटिक जलापूर्ति की व्यवस्था की गई। संगम तट से मंगाए गए पावन जल को घड़े में पवित्र स्थल पर सुरक्षित किया गया था। जिसको विधि विधान के साथ कंधे पर उठाकर पुष्प वर्षा करते हुए बड़े कुंड के पास ले जाया गया तथा वहां दीपोत्सव के बाद मंत्रोचारण के साथ जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव, जेलर जगदम्बा प्रसाद दुबे एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कुंड में प्रवाहित किया गया। संगम का जल खुद पर डालते हुए कैदियों ने गंगा मैया का जयकारा लगाया। बंदियों में पवित्र संगम जल में जेल में ही रहते हुए भी स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त होने से उनमें खुशी उमंग और उत्साह देखने लायक था। महिला बैरक में महिला बंदियों को भी पवित्र संगम जल उपलब्ध कराया गया। जिसमें सभी महिला बंदियों ने स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। जेल अधीक्षक ने बताया कि जिला जेल में करीब 850 महिला-पुरुष बंदी हैं, जो प्रयागराज महाकुंभ तो नहीं जा सकते पर उनके लिए संगम का जल लाकर उन्हें स्नान कराया गया।

# सपा नेता पुत्र पर चार वर्षीय मासूम से दुराचार का आरोप

**मामला**

## सदर कोतवाली क्षेत्र का मामला, प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में चार वर्ष के मासूम के साथ एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंचे आलाधिकारियों ने मासूम को जिला अस्पताल भेजवाया, जहां पीड़िता का उपचार किया जा रहा है। वहीं फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच साक्ष्य जुटाने में लगी रही।

अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि तीन बच्चे एक साथ खेल रहे थे। वहीं दो बच्चे लौट कर घर चले गए, लेकिन आरोपी चार वर्ष की बच्ची को अपने साथ ले गया और घटना को अंजाम दिया। आरोपी सपा नेता का बेटा है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम गठित दी गयी है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। परिजनों का कहना है कि तीन बच्चियां खेलने के लिए घर से निकली थी, दो वापस आ गई, लेकिन एक बच्ची नहीं आई। कुछ समय बाद वह रोते हुए वापस आई और आप बीती परिजनों को सुनायी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसपर पहुंची पुलिस तत्काल पीड़िता को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज अग्रिम कार्रवाई में जुट गयी। एएसपी ने बताया कि आरोपी की पहचान बृजेश यादव पुत्र रमाशंकर यादव के रूप में हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है।

### बलात्कार के आरोपी को मिले कठोर सजा

**सोनभद्र।** बेटियों के साथ बढ़ती बलात्कार की घटनाएं बीजेपी सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की पोल खोल रही है। यह बातें महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे ने शुक्रवार को एक बयान में कही। उन्होंने कहा कि सदर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली चार वर्ष की बेटी के साथ बलात्कार की घटना सामने आई है। यह कोई पहली घटना नहीं है, जनपद में महिलाओं और बेटियों के साथ बलात्कार और अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पुलिस प्रशासन अपराध रोकने में फेल साबित हो रहा है। अभी तक बलात्कार की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर शीघ्र दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो महिला कांग्रेस सड़कों पर उतर कर विरोध करेगी। सुशासन का दम्भ भरने वाली बीजेपी सरकार में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। कहा कि जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली बीजेपी सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। स्वास्थ्य विभाग में सुविधाएं नदारत हैं। अल्ट्रा साउंड कराने के लिए मरीज परेशान हैं। समाज कल्याण हो या विकास विभाग हर जगह लूट का खेल जारी है।

# व्यापारी समस्याओं का प्राथमिकता पर होगा निस्तारण: एएसपी

**बैठक**

## चुर्क पुलिस लाइन सभागार में संपन्न हुई व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक दिया सुरक्षा का भरोसा


बैठक को संबोधित करते एएसपी

**सोनभद्र।** चुर्क स्थित पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान व्यापारियों की समस्याओं के संदर्भ में व्यापक विचार विमर्श किया गया। एएसपी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं व शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जायेगा। उन्होंने व्यापारियों से भयमुक्त होकर व्यापार करने की बात कही।

उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि व्यापारी अपने व्यावसायिक परिसरों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाए हैं और लगा भी रहे। जबकि पूर्व में ही व्यापारी कल्याण बोर्ड की मीटिंग में मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी नाइट विजन कैमरा लगाने हेतु मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि स्कूल वाहनों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य किया गया है, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। परंतु अधिकांश वाहनों में कैमरे नहीं लगाए गए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगर में चोरी की घटना निरंतर बढ़ रही हैं, आए दिन व्यापारी इसके शिकार हो रहे हैं, सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी न चोर पकड़े जा रहे हैं न चोरी का सामान पकड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उरमौरा में कुछ लोगों द्वारा जान बूझकर पके हुए मांस के अवशेष फेके जा रहे हैं, जिससे सड़न के साथ दुर्गंध पैदा हो रही है। जिससे संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। कहा कि अप्रशिक्षित चालकों द्वारा ई रिक्शा चलाने से जहां यात्री दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, वही नगर में प्रायः जाम की स्थिति भी बनी हुई है। मांग किया कि ई रिक्शा का रूट निर्धारण किया जाए और निर्धारित रास्ते से ही ई-रिक्शा संचालन की अनुमति जाए। इस मौके पर राजेश जायसवाल, नागेंद्र , शरद , जसकीरत सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### बीस वर्ष से फरार चल रहा वारंटी हुआ गिरफ्तार

**डाला।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व सीओ सीटी के पर्वेक्षण में वारंटी व मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चल रहे अभियान के क्रम में एनडीपीएस एक्ट के वारंटी को स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल ने बताया कि बीस वर्ष पूर्व मामले में वांछित एनडीपीएस एक्ट का आरोपी सुमित कुमार पुत्र परमेश्वर प्रसाद निवासी नई बस्ती डाला जो घर से गायब था। जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट भेजकर आरोपी को न्यायालय में हाजिर होने के लिए कहा गया था। उपस्थित न होने पर न्यायालय ने घर की कुर्की के लिए धारा 83 की कार्यवाही जारी कर दिया। कुर्की करने गई पुलिस को वारंटी घर पर मौजूद मिला, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में चौकी प्रभारी के अलावा कांस्टेबल मुकेश, जोहरा बेगम शामिल रही।

# एडवोकेट ऐक्ट संशोधन के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन

**रोष**

## बोले संशोधित ऐक्ट में अधिवक्ताओं की व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर लगेगा अंकुश


दुद्धी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

**सोनभद्र/दुद्धी।** अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट में संशोधन बिल के विरोध में शुक्रवार को जिले में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकाल हड़ताल किया। सोनभद्र बार, डिस्ट्रिक्ट बार, टैक्स बार सहित सभी संगठनों ने न्यायिक कार्य को ठप रखते हुए विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

रॉबर्ट्सगंज कचहरी से बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने बाइक जुलूस निकाला। सिविल लाइन, बढ़ौली चौराहा, उरमौरा, पुसौली, लोढ़ी होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस मौके पर अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र, उमेश कुमार मिश्र, दिनेश दत्त पाठक, सत्यदेव पांडेय, रोशन लाल यादव, विनोद कुमार शुक्ला, प्रदीप सिंह, संजय श्रीवास्तव, गीता गौर, धर्मेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-सिविल बार व दुद्धी बार एसोसिएशन द्वारा एडवोकेट एक्ट में सरकार द्वारा किए जा रहे संशोधन के विरोध में विरोध प्रदर्शन कर न्यायिक एसडीएम अश्वनी सिंह को मुख्यमंत्री को नामित ज्ञापन सौंपा। सिविल बार अध्यक्ष विष्णु कांत तिवारी, दुद्धी बार अध्यक्ष प्रेमचंद यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि अधिवक्ता वादकारी हित में कार्य करता है। सरकार द्वारा अधिवक्ताओं की नाक में नकेल डालने के लिए उन्हें भ्रष्ट जजों व सरकार का गुलाम बनाने के लिए एडवोकेट एक्ट में संशोधन कर नया कानून लाने की तैयारी की जा रही है। इस नए संशोधित एक्ट में अधिवक्ताओं की व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश लग जाएगा। जिससे अधिवक्ता स्वतंत्र होकर वादकारी हित में कार्य नहीं कर पाएंगे। अधिवक्ता संशोधन का विरोध करेंगे। मांग किया कि एडवोकेट एक्ट में प्रस्तावित संशोधन को लागू करने के तत्काल प्रभाव से रोका जाए, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, अधिवक्ताओं को सरकार की तरफ से आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। इस मौके पर राकेश गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद, हरनाम सिंह, प्रभु सिंह, रमेश कुशवाहा, रामजी पांडेय, सत्यनारायण यादव, आदर्श जायसवाल, मनोज तिवारी, मनोज पांडेय, सुखसागर यादव, चंद्रमणि यादव, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# समूह की जांच करने किड़िहिरा पहुंची एनआरएलएम की टीम

**शहाबगंज।** उपायुक्त स्वतरू रोजगार स्वेता सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को जांच टीम किड़िहिरा गांव के पंचायत भवन पर पहुंची। जहां समुह कि महिलाओं व समुह सखी को बुलाकर दोनों पक्षों से पूछताछ कर जांच किया। वहीं रिपोर्ट डीसी एनआरएलएम को भेजने की बात कही गई। किडिहिरा गांव की अम्बेडकर महिला ग्राम संगठन में नियुक्त समूह सखी माया देवी ने ब्लाक मिशन मैनेजर अब्दुल कादिर के सहयोग से ग्राम संगठन के रजिस्टर में हेराफेरी कर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 85 हजार रुपए निकाल लिया गया। संगठन की अध्यक्ष अनिसुन निशा ने आरोप लगाया कि बिना मेरे हस्ताक्षर के बैंक से अवैध ढंग से पैसा निकाल लिया।जिसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुरानी अध्यक्ष माया देवी को बदलकर नया अध्यक्ष बना दिया गया। लेकिन ग्राम संगठन में जुड़ी महिलाओं का विरोध नहीं रुका। डीसी एनआरएलएम ने एडीओ आईएसबी के देखरेख में जिला मिशन प्रबंधक शशीकांत सिंह व रत्नेश पाण्डेय को गांव में भेजकर जांच करने का निर्देश दिया। जहां जांच टीम ने दोनों पक्षों को बुलाकर कर जांच किया गया तो समुह सखी माया देवी व ब्लाक मिशन मैनेजर के द्वारा ग्राम महिला संगठन के रजिस्टर में हेरफेर करने का मामला प्रकाश में आया। ग्राम संगठन की रजिस्टर में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पाया गया।वही पीड़ित महिला अनिशुन निशा का भी हस्ताक्षर फर्जी पाया गया।जिला मिशन प्रबंधक शशीकांत सिंह ने बताया का 25 हजार मानदेय व 55 हजार रुपए अग्रीम रुप से निकालना दिखाया गया है।जो बहुत बड़ी गड़बड़ी पाई गई है। जबकि निकाली गयी धनराशि 85 हजार है। सारे तथ्यों का अवलोकन कर रिपोर्ट बनाकर कर डीसी एनआरएलएम को प्रेषित किया जायेगा। इस दौरान भारी संख्या में समुह की महिलाएं उपस्थित रहीं।


किड़िहिरा में जांच के दौरान पूछताछ करती एनआरएलएम की टीम।

# अधिवक्ता अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन को लेकर प्रदर्शन

**विरोध**

**सकलडीहा में संयुक्त बार के अधिवक्ताओं केंद्र सरकार के खिलाफ लामबंद**

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** अधिवक्ता विधेयक में प्रस्तावित संशोधन को लेकर बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश लामबंद है। शुक्रवार को बार काउंसिल के आव्हान पर सकलडीहा संयुक्त बार के अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सुबह तहसील परिसर में जुलूस निकालकर जमकर नारेबाजी किया। पूरे दिन कार्य से विरत रहे। अंत में एसडीएम अनुपम मिश्रा को विधि एवं न्याय मंत्री के संबोधित ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार इस अधिनियम से उनके अधिकारों को खत्म करना चाहती है। जिसे कभी बर्दाश्त नही किया जाएगा। प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन वकीलों के अधिकारों को पूरी तरह समाप्त करना चाहती है। अधिवक्ताओं और आम जनमानस के बिल्कुल विपरीत है। इसके साथ ही संविधान के मूल भावना के भी विपरीत है। कहा कि इस संशोधन के जरिए केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के मातृ संस्था भारतीय विधिज्ञ परिषद व राज्य विधिक परिषद पर पूरी तरह नियंत्रण करना चाहती है। इस संशोधन अधिनियम के सारे तत्व अधिवक्ता हित के खिलाफ है। इससे किसी भी प्रकार से अधिवक्ता और आम जनमानस का भला नही हो सकता। अधिवक्ता आम जनमानस की कानूनी लड़ाई लड़ता है। अगर वही कमजोर होगा तो किस प्रकार न्याय की लड़ाई लड़ेगा। वकीलों ने अधिवक्ता संशोधन विधेयक वापस लेने की मांग किया। साथ ही अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग किया। इस मौके पर डेमोक्रेटिक बार अध्यक्ष कुबेरनाथ सिंह, बार अध्यक्ष अशोक यादव, शिवकुमार सिंह, उपेन्द्र नारायण सिंह, राजेश्वर सिंह रज्जू, सुरेश यादव, रामराज, विजय प्रताप सिंह, आशुतोष मिश्रा, नितिन तिवारी, पंकज यादव, अखिलेश तिवारी, शोभनाथ यादव, लालू शर्मा, सुभाष सिंह, सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।


सकलडीहा तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

## संक्षेप

### अनुदेशकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन


बीएसए विकायल भारती को ज्ञापन देते अनुदेशक।

**चंदौली।** अनुदेशकों का एक दल शुक्रवार को बीएसए विकायल भारती से मिला। इस दौरान अनुदेशकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अवगत कराया कि बीते 18 दिसंबर 2024 को राज्यपरियोजना कार्यालय लखनऊ से अनुदेशकों का ट्रांसफर हुआ था लेकिन अभी तक चंदौली जनपद में अनुमोदन नहीं हुआ है, जिससे अनुदेशक बहुत ही परेशान हैं। अत्याधिक दूरी होने के कारण अनुदेशकों को बहुत समस्या हो रही है और मानसिक रूप से उनको प्रताणना झेलनी पड़ रही है। मंडल अध्यक्ष विकास यादव ने कहा यदि 5 दिन के अंदर हम लोगों का अनुमोदन नहीं हुआ तो हम लोग धरना के देने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर रामाज्ञा सिंह, अजीत सोनकर, सतीश यादव, राजीव, अमित वरूण, प्रवीण, अरुण, सुनिल मौर्या, उदयनाथ, रविन्द्र कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में सत्यम को मिला दूसरा स्थान

**इलिया।** किसान इंटर कॉलेज सैदूपुर का छात्र सत्यम विश्वकर्मा ने मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिस पर कॉलेज परिवार द्वारा उसे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। वाराणसी के क्वींस कॉलेज में मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में मॉडल ड्रोन अग्निशामक यंत्र की प्रस्तुति करने वाला सत्यम विश्वकर्मा ने मंडल स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिस पर उसे सात हजार का नगद पुरस्कार के साथ प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। प्रतियोगिता क्वालिफाइड कर वापस लौटने के बाद विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र सत्यम विश्वकर्मा को प्रधानाचार्य राजेश कुमार तथा विज्ञान विषय के शिक्षक गिरीश कुमार शर्मा ने उसे प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने कहा कि सत्यम विश्वकर्मा ने जिस तरह से मॉडल दो अग्नि नियामक यंत्र की शानदार प्रस्तुति करके मंडल स्तर पर जीत हासिल किया है। उससे विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने प्रदेश स्तर पर भी छात्र सत्यम के जीत के लिए शुभकामना दिया है। इस अवसर पर अखिलेश कुमार, रामप्रकाश राय, राकेश सिंह, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, सत्य प्रकाश सिंह दिलीप कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह तोमर, संजय सिंह चंदेल, संतोष कुमार, राम अवतार, प्रधान नारायण सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### बाडेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर होंगे विविध कार्यक्रम

**चहनियां।** क्षेत्र स्थित सेमई के पुरा (महादेवा) गांव स्थित अतिप्राचीन बाड़ेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के पर्व पर बुधवार को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । भोर में कांवरियों द्वारा बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी मां भागीरथी तट पर गंगा स्नान कर गंगा जल से भगवान बाड़ेश्वर महादेव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के बाद भगवान शिव जी का सृंगार, हवन, पूजन, भजन, रामायण और दोपहर में भोजपुरी लोक गीत सांस्कृतिक बिरहा दंगल का आयोजन किया गया है। जिसमें बिरहा गायक सम्राट विजय लाल यादव गाजीपुर व रविना रंजन कैमुर बिहार के बिच महामुकाबला होगा। वहीं शाम को गाजे बाजे के साथ शिव वारात झांकी निकाली जाएगी। यह जानकारी संयोजक आंनद यादव व आयोजक प्रकाश यादव ने दी है।

### जागरूकता शिविर में योजनाओं की दी जानकारी

**चंदौली।** जिला ग्रामोद्योग विभाग की ओर से 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे से ग्राम पंचायत अमदहा, चरनपुर नौगढ़ में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गिरजा प्रसाद ने बताया कि शिविर में विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। बेरोजगार युवक व युवतियां जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो और कक्षा आठ या उससे अधिक उत्तीर्ण हों जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### संत गाडगे की जयंती 23 फरवरी को

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश धोबी कल्याण समिति जिला इकाई की ओर से 23 फरवरी को मुख्यालय स्थित नूर पैलेस में बाबा संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती समारोहपूर्वक धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दौरान समाज के राजनेता, विद्वतजन व समाजसेवी शिरकत करेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष दुलारे राम ने दी है।

### संजय कुमार बने नरहरपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य

**चकिया।** विकास खण्ड के नरहरपुर ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए हुए उपचुनाव के बाद शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना की गयी। जिसमें दो राउंड की हुई गिनती में प्रत्याशी संजय कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी प्रियंका यादव को 71 मतों से पराजित कर दिया। संजय को 429 मत मिले और प्रियंका यादव को 358 मत मिले। सेक्टर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार और आरओ दीपक त्रिपाठी ने विजयी प्रत्याशी संजय कुमार को प्रमाण पत्र दिया। संजय कुमार के विजयी घोषित होते ही समर्थकों में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया। नरहरपुर गांव के पूर्व प्रधान उपेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने माला पहन कर जोरदार स्वागत किया।


जीत के बाद विजयी प्रत्याशी संजय कुमार।

# सड़क मुद्दे पर रमेश जायसवाल ने सपा विधायक पर साधा निशाना

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते सड़क निर्माण के मुद्दे को सदन में उठाया। कहा कि मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र में चारों तरफ 6 लेन 4 लेन सड़कों का निर्माण जारी है, जिसमें एक सड़क पड़ाव से सुबास पार्क तक 6 लेन और सुबास पार्क से गोघना मोड़ तक 4 लेन सड़क का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है जिस पर एक स्थानिय संस्था द्वारा 4 लेन की जगह 6 लेन की मांग की जा रही है जबकि डीपीआर फोर लेन की बनी है।

आरोप लगाया कि सही जानकारी होने के बावजूद सपा विधायक ने सदन में गलत आरोप लगाया। कहा कि चार बार विधायक होने के बावजूद भी निर्माण संबंधी नियमावली जानकारी न होने के कारण सपा विधायक गलत बयानी कर रहे हैं। सपा विधायक अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं से दूर करने की बजाय मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र में रहते हैं। आरोप लगाया कि मुगलसराय-चहनियां मार्ग सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है जिसे वह चार बार विधायक रहते हुए भी नहीं बनवा पाए उक्त सड़क को भाजपा सरकार के प्रयास से बनाया जा रहा है। कहा कि विगत 27 वर्षों से जो न्यायालय नहीं बन पाया, अब वह बनने जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया की चंदौली मुख्यालय पर न्यायालय का जल्द से जल्द शिलान्यास करें। साथ ही बस डिपो बनवाकर बसों का संचालन जल्दी हो व चंदौली नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिलाने का भी मुद्दा उन्होंने उठाया। वहीं नगर पालिका परिषद मुगलसराय के विकास हेतु अतिरिक्त धनराशि मुहैया कराने की मांग रखी।


विधानसभा के दौरान मुद्दों को रखते विधायक रमेश जायसवाल।

### पड़या ग्राम सचिवालय को चोरों ने बनाया निशाना

**चंदौली।** क्षेत्र के पड़या ग्राम सभा स्थित सचिवालय और आयुष्मान आरोग्य मंदिर से चोरों ने गुरुवार की रात लाखों का सामान पार कर दिया। ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

बताते हैं कि चोरों ने गुरुवार की रात करीब 11 बजे पंचायत सचिवालय और आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सेंध लगाई और वहां से फ्रीज, प्रिंटर, लैपटॉप, टैबलेट, डबल इनवर्टर सेट, बैटरी, कंप्यूटर, टेबल-कुर्सी और सीसीटीवी सेटअप समेत करीब 5 लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह घटना सचिवालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि तीन-चार चोरों के एक समूह ने पूरी योजना के तहत सचिवालय में घुसकर चोरी को अंजाम दिया। ग्राम प्रधान गौतम भारती ने बताया कि रात करीब 11 बजे चोरों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर और पंचायत भवन में चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह ग्रामीणों ने देखा कि सचिवालय का दरवाजा खुला था और अंदर से सारा सामान गायब था। तत्काल 100 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद हलके के दरोगा और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी।

# चोरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ दो चोर गिरफ्तार


ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ गिरफ्तार चोर।

**चंदौली।** सदर कोतवाली के बिसौरी गांव निवासी बृजेश मौर्य की ट्रैक्टर ट्राली चोरी के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को ट्रैक्टर ट्राली संग दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। 19 फरवरी को रात्रि लगभग सवा नौ बजे एक लान से ट्रैक्टर चोरी हो गई थी। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही थी कि खंडवारी देशी शराब के ठेके के समीप से ट्रैक्टर सहित ट्राली बरामद की गई। पकड़े गए चोरी के आरोपित शुभम सिंह उर्फ हाकिम सिंह ग्राम हिनौती चंदौली व अखिलेश यादव उर्फ सोनू रामपुर सकलडीहा के निवासी बताए गए हैं। पूछताछ में आरोपित शुभम ने बताया कि अखिलेश यादव मेरा ड्राइवर है जो मेरे यहां दो महीने से ट्रैक्टर चलाता है। 19 फरवरी को को हम दोनों लोगो ने उपरोक्त ट्रैक्टर चोरी करने का प्लान मंडी के पास ही बनाए। सुनसान देखकर ट्रैक्टर बिना चाबी के सेल्फ से शार्ट कर स्टार्ट कर ले गए। ट्रैक्टर को बेचकर आपस में पैसा बांट लेते। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, सागर यादव आदि शामिल थे।

# 66 मतों से जीत दर्ज कर विशेषपुर प्रधान बनीं रोमा पटेल

**नौगढ़।** ग्राम पंचायत विशेषपुर के ग्राम प्रधान पद का हुए उपचुनाव में रोमा पटेल ने 536 मत हासिल कर 66 मतों के अंतर से जीत हासिल किया। वहीं किरन को 470 मत व कमलावती को 154 मत मिला। खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार ने विजई प्रत्याशी रोमा पटेल को प्रमाण पत्र दिया। विदित हो कि 06 माह पूर्व ग्राम पंचायत विशेषरपुर की ग्राम प्रधान चंपा देवी का बीमारी से निधन हो जाने के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रिक्त सीट का चुनाव 19 फरवरी को हुआ था, जिसमें कड़ी सुरक्षा के बीच कुल कुल 1936 मतदाताओं में 1220 मतदाताओं ने मतदान किया था। ब्लाक सभागार में शुक्रवार को हुई मतगणना में सुरक्षा बल के जवान मुस्तैद रहे। रोमा पटेल को विजई होने की घोषणा होते ही समर्थकों में बहुत काफी खुशी छा गई। नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान को माला पहनाकर के स्वागत कर मिठाइयां बांटी गई। इस दौरान उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर, सीओ चकिया/नौगढ राजीव सिसौदिया, थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।



जीत के बाद नौगढ़ ब्लॉक पर विशेषपुर की नवनिर्वाचित प्रधान व उनके समर्थक।

### एएसपी ने कोतवाली का किया मुआयना, दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**चकिया।** अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन अनिल कुमार ने शुक्रवार की दोपहर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर, मलखाना हथियारों की स्थिति, मेस, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, बैरक, हवालात और कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों को आदेशित किया कि आने वाले फरियादियों की फरियाद निष्पक्ष तरीके से सुने और उसकी समस्या बिना किसी भेदभाव के हल करें। उसके बाद अपराध रजिस्टर को समय पर अपडेट रखने गैंगस्टर और जिला बदर की कार्रवाई में तेजी लाने की दिशा निर्देश दिए साथ ही हथियारों की नियमित देखभाल करने की बात कही। इसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों से असलहों को खुलवाकर उन्हें तय समय में बंद कराना और लोड कराने के प्रशिक्षण का भी मुआयना किया। कहा कि सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। इस दौरान सीओ राजीव सिसोदिया थाना प्रभारी अतुल प्रजापति, एसआई गंगाधर मौर्य, अभिनव गुप्ता सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सकलडीहा में सड़क और नाला निर्माण शुरू नहीं होने से जाम

**परेशानी**

**सुबह शाम जाम के कारण स्कूली बच्चों से लेकर राहगीर तक परेशान**

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से फोरलेन सड़क सकलडीहा में इपको कार्यदायी संस्था की ओर से कराया जा रहा है। आरोप है कि कार्यदायी संस्था की ओर से बीते तीन माह से निर्माण कार्य बंद करने से सकलडीहा अलीनगर तिराहे पर जाम की स्थिती सुबह शाम बनी रहती है।

जिसके कारण जाम में एम्बुलेंस से लेकर स्कूली छात्र घंटों परेशान रहते है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए है। जिसे लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। सकलडीहा में बीते दो साल से अधिक समय से फोरलेन सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इसके बाद भी सड़क निर्माण से लेकर नाला निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। सधन तिराहा और अलीनगर तिराहा पर वाहनों के आने जाने के कारण जाम की स्थिती हो जाती है। कार्यदायी संस्था की ओर से निर्माण कार्य को लेकर मौन साधे हुए है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि जाम के कारण आये दिन अलीनगर तिराहे पर वाहनों में महिलाओ से लेकर छात्र और एमबुलेंस में मरीज परेशान रहते है। चौड़ीकरण का कार्य धीमी गति से होने के कारण जाम की समस्या से निजात नहीं मिलता है। कार्यदायी संस्था की बड़ी बड़ी डंफर के कारण तिराहा पूरा जाम हो जाता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी, दिलीप गुप्ता,राकेश मोदनवाल, कृष्णकांत मंटू मिश्रा,नागेन्द्र गुप्त ने जिला प्रशासन से जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिये शीध्र ही मुआवजा देकर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग किया। उधर कार्यदायी संस्था के प्रभारी सुधीर चौहान ने बताया कि एक माह के अंदर निर्माण कार्य में तेजी लाया जायेगा।


सकलडीहा में सड़क निर्माण कार्य बंद होने से लग रहा जाम।

# अधिवक्ता समाज की नींव को खत्म करने का हो रहा षड्यंत्रः अमरेंद्र

**चंदौली।** अधिवक्ता संशोधन विधेयक-2025 को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश चरम पर रहा। नाराज अधिवक्ता शुक्रवार को सरकार के विरोध में चंदौली कचहरी में चक्रमण किया और सरकार विरोधी नारे लगाए। साथ ही चेताया कि यदि विधेयक को वापस नहीं लिया गया तो अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई लड़ेगा। पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने के बाद अधिवक्ताओं ने प्रेसवार्ता कर आगे की लड़ाई की रूपरेखा पर प्रकाश डाला और सरकार के खिलाफ एकजुट होकर हुंकार भरी। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज की नीव को संशोधन विधेयक के जरिए खत्म करने का षड्यंत्र हो रहा है। विधिक क्षेत्र में सरकार फर्म व पूंजीपतियों को लाने की फिराक में है ताकि अडानी जैसे पूंजीपतियों को स्थापित करके उन्हें लाभ पहुंचाया जा सके। जो लोग इस पेशे में पहले से ही उन्हें नियमों में बांधने का षड्यंत्र हो रहा है। 25 तारीख को अधिवक्ता इस आंदोलन को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। यदि सरकार नहीं मानी तो बार काउंसिल से जो भी दिशा-निर्देश प्राप्त होंगे। उसका अनुपालन करते हुए अधिवक्ता इस लड़ाई को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। अधिवक्ता झन्मेजय सिंह ने कहा कि सरकार इस संशोधित विधेयक को लाकर अधिवक्ताओं को गुलाम बनाने का षड्यंत्र कर रही है जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। कहा कि चंदौली के अधिवक्ता अपने क्रांतिकारी आंदोलनों एवं संघर्ष के लिए जाने जाते हैं। चंदौली के विकास के लिए अधिवक्ताओं ने दिल्ली तक पैदल यात्रा की है। यदि सरकार नहीं चेती तो एक बार फिर चंदौली से अधिवक्ताओं का दल पैदल यात्रा पर निकलेगा और अलग-अलग जिलों में अधिवक्ताओं को जागृत करते हुए आंदोलन को व्यापक व देश व्यापी बनाने का काम करेगा। किसी भी हाल में सरकार द्वारा लाया जा रहा अधिवक्ता संशोधन विधेयक-2025 को लागू होने नहीं दिया जाएगा। अधिवक्ता विरोधी सरकार के खिलाफ अंतिम सांस तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार सिंह, शमशुद्दीन, अभिनव आनंद सिंह, राज बहादुर सिंह, राम प्रकाश मौर्य, अवकाश कुमार, दुष्यंत यादव, चंद्रमणि त्रिपाठी, विद्याचरण सिंह, राजेंद्र प्रसाद पाठक, राकेश रत्न तिवारी, रमाशंकर यादव, पंकज सिंह, चंद्रभूषण यादव आदि उपस्थित रहे।


अधिवक्ता संशोधन विधेयक के बारे में जानकारी देते अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह।

### ट्रक से टकराई अनियंत्रित आटो, एक की मौत

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नवीन मंडी के समीप नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को सवारियों से भरी एक ऑटो खड़े ट्रक से टकरा गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। इस दुर्घटना में एक सवारी की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही आठ लोग गभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने पांच की हालत चिंताजनक देख ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया वही मृतक के शव को कब्जे में कर आगे की कार्यवाई में जुट गई। बाबते है कि ऑटो चालक सवारी लेकर चंदौली की तरफ से सैयदराजा की तरह जा रहा था। जैसे ही नवीन मंडी के समीप पहुंचा कि अचानक उसकी ऑटो अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद ऑटो में बैठे दुर्गावती निवासी अशोक राम की मौके पर ही मौत हो गई। वही दुर्गावती खानपुर निवासी शक्तिमान, कोनिया निवासी राजाराम, चांद निवासी ज्ञानेश्वर को हल्की छोटे आई वही कैमूर निवासी विजय, दुर्गावती निवासी बेचन, दुर्गावती निवासी शंभु सैयदराजा निवासी विशाल चांद निवासी संजय गंभीर रूप से घायल हो गए।

# एक सप्ताह से लापता युवक का सरसों की खेत में मिला शव

जनसंदेश न्यूज

**धानापुर।** थाना क्षेत्र के नेगुरा गांव के बाहर गुरुवार की शाम, 13 फरवरी से लापता चल रहे 32 वर्षीय विनोद का शव के सरसों के खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त करने में जुट गई। रसूलपुर नहर से कुछ दूरी पर स्थित सरसों के खेत में लगभग 32 वर्षीय युवक की लाश पड़ी थी। किसान तारकेश्वर सिंह जब अपने खेत की फसल देखने खेत में गए तो लाश देखकर सन्न रह गया।

इसकी सूचना उसने ग्रामीणों सहित स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन पहचान न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दर्ज गुमशुदगी के आधार पर जांच पड़ताल शुरू किया और शव के पास मिले मोबाइल के खुलने के बाद पता चला कि शव क्षेत्र के छोटी रामरजाय निवासी विनोद पुत्र राजनाथ का है। विनोद पेशे से ड्राइवर था। उसकी शादी 2008 में आवाजापुर में शोभनाथ यादव की पुत्री सोनी देवी से हुई थी। वह 13 फरवरी को दवा लेने के लिए शहीदगांव निकला और मोबाइल द्वारा पत्नी से कहा कि वह बाल कटवाने के लिए धानापुर जा रहा है और वह वापस नहीं आया।

जिसपर थाने में मृतक के साला लालू यादव द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। मृतक के दो पुत्री डूब्बू और बुलबुल तथा एक पुत्र श्रेयांश नाम का है। कपड़े और मोबाइल से मृतकतथा एक पुत्र श्रेयांश नाम का है। कपड़े और मोबाइल से मृतक की पहचान उसके साला लालू यादव ने किया और तहरीर दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव के पास सल्फास का पैकेट, शराब की खाली बोतल और मोबाइल मिला है। विधिक कार्यवाही करते हुए अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है।



शेनजेन में आईटीटीएफ एशियन कप टेबल टेनिस में खेलती हुई भारत की श्रीजा अकुला।

# चैम्पियंस ट्रॉफी : पाक के खिलाफ मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार है भारतीय टीम

## कल दुबई में खेला जायेगा रोमांचक मैच



**दुबई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में रविवार को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। भारतीय टीम का प्रदर्शन हाल में अच्छा रहा है। उसने पहले ही मैच में बांग्लादेश को आसानी से हरा दिया। वहीं पाक को अपनी धरती पर ही न्यूजीलैंड के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले भी उसे त्रिकोणीय सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं भारतीय टी ने हाल में इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज कर लया हासिल कर ली थी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान अपने पहले मैच में अधिक रन नहीं बना पाये थे। पाकिस्तान की टीम भारत को हरा नहीं पायेगी। इसका अंदाजा इसी से होता है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफउ पिछले 5 एकदिवसीय में कभी नहीं जीता है। 12 सितंबर 2018 को भारत 9 विकेट से जीता, 2 सितंबर 2023 को मैच का कोई परिणाम नहीं आया

11 सितंबर 2023 को भारत-पाक मैच में भारत 228 रन से जीता। फिर आखिरी बार साल 2023 के विश्व कप में टीम इंडिया ने अहमदाबाद में 7 विकेट से जीत दर्ज की। इन आंकड़ो को देखें तो भारत ने 5 में से 4 मुकाबले जीते हैं. वहीं, एक मैच का परिणाम नहीं आया। पाक के प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम भी इस बार फार्म में नहीं है। पिछली चैम्पियंस ट्रॉफी में शतक लगाकर पाक को जीत दिलाने वाल फखर जमा भी चोटिल होकर टीम से बाहर हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार

**भारतीय टीम-** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तान टीम-** मोहम्मद रिजवान (कप्तान), बाबर आजम, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, सऊद शकील, तैयब ताहिर, फहीम अशरफ, खुशदिल शाह, सलमान अली आगा, उस्मान खान, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी।

## आज ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का मुकाबला

**लाहौर।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में शनिवार को यहां के गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का मुकाबला होगा। इस मैच में दोनों ही टीम जीत के साथ शुरूआत करना चाहेंगी। ऑस्ट्रेलिया को पिछली दो सीरीज में श्रीलंका और पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। वहीं कोच ब्रेंडन मैकुलम की इंग्लैंड टीम ने 2023 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद से कोई एकदिवसीय सीरीज नहीं जीती है। इस टूनार्मेंट से पहले उसे भारत में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रकार देखा जाये तो दोनो ही टीमों की हालत एक सी है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में इस बार पैट कमिंस कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण शामिल नहीं हैं। इससे भी वह कमजोर हुई है। नाथन एलिस, आरोन हार्डी, सीन एबॉट जैसे युवा तेज गेंदबाजों को टीम में जगह मिली है। वहीं टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ के पास है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम की पिच में मध्य के ओवरों में स्पिनरों को सहायता मिलती है। दोनों टीमें इस मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद करेंगी। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद अहम भूमिका निभा सकते हैं।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), फिल सॉल्ट, बेन डकेट, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), जो रूट, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रैविस हेड, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मार्नस लाबुशेन, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), नाथन एलिस, आरोन हार्डी, सीन एबॉट, एडम जम्पा।

ऑस्ट्रेलिया के पांच बड़े खिलाड़ी चोटों के कारण टीम से बाहर है। इसमें कमिंस , जोश हेजलवुड , मिचेल स्टार्क के अलावा ऑलराउंडर मिचेल मार्श व कैमरन ग्रीन हैं। वहीं मार्कस स्टोइनिस ने संन्यास ले लिया है। दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम के पास जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और ब्रायडन कार्स के रूप में एक अच्छा आक्रमण है। उसके पास स्पिनर आदिल रशीद स्पिन हैं जिन्हें खेलना कंगारुओं के लिए आसान नहीं रीहेगा। बल्लेबाजी में उसे हैरी ब्रूक, बेन डकेट , जो रुट जैसे बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

# यार्ड रिमॉडलिंग के कारण ट्रेनों के परिचालन में हुआ बदलाव

जनसंदेश न्यूज



**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेल मंडल के कष्ठा स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग हेतु ईआई के कमीशनिंग किया जाना है। इस कारण कुछ ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेन 21 फरवरी को रांची से खुलने वाली गाड़ी सं. 20887 रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गया-पटना-डीडीयू के रास्ते चलायी जा रही है।

पुनर्निधारित समय से चलायी जाने वाली ट्रेन21 फरवरी को गया से खुलने वाली गाड़ी सं. 12397 गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस गया से 120 मिनट पुनर्निधारित समय से खुलेगी । 22 फरवरी को गया से खुलने वाली गाड़ी सं. 12397 गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस गया से 15 मिनट पुनर्निधारित समय से खुलेगी। 22 फरवरी को गया से खुलने वाली गाड़ी सं. 63289 गया-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर गया से 30 मिनट पुनर्निर्धारित समय से खुलेगी। 21 फरवरी को हावड़ा से खुलने वाली गाड़ी सं. 12353 हावड़ा-लालकुंआ एक्सप्रेस धनबाद और गया के मध्य 90 मिनट नियंत्रित कर चलायी जाएगी 22 फरवरी से 24 फरवरी तक वाराणसी से खुलने वाली गाड़ी सं. 13554 वाराणसी-आसनसोल एक्सप्रेस डीडीयू और परैया के मध्य 120 मिनट नियंत्रित कर चलायी जाएगी।

22 फरवरी एवं 23 फरवरी को नई दिल्ली से खुलने वाली गाड़ी सं. 12802 नई दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस डीडीयू और अनुग्रह नारायण रोड के मध्य 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जाएगी। 25 फरवरी को वाराणसी से खुलने वाली गाड़ी सं. 13554 वाराणसी-आसनसोल एक्सप्रेस डेहरी ऑन सोन और परैया के मध्य 60 मिनट नियंत्रित कर चलायी जाएगी। 24 फरवरी को नई दिल्ली से खुलने वाली गाड़ी सं. 12802 नई दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस डीडीयू और अनुग्रह नारायण रोड के मध्य 30 मिनट नियंत्रित कर चलायी जाएगी।

# विराट आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

## रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ा



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के अपने पहले ही मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी 22 रनों की पारी के दौरान ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। विराट अब आईसीसी टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गये हैं।

विराट ने इस मैच में 13 रन बनाते ही रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब पोंटिंग सबसे अधिक रनों के मामले में तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। पोंटिंग के 44.0 की औसत से 2336 रन हैं। वहीं विराट के 64.5 के औसत से 2346 रन हैं। पहले नंबर पर 52.28 के औसत से सचिन तेंदुलकर के 2719 रन हैं। इस मैच में विराट ने एकदिवसीय प्रारुप में सबसे ज्यादा कैच लेने के मोहम्मद अजहरुद्दीन के 156 कैच के रिकार्ड की भी बराबर कर ली है। विराट ने साल 2013 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं साल 2017 में वह बतौर कप्तान चैंपियंस ट्रॉफी में गए लेकिन वहां उन्हें सफलता नहीं मिली। कोहली की कप्तान में ही भारतीय टीम 2021 टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीतने में भी विफल रही। 36 साल के हो रहे कोहली अब करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। आगामी आईसीसी इवेंट्स 2027 में होना है तब तक विराट शायद ही खेलें।

# उद्यमियों ने यूपी सरकार के बजट को बताया अनुकूल






**नियामताबाद।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूसरे कार्यकाल के चौथे बजट को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने गुरुवार को विधानसभा में पेश किया। यूपी सरकार के 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये (8,08,736.06 करोड़ रुपये) के बजट में सरकार ने मध्यम वर्गीय, युवा, छात्राओं, किसान और महिलाओं के लेकर कई घोषणाएं की। प्रदेश में मूलभूत सुविधाओं के सुधार के लिए सरकार की दूरगामी व्यवस्था प्रदेश को औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने में सहयोग प्रदान करेगा। मांग बढ़ने से पहले निश्चित से उद्योगों एवं व्यापारियों को लाभ मिलेगा। यह बजट प्रस्ताव निश्चित रूप से स्वागत योग्य है।

इस बाबत रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुरेश पटेल ने कहा कि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा दूसरे कार्यकाल के चौथे बजट को व्यापारियों के हितों को देखते हुए जो निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य है। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बजट में कई सुधार किए गए हैं। इसके अलावा रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन चंदौली के अध्यक्ष डीएस मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह व रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन ने महामंत्री राकेश जायसवाल ने भी यूपी सरकार के बजट की सराहना की। कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों उद्योगों को बल मिलेगा।

## समस्याओं को लेकर ईसीआरकेयू का प्रदर्शन

**डीडीयू नगर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, प्लान्ट डिपो शाखा के तत्वावधान में मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में अखिल भारतीय मांग दिवस के अनुपालन में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहे। रेल प्रशासन एवं भारत सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए जुलूस के रूप में कारखाना के मुख्य गेट से मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय परिसर में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। प्रदर्शन की अध्यक्षता शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार उपाध्याय ने किया। इस दौरान कहा कि मान्यता के चुनाव के समय एआइआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने कहा था कि चुनाव के बाद पे कमीशन का गठन कराया जाएगा। पहला वादा पूरा करने का कार्य किया। कहा कि कैडर रिस्ट्रक्चरिंग एक जनवरी 2023 से देय है। इस प्रदर्शन के माध्यम से हम मांग करते हैं कि कैडर रिस्ट्रक्चरिंग अविलंब लागू किया जाए। ताकि रेल कर्मचारियों को पदोन्नति का अवसर प्राप्त हो सके। केंद्रीय सहायक महामंत्री बीबी पासवान ने कहा कि रेलवे को बचाने के लिए हमें जनता का सहयोग लेना होगा। क्योंकि निजीकरण से सबसे अधिक मुश्किल आम जनता को होने वाली है। इसलिए हमें जनजागरण कर इसे जन आंदोलन बनाना होगा। तभी हम इस सरकार को पूरी ताकत के साथ मुकाबला कर पाएंगे। कहा कि रेलवे में लाखों की संख्या में रिक्तियां है, जिसे नहीं भरा जा रहा है। जिसके कारण कार्यरत रेल कर्मचारियों पर कार्य का बोझ पड़ रहा है। मान्यता के चुनाव के समय एआइआरएफ के महामंत्री कॉमरेड शिव गोपाल मिश्रा ने कहा था कि यूपीएस के सभी कमियों को दूर कराया जाएगा। सुल्तान अहमद ने कहा कि प्लांट डिपो एवं ट्रैक मशीन के कार्यों को आउटसोर्सिंग किया जा रहा है। यह रेल एवं रेल कर्मचारियों के हित में कतई नहीं है। इस पर अभिलंब रोक लगाया जाए। रामजी ने कॉलोनी स्थित आवासों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि इंजीनियरिंग विभाग द्वारा असुरक्षित आवासों को तोड़ दिया गया। उसके स्थान पर कोई नया आवास निर्माण नहीं कराया गया है। अंत में कर्मचारी की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र मुख्य कारखाना प्रबंधक, पीडी के प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी को सौंपा गया है। इस अवसर पर रामजी यादव, केदारनाथ तिवारी, मोहन राम, दिनेश कुमार सिंह, जीत बहादुर थापा, संजय कुमार, कृष्णा साह, महेश कुमार, राकेश कुमार सिंह, ऋषिकेश यादव, करमजीत प्रसाद, संजय कुमार शर्मा, मुकेश पासवान, रवि रंजन सिंह, कृष्णकांत पाल, असलम आरजू आदि उपस्थित रहे।

# फुटबॉल लीग टूर्नामेंट में पलिया ने नादी को एक गोल से हराया

**चहनियां। कस्बा** स्थित खण्डवारी देवी इंटर कालेज के फील्ड पर ग्राम प्रधान सावित्री देवी के सानिध्य में मां भगवन्ती देवी स्मरणीय अंतर्जनपदीय फुटबाल लीग टूनार्मेंट का आयोजन हुआ, जिसमें कुल सोलह टीमों ने प्रतिभाग किया। फुटबाल लीग टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मां खण्डवारी देवी इंस्टीट्यूशन के प्रबंध निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने फीता काटकर और किक मारकर किया। इसके पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन टूनार्मेंट पलिया और नादी के बीच हुआ जिसमें पलिया ने 01 गोल से नादी को हराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल कोई भी हो खेलने की कोई उम्र नही होती है। कहा कि खेल से तन मन दोनों स्वस्थ्य रहता है। यहां जो प्रतियोगिता हो रही है वह एक पारंपरिक खेल है। खेल में हरजीत तो लगा रहता है। इससे हताश नही होना चाहिये बल्कि प्रयास करे कि आगे और अच्छा प्रदर्शन करे। इस अवसर पर प्रधानपति सतीश गुप्ता, डॉ.अजय कुमार सिंह, आनन्द सिंह, रवि राय, अजित सिंह, जयशंकर जायसवाल, सोनू सिंह, लकी आदि लोग उपस्थित रहे।



खण्डवारी देवी इंटर कॉलेज के फील्ड पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्रबन्ध निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह।

## बॉलीवुड न्यूज

### फिल्म ‘मर्डर मुबारक’ का हुआ वर्ल्ड टीवी प्रीमियर




**मुंबई ।** जबर्दस्त सस्पेंस, रहस्य और रोमांच से भरी एक रात के लिए, क्योंकि एंड पिक्चर्स लेकर आ रहा है ‘मर्डर मुबारक’ का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर आज शुक्रवार को रात 9:30 बजे संपन्न हुआ। यह फिल्म एक कत्ल, कई संदिग्ध और फुल-ऑन थ्रिल प्रस्तुत करती है। ट्विस्ट इतने जबर्दस्त होंगे कि नजरें हटाना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि कहानी में हाई-वोल्टेज ड्रामा और दमदार परफॉर्मेंस शामिल है। इस शानदार मर्डर मिस्ट्री का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है और इसमें पंकज त्रिपाठी, सारा अली खान, विजय वर्मा, करिश्मा कपूर, डिंपल कपाड़िया, टिस्का चोपड़ा और संजय कपूर जैसे दमदार कलाकार हैं। फिल्म एक एलीट सोसायटी के अंदर की सच्चाई को उजागर करती है, जहाँ एक हाई-प्रोफाइल मर्डर केस की जाँच से छुपे हुए इरादे, गहरे राज और चौंकाने वाली साज़िशें सामने आती हैं। जब एक अनोखा इन्वेस्टिगेटर इस केस में कदम रखता है, तो परफेक्शन का दिखावा टूटने लगता है और झूठ का ऐसा जाल खुलता है, जिसमें हर कोई उलझा हुआ है। फिल्म के इंटेंस ड्रामा पर बात करते हुए संजय कपूर कहते हैं, ह्लमर्डर मुबारक की सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसमें कोई भी पूरी तरह निर्दोष नहीं है। हर किरदार के कई रंग हैं, और जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, परत-दर-परत सबके असली चेहरे सामने आते हैं। जब आपको लगेगा कि अब सब समझ में आ गया, तभी एक और झटका मिलेगा। मुझे उस पल का बेसब्री से इंतजार है जब दर्शक एंड पिक्चर्स पर इस जबर्दस्त इमोशनल रोलरकोस्टर का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर देखेंगे। निर्देशक होमी अदजानिया ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ह्लमर्डर मुबारक एक ऐसी मिस्ट्री है, जहाँ कोई भी पूरी तरह अच्छा या बुरा नहीं है, बस सच और झूठ का पेचीदा जाल। कहानी में छिपे सुराग और गुमराह करने वाले इशारे दर्शकों को आखिरी तक अंदाजे लगाने पर मजबूर करते रहेंगे। और सबसे मजेदार बात? इसका वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर एंड पिक्चर्स पर हो रहा है। तो पॉपकॉर्न तैयार रखिए, किसी पर भरोसा मत कीजिए और इस थ्रिलर राइड के लिए तैयार हो जाइए।

### सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का पहला गाना 'बंदे' रिलीज



**मुंबई।** मच अवेटेड फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का पहला गाना 'बंदे' रिलीज हो गया है। ये सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि जुनून, जज्बे और सपने देखने वालों की टूट न सकने वाला हौसले को सलाम करने वाला म्यूज़िकल ट्रिब्यूट है।सचिन-जिगर की धुनों में एक कमाल का बैलेंस है, जिसमें कहीं सुकून देने वाली मेलोडी, तो कहीं दिल धड़काने वाले बीट्स। गाने की वाइब फिल्म की इमोशनल गहराई को पकड़ती है और सुनने वालों को उस दुनिया में ले जाती है, जहाँ सपने छोटे शहरों में भी बड़े होते हैं।'बंदे' को दिव्या कुमार, सई गंगन और सचिन-जिगर ने अपनी आवाज से ज़िंदा कर दिया है, और इसके बोल लिखे हैं जावेद अख़्तर ने—ऐसे लफ़्ज जो सपनों के पीछे भागने की ज़िद को बयां करते हैं, चाहे हालात कितने भी मुश्किल क्यों न हों। गाने की एनर्जी जबरदस्त है और ये नासिर शेख की कहानी को पूरी शिद्दत से महसूस कराता है—एक ऐसा शख्स जो मालेगांव से, अपनी तरह के लोगों के लिए, उन्हीं के बीच रहकर फिल्म बनाने की हिम्मत करता है। 'बंदे' सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि संघर्ष और उम्मीद का जश्न है, एक बीट पर धड़कता हुआ सपना है। रीमा कागती के निर्देशन और वरुण ग्रोवर की लेखनी में ढली सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव एक ऐसी फिल्म है, जो सपनों, सिनेमा और इंसानी जज्बे को सलाम करती है। इस फिल्म को रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कागती ने प्रोड्यूस किया है, और ये एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी के बैनर तले बनी है।

फिल्म में आदर्श गौरव, विनीत कुमार सिंह, शशांक अरोड़ा और अनुज सिंह दुहान जैसे दमदार एक्टर्स की टुकड़ी है, जो इस कहानी को असली बना देती है। 28 फरवरी 2025 को भारत, अमेरिका, यूके, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में रिलीज के लिए तैयार, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि सिनेमा के जादू और न हारने वाले जज्बे की कहानी है।

### इंडिगो रिवाइंडः मूड इंडिगो 2024 का हुआ समापन



**मुंबई।** इंडिगो रिवाइंड ने मूड इंडिगो 2024 का एक शानदार समापन किया, जिसमें उपस्थित लोगों को दिल को छू लेने वाला और जोश से भरपूर अनुभव प्रदान किया। एक स्वतंत्र आयोजन के रूप में आयोजित इस दिन ने एशिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक महोत्सव को पुनः जीवंत किया और कला, संगीत, और समुदाय का अविस्मरणीय जश्न बन गया। इस पहल ने कोर टीम, समन्वयकों, और उपस्थित लोगों को मूड इंडिगो के जादू को फिर से जीने और त्योहार का वह सही अंत पाने का अवसर दिया, जो एकता और दृढ़ता का प्रतीक है। इंडिगो रिवाइंड की सफलता उम्मीदों से कहीं बढ़कर रही। फरवरी के व्यस्त कैंपस सीजन के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम में परिसर ऊर्जा से भरपूर था, जब परिचित चेहरे एक साथ आए और बाहर से आए लोग, जो विशेष रूप से इस अनोखे अनुभव के लिए यात्रा कर आए थे। इंडिगो रिवाइंड सिर्फ एक आयोजन नहीं था—यह आयोजन टीम की अटूट भावना और इस सांस्कृतिक विरासत का प्रमाण था। यह आयोजन पूरे दिन दर्शकों को व्यस्त रखने वाले शानदार कार्यक्रमों से भरा हुआ था। दोपहर का आगाज "इन कन्वर्सेशन" सत्र से हुआ, जिसमें बॉलीवुड के जाने-माने सितारे बोमन ईरानी और अविनाश तिवारी शामिल थे।

# उमरा के लिए जायरीनों के जत्थे को दी विदाई

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** क्षेत्र के सतपोखरी गांव से जायरीनों का जत्था गुरुवार को देर रात उमरा के लिए रवाना हुआ। जायरीनों को विदा करने के लिए नाते -रिश्तेदार मुगलसराय स्टेशन पहुंचे। घर व स्टेशन पर जायरीनों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

उनकी खैर व सलामती की दुआएं मांगी।लोगों ने काबा शरीफ में दुआ की दरख्वास्त की।रवानगी के मौके पर उमरा यात्रियों ने पाक परवरदिगार की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की व अमन-चैन की दुआएं मांगी।साथ ही मुल्क में हर बला से महफूज रखने की दरख्वास्त की।जायरीनों ने भरोसा दिलाया कि अल्लाह के दरबार में पहुंचकर सबसे पहले मुल्क में अमन- चौन व? भाईचरा स्थापित करने को दुआख्वानी करेंगे। जत्थे में सतपोखरी गांव के प्रधान हमीदुल्ला अंसारी के साथ रज्जाक महतो, समसुद्दीन अंसारी, तफसीर आलम, परवीन अंसारी, नाजमीन अंसारी, खुशबुन निशा आदि लोग उमरा करने मक्का मदीना के लिए रवाना हुए। जायरीन हमीदुल्ला अंसारी ने बताया कि इस्लाम को मानने वाले प्रत्येक लोगों की दिली ख्वाहिश होती है कि वे अपने जीवन में एक बार मक्का मदीना की जियारत जरुर करें। प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में लोग उमरा पर जा रहे हैं। मक्का मदीना शरीफ की यात्रा नसीब वालों को ही मिलती है।उमरा कर हिन्दुस्तान की खुशहाली के लिए दुआ करुंगा।

मुसलमानों की सबसे बड़ी ख्वाहिश हज व उमरा करने की होती है। दुआ करुंगा कि हज व उमरा करने का मौका हर मुसलमान को नसीब हो। जायरीन मुगलसराय स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुए। लोगों ने उनके स्वास्थ्य को अल्लाह से दुआ मांगी। इस मौके पर औसाफ अहमद गुड्डू, जुल्फेकार अंसारी, शाकिर, किताबुद्दीन, इरफान, अमीनुद्दीन, जहांगीर, अब्दुल समद, रेयान, शाहिद, सद्दाम, तनवीर, अल्ताफ फुजैल खां, आकिब आदि शामिल थे।



डीडीयू स्टेशन पर उमरा के लिए रवाना हो रहे जायरीनों को विदा करते लोग।

# जौनपुर भास्कर



बिजली विभाग ट्रांसफॉर्मर और खम्भे के लिए जहां लाखों रुपये खर्च कर रहा है वहीं नगर के भंडारी स्टेशन रोड सब्जी मण्डी में घटना को आमंत्रण दे रहा वेल्डिंग के सहारे टिका ट्रांसफार्मर का खम्भा।

# पुलिस अधीक्षक ने 2 निरीक्षक और 34 उपनिरीक्षकों के बदले कार्यक्षेत्र

जनसंदेश टाइम्स

**इधर से उधर**

**11 पुलिस चौकियों पर नए प्रभारी तैनात, 32 पुलिस लाइन में थे प्रतीक्षारत**




**जौनपुर।** एसपी डा. कौस्तुभ ने गुरुवार की रात जिला पुलिस प्रशासन को और चुस्त-दुरुस्त करने की मंशा से दो निरीक्षकों व 34 उप निरीक्षकों की विभिन्न स्थानों पर तैनाती की है। इनमें से 32 पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत थे। इस फेरबदल में 11 पुलिस चौकियों पर नए प्रभारी तैनात किए गए हैं।

पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत निरीक्षक संजय कुमार यादव को निरीक्षक (क्राइम) मड़ियाहूं कोतवाली, चंद्रदेव राम को निरीक्षक (क्राइम) शाहगंज कोतवाली, एसआइ ईशचंद यादव प्रभारी चौकी चौकियां थाना लाइन बाजार, शिव भंजन प्रसाद प्रभारी चौकी सीतम सराय थाना नेवढ़िया, जय प्रकाश सिंह प्रभारी चौकी तेजी बाजार, शिवानंद वर्मा प्रभारी चौकी राजा बाजार थाना महराजगंज, महंगू यादव प्रभारी चौकी गोपालापुर थाना रामपुर, तारकेशवर राय प्रभारी चौकी मेडिकल कालेज थाना सरायख्वाजा, सकलदीप सिंह प्रभारी चौकी फतेहगंज थाना बक्शा, निखिलेश कुमार तिवारी प्रभारी चौकी जंघई थाना मीरगंज, प्रशांत पांडेय प्रभारी चौकी कस्बा कोतवाली शाहगंज तैनात किए गए हैं।

मुंगराबादशाहपुर थाने में तैनात एसएसआई अरविंद कुमार यादव को प्रभारी चौकी कस्बा मछलीशहर कोतवाली, शाहगंज कस्बा चौकी प्रभारी प्रद्युम्नमणि त्रिपाठी को प्रभारी चौकी पट्टी नरेंद्रपुर थाना सरपतहां व कृष्णानंद यादव को प्रभारी चौकी मछलीशहर से थाना लाइन बाजार पर तैनात किया गया है। इसी क्रम में पुलिस लाइन से अश्विनी कुमार दुबे को थाना बदलापुर, हरि शंकर यादव व लालजी यादव को खुटहन, सुरेश कुमार सिंह को सिकरारा, दिलीप कुमार सिंह को मुंगराबादशाहपुर, राज कुमार को बक्शा, राजेश कुमार यादव को पंवारा, कमलेश तिवारी को गौराबादशाहपुर, राम प्रताप को थाना जफराबाद, सच्चिदानंद यादव को सरायख्वाजा, शैलेंद्र कुमार सिंह, गुप्तेश्वर राय व राज कुमार तिवारी को मछलीशहर, राकेश प्रताप सिंह को तेजी बाजार, शिव कुमार यादव को महराजगंज, शैलेंद्र कुमार दुबे को सुजानगंज, शेषनाथ सिंह को मीरगंज, देवेंद्र कुमार पांडेय को मड़ियाहूं, अनिल कुमार राय को लाइन बाजार, यातायात पुलिस से राम भवन यादव को थाना बरसठी व प्रभारी चौकी राजा बाजार थाना महराजगंज से थाना सरायख्वाजा पर भेजा गया है।

## नाबालिग किशोरी को लेकर फरार हुआ युवक, मुकदमा दर्ज

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली के एक गांव निवासी युवक अपने गांव की नाबालिग किशोरी को लेकर फरार हो गया। नाबालिग किशोरी के पिता के तहरीर पर कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर युवक की खोजबीन में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर अपने घर के बगल रहने वाले राहुल पटेल पर अपनी नाबालिग बेटी को बहला फुलसाकर भगाने का आरोप लगाया है। पिता के अनुसार राहुल उनकी 15 वर्षीया बेटी पर गलत नीयत रखता था।

वह विद्यालय जाती थी तो उसका पीछा करता था जिसकी शिकायत उसके परिजनों से की किंतु उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। उल्टा मारपीट पर उतारू हो गए। गुरुवार रात में वह उसे लेकर फरार हो गया। उसने अपनी बेटी की बहुत खोजबीन की किंतु वह नहीं मिली। वह उसके बहकावे में आकर घर में रखा 45000 हजार रुपए भी लेकर चली गई। प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी सिंह ने बताया कि मामले बाबत पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनो की खोजबीन की जा रही है।

# तहसील अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन



जनसंदेश टाइम्स

**नाराजगी**

**अपनी मांगों को लेकर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

**मछलीशहर।** बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर तहसील अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर शासन की नीतियों के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। राज्यपाल को संदर्भित 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन का ज्ञापन नायब तहसीलदार महेंद्र कुमार को सौंपा।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की निकम्मी सरकार अधिवक्ताओं के शोषण करने में लगी है। मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है। दूसरों को न्याय दिलाने वाला अधिवक्ता आज अपने अधिकारों के लिए शासन की निरंकुशता का शिकार बन रहा है। अधिवक्ताओं ने मांग किया कि अधिवक्ता एवं उसके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल लागू किया जाय। अधिवक्ताओं का 10 लाख मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर 10 लाख की बीमा राशि प्रदान की जाय। अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की जाए। एडवोकेट्स अमेंडमेंट बिल 2025 के पूरे संशोधन को निरस्त किया जाय। 25 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल सफल बनाने पर चर्चा हुई। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हुबेदार पटेल, दिनेश चंद्र सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, शिव प्रताप मिश्र, राम आसरे दूबे आदि ने विचार व्यक्त किया। संचालन सतीश कुमार ने किया। अधिवक्ता दिन भर न्यायिक कार्य से विरत रहे।

# सावन गैंग ने औरैला विश्वकर्मा बस्ती में फायरिंग कर मचाई दहशत

**दबंगई**

**पांच लोगों को पीटकर गंभीर रूप से किया घायल**

**मड़ियाहूं।** गुरूवार की रात कोतवाली क्षेत्र के औरैला गांव के विश्वकर्मा बस्ती में बीती रात दर्जनों की संख्या में पहुंचे सावन गैंग के लोगों ने फायरिंग कर दहशत मचाते हुए आधा दर्जन लोगों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की धर पकड़ के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है।

बताया जाता है कि गुरुवार रात 9 बजे के लगभग सावन गैंग का सरगना संदीप उर्फ सावन गौतम निवासी रामपुरनद्दी औरैला गांव में अपने गैंग के सदस्य दुबे गौतम के यहां गया था। रास्ते में विश्वकर्मा बस्ती के पास राहुल विश्वकर्मा सड़क पर मोबाइल से किसी से बात कर रहा था। सावन ने उसके सर से टोपी उतारते हुए कुछ अनाप-शनाप बोला जिसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। कुछ देर बाद सावन गौतम अपने गैंग के दर्जन भर सदस्यों के साथ कई बाइकों से पहुंचकर विश्वकर्मा बस्ती में फायरिंग शुरू कर दिया, जिससे वहां दहशत फैल गई।

दरवाजे पर जो जैसे मिला उसकी हॉकी डंडे से पिटाई की गई जिससे राहुल विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, दुर्गावती देवी, अनीता विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा सहित कई लोग घायल हो गए। इस दौरान बदमाशों की एक बाइक मौके पर छूट गई, जिसे ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने अरविंद विश्वकर्मा की तहरीर पर सावन गौतम सहित तीन लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर बदमाशों को पकड़ने के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि हत्या के प्रयास सहित अन्य कई गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर जगह जगह दबिश दी जा रही है।

## अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**मड़ियाहूं।** शुक्रवार को तहसील के अधिवक्ता काली पट्टी बांधकर बार के अध्यक्ष सूर्यमणि यादव व महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए तहसील का चक्रमण कर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह काला कानून पूरी तरह से अधिवक्ताओं के हित में नहीं है। अधिवक्ताओं ने एक दिन न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध जताया। इस अवसर पर राधा कृष्ण शर्मा, केके सिंह, मंगला प्रसाद यादव, सुरेंद्र प्रताप सिंह, मोहन लाल यादव सहित तहसील के अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मारपीट करने वाली चार महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जफराबाद।** क्षेत्र के नाथूपुर गांव में गुरुवार की रात को मारपीट करके बवाल मचा रही चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया इन सभी का चालान भेज दिया गया। उक्त गांव निवासी पूजा यादव पत्नी रमेश यादव तथा अंसारी पत्नी गुलशन आपस में एक दूसरे पर चारित्रिक दोष लगाकर झगड़ा व बवाल करने लगी। देखते देखते बात काफी बढ़ गयी। वे दोनों मारपीट करने लगी। उसी समय दो अन्य महिलाएं भी अंसारी की तरफ से झगड़े में शामिल हो गयी। मामला काफी बिगड़ने लगा। किसी ने इसकी सूचना थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव को दिया। वे तत्काल महिला कांस्टेबल प्रियंका यादव, उपासना सिंह, वंदना यादव के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां से चारों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

## रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने आई युवती लापता

**सनसनी**

**दो नामजद युवकों के खिलाफ केस दर्ज**



**खुटहन।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच दिनों पूर्व रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने आयी युवती द्वारचार के बाद अचानक लापता हो गई। युवती के स्वजनों व रिश्तेदारो ने हर संभावित स्थानों पर छानबीन किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

युवती की माता ने दो नामजद युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया है। आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीया युवती अपनी माता के साथ गत 16 फरवरी को स्थानीय एक गांव में अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने आयी थी। द्वारचार के बाद अचानक युवती गायब हो गई। रिश्तेदारों ने गुपचुप तरीके से आसपास उसकी तलाश शुरू किया। लोकलाजवश मामले को गोपनीय रख कई दिनों तक उसकी तलाश किया। उसका पता न चलने पर गुरुवार को युवती की मां ने थाने में नामजद तहरीर देकर आजमगढ़ जिले के ही चकमुड़मिजनी गांव निवासी शिवम उर्फ गोलू तथा उसके मामा के पुत्र पवन के खिलाफ अपहरण का आरोप लगाया जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दिया है।

## पत्नी को छोड़ भागा पति, थाने में तहरीर देकर लगाई गुहार

**केराकत।** सिहौली गांव के एक युवक पर धोखे से शादी कर युवती को छोड़ देने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित युवती मछलीशहर से आई और केराकत थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। युवती ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि आरोपी युवक ने छलपूर्वक उससे शादी की और उसे मुंबई ले गया। कुछ समय बाद जब उसका मन भर गया तो उसने जबरन गलत काम करने का दबाव बनाया। युवती के इनकार करने पर युवक ने उसके साथ मारपीट की और उसे जौनपुर में अकेला छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक अब दूसरी लड़की को भी शादी का झांसा देकर मुंबई ले गया है। पुलिस ने मामले की जांच का आश्वासन दिया और उचित कार्रवाई करने की बात कही। फिलहाल युवती को सुरक्षित उसके घर भेज दिया गया है।

# सोते समय रात में गायब बच्ची चौथे दिन सकुशल मिली

**फॉलोअप**

**दम्पति ने पुलिस का जताया आभार**



**शाहगंज।** नगर के अयोध्या मार्ग स्थित दादर ओवर ब्रिज के पास रहने वाले आजमगढ़ निवासी परिवार की दो वर्षीया मासूम बच्ची चौथे दिन पुलिस ने बरामद कर पीड़ित परिवार को सौंप दिया। अपनी अबोध बच्ची पाकर मां व पिता चहक उठे।

बताया जाता है कि सोमवार की रात ताखा गांव निवासी महिला प्रयागराज महाकुम्भ से स्नान कर लौटी थी। बच्ची अकेले पड़ी रो रही थी जिसके चलते वह साथ लेकर घर चली गयी। घर पर किसी परिजन की मृत्यु होने के चलते वह नहीं निकल पायी। शुक्रवार को वह बच्ची को लेकर ढूंढने आ रही थी। पुराने एलआईसी के सामने पुलिस ने महिला को बच्ची के साथ देख रोका तो पूरा मामला सामने आया। मालूम रहे आजमगढ़ जनपद के सेमरी निवासी प्रमोद सोनी पत्नी व मासूम बच्ची नैना के साथ दादर ब्रिज के पास रहता है। कबाड़ बीनने का काम करने वाला परिवार सड़क किनारे तिरपाल डाल गुजर बसर करता है। सोमवार की रात बच्ची गायब हो गई। मंगलवार को ढूंढने के बाद बुधवार को कोतवाली पहुंचा जहां मदद करने के बजाय डांटकर भगा दिया गया था। फिलहाल मामला बढ़ता देख पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन में जुट गयी। चौथे दिन पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर परिवार को सौंप दिया। कोतवाली निरीक्षक दिपेन्द्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर के वक्त दादर ओवर ब्रिज के से एक महिला से बरामद किया गया। फिलहाल बच्ची को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## संक्षेप

### बाइक-बोलेरो की टक्कर में महिला समेत तीन घायल

**सुइथाकला।** शुक्रवार अपराह्न क्षेत्र के करीमपुर विंद के पास बाइक और बोलेरो की टक्कर में एक महिला समेत तीन लोगों के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा घायलों को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां से रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि खेतासराय थाना क्षेत्र के लतीरपुर निवासी दो सगे भाई रोशन 18 व चेतन 25 पुत्रगण राम दर्शन सुल्तानपुर जनपद के करौदी थाना क्षेत्र के पाकड़पुर गांव निवासी अपने महिला रिश्तेदार हुबराजी 50 को बाइक पर बैठाकर छोड़ने जा रहे थे। वह जैसे ही करीमपुर विंद के पास पहुंचे कि बोलेरो से टक्कर हो गई, जिसमें सभी बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा सभी घायलों को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने स्थिति भांपते हुए तीनों को रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायलों को लेकर चले गए।

### छेड़खानी व पॉक्सो ऐक्ट के वांछित फरार दो आरोपित चढ़े पुलिस के हत्थे



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग अलग स्थानों से किशोरी से छेड़खानी करने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में फरार दो आरोपित युवकों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। क्षेत्र के बीबीगंज चौकी अंतर्गत कोपा गांव निवासी शिवा उर्फ मल्लू पुत्र सुभाष व सबरहद गांव के उजरौटी पुरवा निवासी तौफीक पुत्र झिनकू पर गांव की किशोरी के साथ छेड़खानी के आरोप में पीड़िता की तहरीर पर एक सप्ताह पूर्व मुकदमा दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की रात दोनों आरोपितों को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

### युवक को पीटकर किया घायल, जांच में जुटी पुलिस

**केराकत।** क्षेत्र के अतरौरा ग्राम निवासी राधेश्याम सेनापुर मार्ग से होकर किसी आवश्यक कार्य हेतु जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में रामजीत पुत्र लल्लन ने रोक लिया इतने में चार अज्ञात नकाबपोश लोगों ने लोहे की रॉड व बाँस से बुरी तरह से पीटने लगे जिससे गंभीर चोटें आ गई। चोटों की गंभीरता को देखते हुए लालगंज के निजी अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। पीड़ित की पत्नी अनीता ने कोतवाली पहुंच नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी आए दिन गाली गलौज कर मारपीट करते रहते हैं। गुरुवार को मेरे पति अपने खेत में गन्ना की सिंचाई कर रहे थे कि उपरोक्त द्वारा मौके पर पहुंच भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिए किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई जिसकी सूचना डायल 112 पर दी गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों पक्षों को थाने बुलाया। वहीं पुलिस पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पति-पत्नी और वो के चक्कर में पति ने गंवाई जान

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पति-पत्नी और वो के चक्कर में बीती रात पति ने विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। क्षेत्र की गोपालपुर गांव निवासिनी शशि देवी पत्नी सुनील गौतम ने पुलिस में लिखित रूप से पति द्वारा विषाक्त पदार्थ खाकर जान गंवाने की जानकारी दी। आरोप है कि पति सुनील गुरुवार रात पारिवारिक कहासुनी के बाद परिवार के सदस्यों को घर के अंदर बंद कर विषाक्त पदार्थ खा लिया। शोर मचाने पर पहुंचे पड़ोसियों ने ताला तोड़ कर सभी को घर के बाहर निकाला और उसे सूरापुर स्थित एक चिकित्सक के पास ले गए, जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मामला पति पत्नी और प्रेमिका का बताया जा रहा है, जिसे लेकर आए दिन परिवार में कलह मची रहती थी। पेशे से राजगीर पति शराब का भी सेवन करने का आदती था। घटना वाले दिन भी उसे शराब के नशे में होना बताया जा रहा है। मृतक अपनी माता पिता की दो संतानों में से एक था। वह अपने भाई से अलग रहा करता था। बहरहाल मृतक तीन बेटियों का पिता भी था, जिसमें से बड़ी बेटी की साल भर पहले शादी कर चुका था। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई है। मृतक घटना को स्वतः अंजाम दिया है। घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### युवती ने फांसी लगाकर दे दी जान

**जफराबाद।** क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी एक युवती ने गुरुवार की रात को फाँसी लगाकर अपनी जान दे दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी हमीद की 21 वर्षीया पुत्री आसिया रात को आठ बजे घर के कमरे में जाकर पंखे के हुक से ओढ़नी के सहारे फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। रात में आसिया का भाई घर गया। उसने आसिया को देखा वह नहीं दिखी तब वह कमरे में जाकर दरवाजा खटखटाने लगा। दरवाजा नही खुला तो उसने रोशनदान से अंदर देखा जहां आसिया फंदे से लटकी हुई दिखाई दी। उन लोगो ने शोर मचाना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव मजिस्ट्रेट के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ज्ञात हो आसिया की लगभग दो वर्ष पहले शादी मड़ियाहूं के बारी गांव में हुई थी। ससुराल के लोगों ने आसिया को शादी के कुछ दिन बाद ही मायके भेज दिए था। वे लोग आसिया को ससुराल नहीं ले जा रहे थे। आसिया के पिता ने ससुराल वालों से विदाई करवाने के लिए मुकदमा भी किया था।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन

जनसंदेश न्यूज



**सुजानगंज।** कम्पोजीट विद्यालय खुजीडीह में स्काउङ गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शैलेश शुक्ल की देख रेख में प्रारम्भ हुआ। कक्षा एक से 8 तक के बच्चों को दो समूहों में बांटकर कक्षा एक सेआठ तक के बच्चों को स्काउट/गाइड के रूप में प्रशिक्षण दिया गया।

उक्त तीन दिवसीय स्काउट/गाइड प्रशिक्षण में बच्चों द्वारा तम्बू गैजेट झूला, कुंका, तालाब, टॉवर, मंकी ब्रिज, लक्ष्मण झूला, ट्रान्सपोर्ट पुल, कपड़ा स्टैण्ड, बैग स्टेण्ड, बर्तन जूता स्टैण्ड, रसोईघर, स्नानगृह, शौचालय, मन्दिर का निर्माण किया गया। जिससे बच्चों के अन्दर स्वावलम्बी, अनुशासन के प्रति सजग, प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु सजगता, सामाजिक मानवता का विकास एवं शैक्षिक एवं अध्यात्मिक विकास की संकल्पना साकार होती दिख रही है। उक्त तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन समारोह में बच्चों द्वारा स्वागत, राष्ट्रीय गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय सिंह, चन्द्र प्रकाश तिवारी ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि ऐसे प्रशिक्षण से बच्चों को जीवन जीने की बहुत कुछ सीखने को मिलता है, वक्ताओं ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला और सराहना। प्रतिभागी बच्चों द्वारा बनाये गये विभिन्न प्रकार के शिविरों का अवलोकन करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. किरन पाण्डेय ने कहा कि बच्चों में अद्भुत कलाओं का विकास होता है।

शिक्षक शैलेश शुक्ला की प्रशंसा करते हुए बताया कि सभी शिक्षक अपने बच्चों को ऐसे ही प्रशिक्षण दें ताकि बच्चे एक अच्छे देश के नागरिक बन सके। शिक्षक कृष्ण कुमार ने अतिथि सम्मान गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक शैलेश शुक्ल को ब्लॉक स्काउट गाइड प्रशिक्षण का प्रभार सौंपा गया। इस अवसर पर राजकमल मौर्य, पुष्पेन्द्र दिव्या मौर्य, धर्मेन्द्र सिंह कुसुम पटेल, शैलेश कुमार, नोडल लाल रत्नाकर उपाध्याय, सरवर हसन अंसारी, अनूप मिश्रा, सुनील कुमार यादव सहित सभी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के भवन का हुआ भूमि पूजन



**बरसठी।** विकास क्षेत्र के बेलौनाकला गांव में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक एवं छात्रावास भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन शुक्रवार को ग्राम प्रधान इसरावती देवी एवं कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता माया राम यादव के उपस्थिति में किया गया। गांव में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक एवं छात्रावास भवन का निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। विभाग के जेई राहुल सिंह ने बताया कि एकेडमिक एवं छात्रावास भवन का निर्माण पांच करोड़ रुपये में किया जाना है जो एक वर्ष में पूर्ण होना है। प्रधान पति एवं अपर शासकीय अधिवक्ता भुआल विश्वकर्मा ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के लिये कक्षा नौ से बारहवीं तक निशुल्क शिक्षा एवं छात्रावास की सुविधा होगी। गरीब वर्ग के बेटियों की शिक्षा में प्रगति होगा। इस मौके पर पंडित उदयराज मिश्रा, संत दुबे, महंथराज दुबे, अशोक दुबे, जितेंद्र दुबे, कृष्णकान्त, राजू, रवि, सियाराम दुबे, हिमांशु, सुधांशु, सिंटू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# माध्यमिक शिक्षा विभाग की बढ़ी टेंशन, नई ड्यूटी को लेकर माथापच्ची

**गुहार**

**महाकुंभ में ड्यूटी होने पर परीक्षा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट न बनाये जाने का अनुरोध**

**परीक्षा शुरू होने से मात्र चार दिन पूर्व अफसरों ने किया कार्यमुक्त करने का अनुरोध**

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** सर, मेरी ड्यूटी महाकुंभ में लगी है। मार्च क्लोजिंग का समय चल रहा है, विकास प्रभावित होगा और पंचायत उप चुनाव में ड्यूटी होने से दिक्कत होगी। यह स्लोगन स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए एक दो नहीं करीब 40 अफसरों ने शिक्षा विभाग को पत्र के माध्यम से भेजा है। जिसमें मजिस्ट्रेट की ड्यूटी से कार्यमुक्त करने का अनुरोध किया गया है। इससे विभाग की टेंशन बढ़ गई है।

अब विभाग नए मजिस्ट्रेटो की तैनाती में जुट गया है। यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होने में अब मात्र चार दिन शेष है। परीक्षा को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जोनल, सेक्टर और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। 94 परीक्षा केंद्रों पर एक-एक समेत कुल 94 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। परीक्षा से कुछ दिन पूर्व ही कई स्टेटिक मजिस्ट्रेटो ने डीआईओएस कार्यालय को पत्र भेजकर ड्यूटी से कार्यमुक्त करने का अनुरोध किया है। इसमें सबसे अधिक संख्या लोक निर्माण विभाग का है। यहां के नौ अवर अभियंताओं ने विकास का हवाला देकर कार्यमुक्त करने का पत्र लिखा है। इसी तरह विकास भवन एवं ब्लॉक के कई अफसरों ने पंचायत उप चुनाव एवं महाकुंभ में ड्यूटी लगने का हवाला दिया है।

कार्यमुक्त के पत्र ने माध्यमिक शिक्षा विभाग की टेंशन बढ़ा दिया है। आनन-फानन में अब विभाग दूसरे अधिकारियों की ड्यूटी लगाने में जुटा है। अल्प समय में नए मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाना विभाग के लिए चुनौती बन गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान ने बताया कि करीब 35 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तरफ से कार्यमुक्त करने का पत्र आया है। जिसमें विकास कार्य, उप चुनाव और महाकुंभ में ड्यूटी का हवाला दिया गया है। उनके स्थान पर नई ड्यूटी लगाई जा रही है।

## भूमि के अधिग्रहण के मामले में अनियमितता का आरोप, कांग्रेस ने की जांच की मांग



**भदोही।** अभोली विकास खण्ड सादलूबीर (हरिकरनपुर) में भारत सरकार ?द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731 वी के चौड़ीकरण हेतु सड़क के दोनों ओर किये जा रहें भूमि के अधिग्रहण के मामलें अनियमितता का आरोप लगाकर कांग्रेसियों ने पीड़ितों के समर्थन में डीएम दरबार में पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई।

डीएम दरबार मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेन्द्र दुबे राजन ने बताया कि ग्राम हरीकरनपुर (सदलूवीर) में ओमप्रकाश, राजेश, सुशीला देवी, राजेंद्र प्रसाद, महेंद, रमेश चंद्र, राज किशोर, वि?द्याधर, राजेश शुक्ला आदि का आवास सड़क किनारे है। लगभग सात आठ माह पूर्व सड़क के केंद्र को आधार बनाकर दोनों तरफ बराबर जमीन अधिग्रहण किए जाने के लिए निशान लगाया गया था, परंतु दो सप्ताह पूर्व सड़क के उत्तरी छोर जो पूरी तरह से खाली है, उसे छोड़कर सड़क के दक्षिणी ओर चौडीकरण के लिए जमीन अधिग्रहण हेतु दोबारा निशान लगाए गए है। जिसमें संबंधित लोगों के पास रहने व जीविकोपार्जन की समस्या खड़ी हो जाएगी एवं परिवार के सामने भरण पोषण की समस्या भी हो जाएगी। पीड़ितों के साथ कांग्रेस नेताओं ने इस प्रकरण में सक्षम अधिकारी से जाँच कराकर न्याय की गुहार लगाई है।इस अवसर पर वसीम अंसारी, त्रिलोकीनाथ बिन्द, राजेन्द्र प्रसाद मोदनवाल, नाजिम अली, राजेश आदि लोग मौजूद रहें।

## संशोधन बिल के खिलाफ सड़क पर उतरे अधिवक्ता



**भदोही।** केंद्र सरकार के अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को लेकर शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व भदोही बार एसोसिएशन भदोही के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यो से विरत रहकर सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया व उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को लिखित ज्ञापन भेजा व अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को वापस लेने की मांगी की। अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन अधिनियम बिल को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। बार एसोसिएशन भदोही के अध्यक्ष सूर्य प्रताप द्विवेदी ने कहा कि पूरे देश के अधिवक्ता समाज के साथ अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 एक धोखा है। यह बिल अधिवक्ताओं के अधिकार का हनन करने वाला है। केंद्र सरकार जबरन अधिवक्ताओं पर यह बिल लाकर शोषण का शिकार बनाने का कार्य कर रही है। अधिवक्ता समाज इसे कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। विरोध प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार को अधिवक्ता समाज सचेत कर रही है कि यदि वह इस बिल को अविलंब वापस नहीं ले रही तो उसके खिलाफ पूरे देश के अंदर अधिवक्ता समाज विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को पीठासीन अधिकारियों को रिश्वत लेने से रोकने व रिश्वतखोरी के विरोध में एक्ट पारित करना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान पूर्व अध्यक्ष प्रसन्न मिश्रा, मोती लाल, सुभाष यादव, अमित पांडेय, आशीष दुबे, नंदलाल राय, सोभनाथ यादव, महेंद्र बिंद, गंगाराम यादव, कृपाशंकर मिश्रा, अशोक दुबे, रजनीश पाण्डे, लालधर पांडेय, सियाराम यादव, राजाराम सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### अज्ञात स्कॉर्पियो ने स्कूटी में मारी टक्कर, दो की मौत एक गंभीर रूप से घायल

**गोपीगंज।** थाना ऊंज क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के दौरियाही नामक स्थान पर अज्ञात स्कार्पियो की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की घटना स्थल पर ही जहां मौत हो गई वहीं एक की हालत चिंताजनक बताई जाती है। बताया जाता है की सचिन पासी पुत्र जयशंकर 25 वर्ष, सीताराम पासी पुत्र स्व जगन्नाथ 70 निवासीगण ग्राम बिलारी थाना हंडिया जनपद प्रयागराज व मुन्ना तिवारी पुत्र राम मूर्ति तिवारी निवासी जतवा थाना हंडिया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 58 वर्ष एक ही स्कूटी पर सवार होकर घर से खमरिया हॉस्पिटल में आंख दिखाने को जा रहे थे, जैसे ही ऊंज थाना क्षेत्र के राजमार्ग के दौरीयाही के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही सचिन और सीताराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मुन्ना तिवारी को पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां उनकी हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर विधिक कार्यवाही में जुट गई।

# विनय यादव को 62 मतों से हराकर रामकैलाश बने प्रधान

**पंचायत उपचुनाव**

**लालदेई बनकट ज.छनौरा शेख अल्फाज सरायबाबू के चुने गए ग्राम प्रधान**

**यूनुस को 11 वोट से हराकर अमरूम बनी क्षेत्र पंचायत सदस्य**

**जनसंदेश न्यूज**



**भदोही।** जनपद में गत दिनों सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव का शुक्रवार को कड़े सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना सम्पन्न हुई। जिसमें तीन ग्राम प्रधान व एक बीडीसी सदस्य निर्वाचित हुए। मतगणना को लेकर सम्बंधित विकास खण्ड कार्यालय में गहमागहमी रही।

डीघ विकासखंड के बनकट उपरवार गांव में राम कैलाश त्रिपाठी ने विनोद कुमार यादव को 62 मतों से पराजित कर ग्राम प्रधान निर्वाचित हुए। राम कैलाश तिवारी को 964 व विनय कुमार को 902 मत मिले। ज्ञानपुर विकास खण्ड के बनकट ज.छनौरा गॉव मे ग्राम प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में लाल देवी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी नीलम यादव को 63 मतों से पराजित किया। लालदेई को 346 व नीलम को 281 मत मिले। औराई विकासखंड के सराय बाबू गॉव मे प्रधान पद के चुनाव में ग्रामीणों ने शेख अल्फाज को 473 मत दिया व पूर्णिमा को 440 मत मिले। शेख अल्फाज ने पूर्णिमा को 33 मतों से पराजित किया। सुरियावां विकास खण्ड के छनौरा में संपन्न हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के चुनाव में अमरूम बानो ने यूनुस को 11 मतों से पराजित किया। अमरूम बानो को 287 व यूनुस को 276 मत प्राप्त हुए। परिणाम घोषित होने के बाद निर्वाचित प्रधानों के समर्थकों ने डीजे ढोल नगाड़ों के साथ जमकर जश्न मनाया।

# ज्योति सिंह बनीं खानापट्टी गांव की प्रधान, 92 मतों से जीतीं उपचुनाव

## कड़ी सुरक्षा के बीच ब्लॉक मुख्यालय पर हुई मतों की गणना



**उपचुनाव**

**छावनी में तब्दील रहा ब्लॉक मुख्यालय, ज्योति सिंह को मिला 618 तो अंजना को 528 मत**

**जौनपुर।** सिकरारा क्षेत्र खानापट्टी गांव में प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव के मतों की गणना शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच ब्लाक मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। सीधे मुकाबले में ज्योति सिंह ने अंजना सिंह को 92 मतों से पराजित कर गांव की नई प्रधान बनी। गांव में पड़े कुल 1182 मतों में ज्योति सिंह को कुल 618 मत जबकि अंजना सिंह को 528 मत प्राप्त हुए। 38 मत निरस्त हुआ था। निर्वाचन प्रधान ज्योति सिंह कार्यवाहक प्रधान पत्रकार सुशील सिंह की पत्नी है।

निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार राय ने नव निर्वाचित प्रधान को प्रमाण पत्र दिया। चुनाव सकुशल संपन्न कराने हेतु ब्लाक मुख्यालय पर सुरक्षा हेतु भारी पुलिस कर्मी लगाए गए थे। बताते चले कि उक्त गांव की प्रधान किरन सिंह का आकस्मिक निधन हो गया था। जीत के बाद लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। ब्लाक मुख्यालय पर जीत के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान ज्योति सिंह ने जीत का श्रेय गांव के सभी मतदाताओं को दिया। कहा कि यह मेरी यह जीत मेरी जेठानी तत्कालीन ग्राम प्रधान स्व. किरन सिंह को मतदाताओं ने सच्ची श्रद्धांजलि दी है। जनता की सेवा करने के लिए बहुत ही कम समय मिला है। पत्रकार सुशील सिंह ने कहा कि भाभी द्वारा गांव में जहां विकास कार्य नहीं हो पाया था उसको पूरा करने का पूरा प्रयास करूंगा। अधूरे कार्य को पूरा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। ब्लाक पर ही समाजसेवी विनय सिंह, आनंद सिंह, शरद सिंह, अमित सिंह, भूपेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, शैलेंद्र सिंह, रत्नाकर सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### 217 मतों से जीतकर संगीता ने सास की बचायी प्रतिष्ठा

**खुटहन।** क्षेत्र के गभिरन गांव में प्रधान पद के लिये हुये उपचुनाव की मतगणना शुक्रवार को पूरी कर ली गई। पूर्व प्रधान स्व. फूला देवी की पुत्रवधू संगीता देवी ने 217 मतों से जीत हासिल कर मृतक सास की प्रतिष्ठा को आंच नहीं आने दिया। बीडीओ गौरवेंद्र सिंह ने विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दिया। मालूम हो कि गांव की पूर्व प्रधान फूला देवी का लगभग 5 माह पूर्व असामयिक निधन हो गया था। तबसे यह सीट रिक्त चल रही थी। आरक्षण के हिसाब से यह सीट अनुसूचित महिला के लिए आरक्षित है। उपचुनाव में यहां प्रधान पद के लिए उनकी बड़ी पुत्रवधू संगीता देवी पत्नी राजकुमार गौतम के अलावा गांव की मनोरमा देवी और सीमा देवी ने दावेदारी किया था। मतदान के लिए बनाये गये तीनों बूथों पर कुल मिलाकर 930 वोट पोल हुए थे। मतगणना में सर्वाधिक 508 वोट संगीता, 291 मत मनोरमा तथा सीमा को मात्र 117 वोट मिले। 14 वोट कैंसिल माने गये। संगीता देवी 217 मतों से विजयी घोषित की गयी। उन्होंने कहा कि गांव का सर्वांगीण विकास ही मेरी सास का सपना रहा जिसे वे पूरा नहीं कर सकी। उनकी विकास की मुहिम को आगे बढ़ाना ही मेरा कर्तव्य होगा। उनके प्रति मेरी यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### राज्यभवन में पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**नौपेड़वां।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने डा. पूजा यादव, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, आयुष्मान भारत एवं प्रोफेसर राजलक्ष्मी श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक मैनेजमेंट ऑफ कॉमन प्रॉपर्टी रिसोर्सेज का शुक्रवार को राजभवन में लोकार्पण किया। पुस्तक में लखीमपुर खीरी जनपद के अंतर्गत निवास करने वाली थारू जनजाति की जीवन शैली का समग्र ढंग से विवेचन किया गया है। जनजाति समाज के लोग किस तरह की आर्थिक गतिविधियों का संचालन करते हैं, उनके विभिन्न रीति रिवाजों का भी सम्यक अध्ययन करने के साथ साथ उनकी समस्याओं तथा उनके निराकरण के संबंध में भी जानकारी दी गई है। राज्यपाल ने लेखकों को पुस्तक के लिए बधाई दी। विमोचन समारोह में फूल चंद यादव, निर्मला, पार्थ ( कृष्णा), एवं अरुण यादव उपस्थित थे। पुस्तक विमोचन के लिए प्रोफेसर अनुराधा तिवारी, डॉ. भास्कर शर्मा एवं इग्नू के निदेशक डा. जेपी वर्मा ने भी डाक्टर डा. पूजा यादव को बधाई दी।

# शिक्षकों का एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



**जौनपुर।** पीएमश्री योजनान्तर्गत जनपद में चयनित 38 परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों, सहायक अध्यापकों की क्षमता संवर्द्धन एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य से 1 दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की उपस्थिति एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के आडोटरियम हाल में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने दीप प्रज्वलित करके किया। डायट की छात्राओं ने माँ सरस्वती वंदना तथा मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत करते हुए बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग के प्रति आपके मार्गदर्शन से जनपद जौनपुर प्रदेश में सबसे अलग मुकाम पर है। उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग को प्रगति पर लाने हेतु पीएम श्री विद्यालय के शिक्षकों को नेतृत्व करने अद्भुत अवसर है। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने जनपद जौनपुर के पीएमश्री योजनान्तर्गत जौनपुर में चयनित 38 परिषदीय विद्यालयों के 138 प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी जनपद के 2800 से अधिक विद्यालयों के प्रेरणास्त्रोत बने। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी जनपद में अध्ययनरत लगभग 4 लाख से अधिक बच्चों के भविष्य के निर्माता है, जो जनपद के साथ प्रदेश के भी भविष्य के खेवनहार है। यदि आप सभी पांच-पांच बच्चों को भी तैयार करें तो जनपद जौनपुर के साथ पूरा उत्तर प्रदेश देश के विकास में सबसे अग्रिम पंक्ति में आ जायेगा। कार्यशाला में प्रशिक्षण का कार्य खण्ड शिक्षा अधिकारी सुबास गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव एवं एसआरजी कमलेश व अजय ने किया। कार्यक्रम का संचालन खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पटेल ने किया। प्रशिक्षणोपरान्त सभी प्रतिभागी प्रधानाध्यापकों/सहायक अध्यापकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल व जिला समन्वयक प्रशिक्षण विशाल कुमार द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया का डीएम ने निरीक्षण कर जाना हाल

**जांच**

**उपस्थिति पंजिका, ओपीडी रजिस्टर और दवाओं के स्टाक रजिस्टर को देखा**

**दंत चिकित्सक के अनुपस्थित रहने पर जतायी नाराजगी, स्पष्टीकरण का दिया निर्देश**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, ओपीडी रजिस्टर और दवाओं के स्टाक रजिस्टर को देखा। दंत चिकित्सक डॉ. सर्वजीत अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए।

ओपीडी कक्ष के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डॉ. अनुपम के द्वारा ओपीडी देखी जा रही थी, डॉ. अनुपम ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उनके द्वारा कुल 84 मरीज अब तक देखे जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने उनसे पूछा कि वर्तमान समय में किस तरह के मरीज अधिक संख्या में आ रहे है जिस पर डॉ. अनुपम ने बताया कि इस समय बुखार, कफ और फंगल इन्फेक्शन के मरीज अधिक की संख्या में आ रहे है।जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य केंद्र पर पर्याप्त दवाएं उपलब्ध मिली। उन्होंने एक्स-रे कराने आई मरीज दिव्या और डिलीवरी के लिए आई पूनम से सीएचसी में इलाज के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने लेबर वार्ड में स्टाफ नर्स आकांक्षा से पूछा कि इस महीने कितनी डिलीवरी हुई है जिस पर उन्होंने बताया कि कल 24 डिलीवरी स्वास्थ्य केंद्र पर कराई गई है। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देश दिया कि समय से स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित होकर मरीजों का अच्छे से ईलाज किया जाए। आशा कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए उनके कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि आशा कार्यकर्ताओं को बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था करें। उन्होंने निर्देश दिए सभी लोग ईमानदारी से कार्य करते हुए सौपे गये दायित्वों का शत प्रतिशत निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मरीजों के बेडशीट समय से बदल दिये जाये और स्वास्थ्य केन्द्र पर सफाई होती रहे। इस अवसर पर फार्मासिस्ट बृजेश, स्टाफ नर्स सीमा एक्स रे टेक्निशियन सविता, वार्ड बाय विनय और अनिल लैब टेक्नीशियन विकास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### डायल 112 की पुलिस टीम के साथ एसपी ने की बैठक

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाईन ज्ञानपुर में जनपदीय आपातकालीन सेवा डायल 112 पीआरवी वाहनों पर नियुक्त पुलिसकर्मियों के साथ गोष्ठी की गई। बैठक में एसपी ने पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी पुलिस कर्मियों को किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मौके पर पहुंचकर पीड़ितों, कॉलरों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि पीआरवी वाहनों में उपलब्ध आपतकालीन उपकरणों का उपयोग करते हुए पीड़ितों की त्वरित मदद करने एवं अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए जनता की सेवा व सुरक्षा में समर्पित रहते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखें।

### निर्माणाधीन मकान से ईंट चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत वादी मुकदमा संजय जायसवाल के ग्राम केड़वारिया स्थित फ्लोर मिल से तांबे का तार चोरी के संबंध में प्राप्त सूचना पर तत्समय ही संबंधित धाराओं में अभियोग एवं बीती रात्रि में थाना स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत वादी मुकदमा विनय कुमार के झम्मनपुर स्थित निमार्णाधीन मकान से ईंट चोरी की घटना के संबंध में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा वादी मुकदमा के सहयोग से उपरोक्त घटनाओं को कारित करने वाले दो चोरों पिंटू बिन्द पुत्र छेदी बिन्द निवासी जौहरपुर जखांव थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 32 वर्ष के कब्जे से चोरी का तांबे का तार व विशाल सेठ पुत्र शम्भूनाथ सेठ निवासी काली देवी वार्ड नंबर 18 थाना गोपीगंज जनपद भदोही अंबेडकर 26 वर्ष के कब्जे से ई-रिक्शा पर लदा हुआ 250 ईंट बरामद किया गया है।

### फोर व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**गोपीगंज।** मिजार्पुर मार्ग पर जगन्नाथपुर गांव के पास फोर व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार विशाल कुमार 19 वर्ष व कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोपीगंज मिजार्पुर मार्ग स्थित जगन्नाथपुर गांव के पास बाइक से घर जाते समय विशाल कुमार 19 वर्ष पुत्र लक्ष्मण गुप्ता व जयलाल 21 वर्ष निवासी बेलहुआ घायल हो गए। ऊंज थाना क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी विशाल व बेलहुआ निवासी जयलाल बाइक से घर लौट रहे थे। जगन्नाथपुर के पास किसी फोर व्हीलर ने पीछे से धक्का मार दिया, जिससे गिरकर दोनो घायल हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुचे सरकारी एंबुलेंस से गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

### सूखे कुएं में गिरने से युवक घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग ओवरब्रिज अमवा गाव हनुमान मंदिर के पास पुराने सूखे कुआ में बीती रात दीपक कुमार बिंद 28 पुत्र ओमप्रकाश बिंद गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटे आई है। बताया जाता है कि किसी कार्य वश दीपक मंदिर के पास आया था, जहां उसके साथ एक साथी भी था, अचानक कुएं में गिरने के बाद साथी भाग गया। युवक के गिरने की सूचना मिलते ही आस पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने फायर ब्रिगेड के जवानों तथा आसपास के लोगों की मदद से गिरे हुए युवक को बाहर निकाला, गंभीर रूप से चोट लगी थी उसका उपचार निजी अस्पताल में कराया गया।

### शादी में सम्मिलित होने आये युवक को पीटा

**पवांरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत गंगापुर गांव निवासी सूरज कुमार गौड़ पुत्र फौजदार गौड़ ने थाने पर लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके गांव गंगापुर (कुंवरपुर) में अशोक कुमार बिन्द की पुत्री की शादी 18 फरवरी को थी जिसमें वह गया था। द्वारचार पर बारात पक्ष के लोग दीपक कुमार बिन्द पुत्र जितेन्द्र बिन्द निवासी मारुफपुर थाना मछलीशहर व उसके तीन मित्रों ने बिना किसी बात को लेकर गाली देते हुए उसकी लाठी-डण्डों से पिटायी की व जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। मारने-पीटने से उसे अत्यधिक चोटें आयी हैं। पुलिस ने पीड़ित युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया एवं तहरीर के आधार पर एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया है। वहीं इस प्रकरण में थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि युवक का मेडिकल कराकर मुकदमा दर्जकर लिया गया है और जांचकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बीस बिजली बिल बकायेदारों के कटे कनेक्शन

**पवांरा।** बिजली विभाग की टीम ने शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाकर बीस बकायेदारों के कनेक्शन काटे। साथ ही अन्य बकायेदारों को चेतावनी दी गयी। कुड़रिया गांव में जेई विवेक कुमार ने लाईनमैन जितेन्द्र सरोज, गुलाबचन्द्र यादव व ओमप्रकाश के साथ चेकिंग अभियान चलाकर बीस बकायेदारों के कनेक्शन काटे। जेई विवेक कुमार ने बताया कि बकायेदारों को बिल जमा करने की चेतावनी दी गयी थी, लेकिन उन्होंने बिल जमा नहीं किया। भुगतान न करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए कनेक्शन काट दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपने-अपने बिजली बिल समय पर जमा कर दें अन्यथा कनेक्शन काट दिये जायेंगे।

### युवक को मनबढ़ों ने लाठी डंडे से पीटकर किया घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के विथार गांव में बच्चों को गाली देने से मना करने पर एक युवक को मनबढ़ों ने लाठी डंडे से जमकर पीट दिया जिससे उक्त युवक घायल हो गया। क्षेत्र के विथार गांव में गुरुवार की रात गांव के चार मनबढ़ युवक फूलमती गौड़ के घर के बच्चों को बिना किसी कारण गाली देने लगे जिस पर फूलमती गौड़ का लड़का योगेश उक्त युवकों को गाली देने से मना करने लगा। जिस पर उक्त चारों मनबढ़ युवक आक्रोशित हो गए और योगेश को लाठी डंडे से जमकर पीट दिया जिससे योगेश गौड़ घायल हो गया। परिजनों ने घायल योगेश को इलाज के लिए सीएचसी भेजवाया। थाना प्रभारी फूलचंद पांडेय ने बताया कि इस मामले में घायल युवक की मां की तहरीर पर विथार गांव के शीलू यादव, राकेश, मीत लाल, सचिन के विरूद्ध सम्बंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### विद्यालय का कमरा बंदकर अध्यापकों ने छात्र को बुरी तरह पीटा, मुकदमा दर्ज

**रामपुर।** थाना क्षेत्र के धनुहां के हृदय नारायण शिव मंगल एकेडमी विद्यालय का एक मामला प्रकाश में आया है जहां छात्रों द्वारा किसी अध्यापक का कार्टूनिस्ट वीडियो बनाया गया था। अध्यापक को जानकारी होने पर सुबह विद्यालय आने पर कसेरू पट्टी थाना सुरेरी निवासी खुशहाल गौड़ को कमरे में बंद कर विजय शंकर पाण्डेय, उदय शंकर पाण्डेय व प्रकाश चंद दुबे ने बुरी तरह डंडे से पिटाई की जिसकी जानकारी अभिभावक लालजी गौड़ को होने पर ग्राम प्रधान के साथ थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया। लालजी गौड़ व उनके पुत्र खुशहाल गौड़ तथा ग्राम प्रधान कमलेश सिंह का आरोप है कि थानाध्यक्ष बिना किसी मारपीट के विद्यालय प्रबंधन के प्रभाव में आकर घटना के दो दिन बाद हम लोगों पर बीएसएन की धारा 115 (2), 352, 351(2) 66 व 67 में मुकदमा पंजीकृत कर हम लोगों पर सुलह समझौते का दबाव बना रहे हैं। वहीं अभिभावक लालजी गौड़ का कहना है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यालय की मान्यता जूनियर तक लिया गया है परन्तु विद्यालय बिना मान्यता प्राप्त किए इण्टर कालेज तक चलाते हैं।

### दबंगों ने निजी जमीन में जबरन गाड़ा खम्भा

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम पतौरा में शुक्रवार की दोपहर एक महिला के निजी जमीन में जबरन बिजली का पोल गाड़ने का मामला सामने आया है। जब जमीन मालकिन नीलम देवी पत्नी रविश यादव ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि महिला घर पर अकेली थी। महादेव यादव आदि के साथ ट्रैक्टर लेकर बिजली का पोल लगाने लगे। मना किया तो उक्त लोगों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लात घूसों से मारने लगे। बचाव में पहुंची विभा को मारने पीटने लगे जिससे गंभीर चोटें आ गई। जाते जाते जान से मारने की धमकी भी दी। बिजली पोल लगाने के दौरान महिला के साथ हाथ पकड़कर खींचने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पीड़िता नीलम देवी ने स्थानीय थाने में पांच लोगों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जेल में बंदियों ने किया महाकुम्भ स्नान

**जौनपुर।** जिला कारागार में बंदियों ने शुक्रवार को तीर्थराज संगम के पानी से स्नान किया उसके बाद पूजन अर्चन किया। जेल प्रशासन ने महाकुम्भ का स्नान कराने के लिए संगम से पानी मंगवाकर एक कुण्ड में भरवाया तथा गुलाब की पंखुड़ियों को डाला गया उसके बाद बंदियों ने सामूहिक रूप से स्नान किया। कारागार मुख्यालय उत्तर प्रदेश के निर्देश के अनुपालन में जिला कारागार में भी सभी 909 बंदियों को संगम के जल से स्नान कराया गया। केंद्रीय कारागार प्रयागराज से महाकुंभ का दिव्य जल प्राप्त कर आज मंत्र उच्चारण एवं विधि विधान के साथ सभी बंदियों को महाकुंभ स्नान मंत्र के उच्चारण कथा कलश पूजन के बाद सभी बंदियों को पवित्र जल से दिव्य अमृत स्नान कराया गया। सभी बंदियों में हर्षोल्लाह देखा गया एवं पूरे कारागार में दिव्य महाकुंभ की अनुभूति हुई। कारागार पूरी तरह से यज्ञमय हो गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## जीवनदीप कॉलेज में अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हुआ आयोजित



**वाराणसी।** बड़ालालपुर सिथित जीवनदीप महाविद्यालय के शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस पर नर्सिंग सभागार में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कायक्रम का शुभारंभ गणेश प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुआ। संस्थान के वाइस चेयरमैन डा. अंशु सिंह ने सभी अतिथियो को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम सचिव व उप प्राचार्य डा. नंदा द्विवेदी ने किया। मुख्य अतिथि यूपी कालेज के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. गोरखनाथ पांडेय ने कहा कि अपनी मातृभाषा में बोलने पर शर्म नहीं गर्व करना चाहिए। हमारे आसपास बोली जाने वाली जो स्थानीय भाषा है उसे गर्व से बोलना चाहिए। संचालन शिक्षा विभाग की छात्रा सिमरन सिंह व अभय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डा. इद्रेश चंह सिंह ने दिया। इस अवसर पर उप प्राचार्य डा. अमित सिंह, संबंद्धता निदेशक शैलेश द्विवेदी, सिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डा. वीणा पांडेय, पैरा मेडिकल के विभागाध्यक्ष वीके सिंह के अलावा महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष व प्रवक्ताओं के अलावा कर्मचारी भी मौजूद थे।

# पिंडरा ब्लॉक को आदर्श बनाने में जुटे ब्लॉक प्रमुख

## ब्लॉक में शहीद उद्यान, अमृत सरोवर का कराया जा रहा निर्माण, पाथवे पर कराई जा रही इंटरलॉकिंग

कृष्ण कुमार बंगा

**पिंडरा।** ब्लाक के तीन ग्राम प्रधानों को मिले मुख्यमंत्री पुरस्कार के साथ विकासखंड पिंडरा विकास के पथ पर चलते हुए आदर्श पिंडरा ब्लाक की श्रेणी में पहुंचा। इसमें ग्राम सभा रसूलपुर को दो बार, नहियां गांव सभा को एक बार व कोइरीपुर खुर्द को एक बार मुख्यमंत्री का पुरस्कार मिल चुका है।

विकासखंड पिंडरा को आदर्श ब्लॉक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसी क्रम में पूरे विधानसभा में जितने भी स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं। उनकी याद में ब्लॉक परिसर में ही एक शहीद उद्यान व आकर्षक तालाब का निर्माण कराया गया। शहीद उद्यान में 110 फीट ऊंचे फ्लैग व शहीद स्तंभ बनाकर उसमें सभी स्वतंत्रता सेनानियों के नाम अंकित किए गए हैं। केवल करखियांव गांव में ही अकेले 26 स्वतंत्रता सेनानी हैं। स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को 26 जनवरी व 15 अगस्त सहित अन्य अवसरों पर सम्मानित भी किया जाता है। पिंडरा





ब्लाक की कभी पिछड़े ब्लॉक में गिनती हुआ करती थी। लेकिन अब वर्तमान ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा व युवा भाजपा नेता व प्रमुख संरक्षक रविशंकर सिंह ने ब्लॉक को आदर्श ब्लॉक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। रवि शंकर सिंह ने बताया कि पिंडरा ब्लाक मेरी जन्मभूमि है। मेरा सपना है कि मैं पिंडरा ब्लाक को आदर्श ब्लॉक बना सकूं। इसी कड़ी में दर्जनों गांव के चट्टी चौराहों पर हाई मास्ट लाइट, गांव-गांव सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट का जाल बिछा दिया गया है। यही नहीं जिन अपात्रों को अब तक आवास और शौचालय नहीं मिला है, प्राथमिकता के तौर पर उन्हें भी आवास व शौचालय दिया जा रहा है। गांव में पंचायत भवन, मॉडल पंचायत भवन बन रहा है। पूरे ब्लॉक में 79 अमृत सरोवर बनाकर उसके चारों तरफ इंटरलॉकिंग कराई जा रही है। ताकि गांव के बुजुर्ग मॉर्निंग वॉक करने के लिए कहीं दूर न जाना पड़े। तालाब के किनारे- किनारे बैठने की व्यवस्था की गई है। छायादार वृक्ष भी लगाए जा रहे हैं। लाइट की व्यवस्था की गई है। यही नहीं किसी-किसी गांव में तो दो-दो अमृत सरोवर बने हैं। प्रत्येक गांव सभा में सार्वजनिक शौचालय बनाया जा रहा है। इस संदर्भ में युवा नेता रविशंकर सिंह ने बताया कि पूरे पिंडरा ब्लॉक की जनता क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व ग्राम सभा सदस्य सबका सहयोग आदर्श ब्लॉक बनाने में मिल रहा है। वहीं खंड विकास अधिकारी पिंडरा डाक्टर छोटेलाल तिवारी ने बताया कि जो कार्य अभी तक नहीं हो पाए हैं। इसी वित्तीय वर्ष में उसे भी पूरा कर दिया जाएगा।

# 125 परीक्षा केंद्रों पर पहुंचा प्रश्नपत्र, तीन लेयर की सुरक्षा

## यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा 24 फरवरी से हो रही शुरू



**वाराणसी।** यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से है। जिले के सभी 125 केंद्रों पर बने स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्र पहुंचा दिए गए हैं। प्रश्नपत्रों को चार अलग-अलग अलमारी में रखा गया है। तीन लेयर की सुरक्षा प्रणाली के तहत निगरानी की जा रही है। पहली अलमारी में पहली पाली का और दूसरी अलमारी में दूसरी पाली के प्रश्नपत्रों को रखा जाएगा। तीसरी अलमारी खाली रहेगी, जिसमें परीक्षा के बाद बचे हुए प्रश्न पत्र और बाइंडिंग स्लिप रखे जाएंगे। चौथी अलमारी में अतिरिक्त प्रश्न पत्र रखे गए हैं। पहले लेयर में अलमारी को दो तालों से लॉक किया गया। दूसरे लेयर की निगरानी के लिए 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। तीसरे लेयर में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। इस बार यूपी बोर्ड की परीक्षा में 94 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। प्रवेशपत्र का वितरण विद्यालयों की ओर से किया जा रहा है।

### अतिरिक्त प्रश्नपत्रों की सुरक्षा

अतिरिक्त प्रश्नपत्रों को लेकर भी खास इंतजाम किए गए हैं। हाईस्कूल के प्रश्नपत्र वाले बॉक्स पर हरे रंग का क्रॉस बॉर्डर होगा, जबकि इंटरमीडिएट के प्रश्नपत्र के बॉक्स पर नीले रंग का क्रॉस बॉर्डर होगा। दो तालों में से एक चाबी केंद्र के व्यवस्थापक के पास रखी गई है, जबकि दूसरी थाने के थानेदार के पास। प्रश्न पत्र लीक होने पर परीक्षा रद करने के बजाए माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव से अनुमति के बाद चौथी अलमारी को खोलकर अतिरिक्त प्रश्नपत्रों से परीक्षा कराई जाएगी।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

बोर्ड ने परीक्षाओं को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। हर केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और निगरानी के लिए टीमें गठित की गई हैं। साथ ही महाकुंभ के पलट प्रवाह की भीड़ को देख यातायात की बेहतर व्यवस्था की गई है। बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने ऑनलाइन बैठक की है। आयोध्या, प्रयागराज और वाराणसी में परीक्षा कराने को लेकर सुरक्षा और यातायात की व्यवस्था पर चर्चा हुई। पेपर लीक जैसी स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त प्रश्नपत्र की व्यवस्था भी की गई है।

**साहब सिंह यादव**
**उप सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद**

### विद्यार्थियों के साथ जिला प्रशासन की भी 'परीक्षा'

वाराणसी। यूपी बोर्ड की 24 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षा की जोरशोर से तैयारी चल रही है। छात्र-छात्राएं भी पूरी लगन से अध्ययन कर रही हैं ताकि कहीं कोई भी कमी न रह जाए। हालांकि इन दिनों प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के पलट प्रवाह में काशी का कोना-कोना डूबा है। शहर के सभी प्रमुख इलाकों में अपार जनसमूह के चलते वाहनों का आवागमन भी बुरी तरह प्रभावित है। चार पहिया तो क्या दो पहिया वाहन भी रेंगते हुए चल रहे हैं। ऐसे में परीक्षा के दिन समय से केंद्रों पर पहुंचना विद्यार्थियों के तो आसान नहीं होगा। बोर्ड की परीक्षा के साथ उन्हें पलट प्रवाह की भीड़ से भी जूझना होगा, वहीं पुलिस प्रशासन को हर विद्यार्थी को समय से केंद्रों पर पहुंचाने के लिए सुगम व्यवस्था बनाने की भी (परीक्षा) व्यवस्था करनी होगी।

# नाइट बाजार की कार्यदायी संस्था का अनुबंध निरस्त

**कार्रवाई**

**नये कलेवर में विकसित होगा अर्बन प्लेसमेकिंग कार्य**

**नगर आयुक्त ने लिया ऐक्शन जल्द होगा सौंदर्यीकरण**

**वाराणसी।** नाइट बाजार के कार्यदायी संस्था का अनुबंध निरस्त हो गया है। लहरतारा -चौकाघाट प्लाई ओवर के नीचे अब नये कलेवर में अर्बन प्लेसमेकिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। इसको लेकर नगर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बताया कि काशी में आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों को प्रवेश करते ही एक उत्तम अनुभव देने तथा उक्त क्षेत्र में सकारात्मक विकास के दृष्टिगत लहरतारा- चौकाघाट फ्लाईओवर के नीचे अर्बन प्लेसमेकिंग कार्य को एक नवीन रूप में विकसित किए जाने हेतु परियोजना के प्रस्ताव तैयार कर ली गई है, शीघ्र ही परिसर खाली कराते हुए कार्य प्रारंभ किया जाएगा। निगम ने कैंट रेलवे स्टेशन परिसर की परिधि क्षेत्र में लहरतारा-चौकाघाट प्लाईओवर के नीचे नाइट बाजार परियोजना के संचालन एवं रख-रखाव हेतु कार्यदायी संस्था मेसर्स श्रेया इंटरप्राइजेज द्वारा मानक के अनुरूप कार्य नही किए जाने पर जहां अनुबंध निरस्त कर दिया है,वही अतिरिक्त धनार्जन हेतु निर्धारित संख्या से अधिक दुकानों के आवंटन तथा संचालन किए जाने पर सख्त कार्रवाई भी की है। नगर निगम ने हस्ताक्षरित अनुबंध के नियमों एवं शर्तों के विरुद्ध कार्य किए जाने पर यह कार्रवाई की है। इसको लेकर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बताया कि काशी में आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों को प्रवेश करते ही एक उत्तम अनुभव देने तथा उक्त क्षेत्र में सकारात्मक विकास के दृष्टिगत लहरतारा- चौकाघाट फ्लाईओवर के नीचे अर्बन प्लेसमेकिंग कार्य को एक नवीन रूप में विकसित किए जाने हेतु परियोजना के प्रस्ताव तैयार कर ली गई है, शीघ्र ही परिसर खाली कराते हुए कार्य प्रारंभ किया जाएगा। की माने तो कार्यदायी संस्था के लापरवाह कार्यो से श्रद्धालुओं,दर्शनार्थियों,स्थानीय निवासियों को नियमित असुविधा का सामना करना पड़ा है और परियोजना परिसर में अनाधिकृत रूप रेलिंग को काट कर बनाए गए यू-टर्न से सम्पूर्ण क्षेत्र में दुर्घटना बाहुल्य हो गया है। चूँकि परियोजना अंतर्गत संचालित समस्त दुकानों/ठेलों/वेंडिंग कीओस्क आदि का अनुबंध कार्यदायी संस्था मेसर्स श्रेया इंटरप्राइजेज से हुआ है । अब अनुबंध के निरस्तीकरण के साथ ही परियोजना अंतर्गत संचालित समस्त दुकानों/ठेलों/वेंडिंग कीओस्क आदि का अनुबंध भी स्वतः निरस्त हो गया है।



उन्होंने कहा है कि इस मामले में नगर निगम निरस्तीकरण के दृष्टिगत व्यवसाइयों को जल्द नोटिस देगा और परिसर खाली कराए जाने की कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी। उक्त स्थल का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जहां यातायात प्रबंधन को सुगम करने, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ किया जाएगा। प्रस्तावित विकास कार्यों के तहत सीटिंग बेंच, पाथवे, ई रिक्शा हेतु चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा,वही स्कल्पचर तथा डेकोरेटिव लाइट, वृहद हॉर्टिकल्चर के कार्य, एडवरटाइजिंग पैनल के कार्य भी होने है।

# महाशिवरात्रि पर महाकुंभ के लिए चलेंगी 1200 बसें

**तैयारी**

**रेलवे स्टेशनों पर ठहरने की व्यवस्था**



**लखनऊ।** महाशिवरात्रि स्नान के लिए 1200 बसें रिजर्व रखी हैं, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। महाकुंभ के अंतिम सप्ताह के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर यात्री आश्रय बनाए गए हैं। ये प्लेटफॉर्म के बाहर स्थित हैं, ताकि यात्रियों के प्रवाह को नियंत्रित करने और भीड़भाड़ को रोकने में मदद मिल सके। यात्रियों को उनकी ट्रेनों के निर्धारित प्रस्थान समय के आधार पर प्लेटफॉर्म में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा दिल्ली से लेकर बिहार तक के स्टेशनों पर यह इंतजाम किया गया है। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि बताया कि इसके अलावा संगम क्षेत्र तक पहुंचने के लिए 750 शटल बसें चल रही हैं। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़ से 25 बसों मंगाकर पूर्वांचल की ओर संचालन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, चित्रकूट, अयोध्या एवं देवीपाटन क्षेत्र की ओर से मेला संचालन से इतर संचालित बसों को अधिकतम 300 किमी में ही संचालित किया जाएगा। पूर्वांचल रूट पर पूर्वोत्तर रेलवे शुक्रवार को 26 विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। झूंसी रेलवे स्टेशन से चार व रामबाग से तीन ट्रेनें चलेंगी। वाराणसी मंडल के पीआरओ अशोक कुमार ने बताया कि 05003 झूंसी-गोरखपुर मेला विशेष ट्रेन, झुंसी से सुबह 07:45 बजे चलाई जायेगी। गोरखपुर के लिए 05149 मेला विशेष ट्रेन सुबह 11:15 बजे, 05110 मेला विशेष ट्रेन दोपहर 12:45 बजे व 05151 मेला विशेष ट्रेन दोपहर सवा तीन बजे चलेगी। 05108 प्रयागराज रामबाग-बनारस मेला विशेष ट्रेन रामबाग से सुबह सात बजे, 05106 मेला विशेष ट्रेन रामबाग से शाम साढ़े चार बजे, 03410 प्रयागराज रामबाग मालदा टाउन मेला विशेष ट्रेन रामबाग से सवा सात बजे चलेगी।

# शिंदे को बम से उड़ाने की धमकी मामले में दो गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले ईमेल के सिलसिले में बुलढाणा से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बात दें कि गोरेगांव पुलिस को अज्ञात शख्स द्वारा डिप्टी सीएम शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। अधिकारियों ने तुरंत सुरक्षा प्रोटोकॉल शुरू करने और धमकी के स्त्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू की। इस धमकी भरे ईमेल के जवाब में, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा तहत तुरंत एफआईआर दर्ज की गई। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बुलढाणा पुलिस के साथ मिलकर मामले से जुड़े दो संदिग्धों को सफलतापूर्वक ट्रैक कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मंगेश अच्युतराव वय (35) और अभय गजानन शिंगणे वय (22) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी बुलढाणा जिले के देउलगांव माही, तालुका देउलगांव राजा के निवासी हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच और बुलढाणा पुलिस ने संयुक्त अभियान में दोनों को उनके गृह नगर से गिरफ्तार किया। उपमुख्यमंत्री शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी वाला एक ईमेल गुरुवार को गोरेगांव और जेजे मार्ग दोनों पुलिस स्टेशनों को मिला था।



## संभल हिंसा : महिला को एक लाख के मुचलके पर रिहाई मिली

संभल। संभल हिंसा के दौरान हुई पत्थरबाजी के आरोप में जेल में बंद एक महिला को रिहा किया है। कोर्ट ने साक्ष्य ना होने के अभाव में 1 लाख रुपये के मुचलके पर रिहा किया है। जबकि, इसके अलावा जेल में बंद 79 आरोपियों में से किसी और की जमानत नहीं मिली है। दरअसल, 24 नवंबर 2024 की हिंसा में शामिल चार महिलाओं सहित 80 आरोपियों को संभल पुलिस गिरफ्तार कर जेल में डाल चुकी है। इसमें चार महिलाओं को पत्थरबाजी के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जेल में बंद आरोपी फरहाना की जमानत के लिए वकीलों के द्वारा पैरवी की जा रही थी। बीते दिन चंदौसी स्थित सीजेएम कोर्ट ने फरहाना के खिलाफ साक्ष्य न होने के अभाव में एक लाख रुपये के मुचलके पर रिहा करने का आदेश जारी कर दिया।

# एक इंसान में पांच किडनी, डॉक्टरों ने सर्जरी कर किया कमाल



**नई दिल्ली।** एक आदमी में पांच किडनी! सुनकर बड़ा अजीब लगता है कि ऐसा कैसे हो सकता है, लेकिन यह हकीकत है। दिल्ली स्थित रक्षा मंत्रालय में काम करने वाले एक वैज्ञानिक देवेंद्र बरलेवार (47) ने तीसरी बार किडनी ट्रांसप्लांट करवाया है। अब उनके शरीर में पांच किडनी हैं, जिनमें से सिर्फ एक ही काम करती है।

देवेंद्र को तीसरी किडनी एक ब्रेन-डेड किसान परिवार की मंजूरी के बाद मिली थी। यह मामला दुर्लभ इसलिए है क्योंकि देवेंद्र बरलेवार के पास अब पांच किडनी हो गई हैं जिनमें से तीन दान की हुई हैं। तीसरा ट्रांसप्लांट दुर्लभ है क्योंकि जीवन में तीन बार मैचिंग डोनर मिलना नामुमकिन होता है लेकिन देवेंद्र के साथ ऐसा हुआ है। फरीदाबाद अस्पताल के डॉक्टरों के सामने नई किडनी के लिए जगह बनाने की भी चुनौती थी। डॉक्टरों ने बताया कि तीसरी किडनी को दाईं ओर मौजूदा और पहले से ट्रांसप्लांट की गई किडनी के बीच में रखा गया ह। देवेंद्र लंबे समय से क्रोनिक किडनी डिजीज से जूझ रहे हैं और उन्हें लगातार डायलिसिस की जरूरत होती है।

बता दें देवेंद्र का ट्रांसप्लांट का सफर 2010 में शुरू हुआ। उनको पहली किडनी उनकी ही मां ने दी थी। यह करीब एक साल तक चली, फिर दोबारा डायलिसिस की जरूरत पड़ने लगी। उनका दूसरा ट्रांसप्लांट 2012 में हुआ। यह किडनी एक रिश्तेदार ने दान की। 2022 तक यह किडनी ठीक तरह से काम करती रही। फिर देवेंद्र बरलेवार कोविड पीड़ित हो गए। इसके कारण उन्हें डायलिसिस करवाना पड़ा। इस बार कोई जीवित डोनर उपलब्ध नहीं था। देवेंद्र ने 2023 में एक मृत डोनर से अंग लेने के के लिए पंजीकरण कराया। 9 जनवरी को फरिदाबाद के अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट और यूरोलॉजी प्रमुख ने यह जटिल सर्जरी की। यह सर्जरी एक ब्रेन-डेड डोनर मिलने के बाद की गई, जिसका ब्लड ग्रुप मेल खाता था। चार घंटे चले इस ऑपरेशन के बाद किडनी ने काम करना शुरू कर दिया और पेशाब बननी शुरू हुई। डॉक्टर ने बताया कि सर्जरी के बाद मरीज को डायलिसिस की जरूरत नहीं पड़ी। टीम ने देवेंद्र पर नजर रखी ताकि शरीर द्वारा अंग को अस्वीकार करने या सर्जिकल जटिलताओं जैसे रक्तस्राव के किसी भी संकेत का पता लगाया जा सके। खुशी की बात है कि 10 दिनों के बाद अस्पताल ने देवेंद्र बरलेवार को छुट्टी दे दी क्योंकि उनकी किडनी सामान्य रूप से काम करने लगी थी।

डॉक्टर ने बताया कि लंबे समय तक क्रोनिक किडनी डिजीज और पिछले असफल ट्रांसप्लांट से मरीज के लिए अंग अस्वीकृति का खतरा बढ़ जाता है। इस प्रक्रिया में संक्रमण के जोखिम को प्रबंधित करते हुए अस्वीकृति को रोकने के लिए सटीक इम्यूनोसप्रेसिव उपचार की जरुरत होती है। चार मौजूदा किडनी होने और पांचवीं को लगाने ने इसे जटिल बना दिया। बरलेवार ने कहा कि अब उन्हें डायलिसिस की जरूरत नहीं है, यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि उनकी किस्मत अच्छी है जो तीसरी किडनी मिल गई, जबकि ज्यादातर लोगों के लिए एक किडनी पाना मुश्किल होता है। देवेंद्र बरलेवार का मामला चिकित्सा विज्ञान में एक अनोखा उदाहरण है। यह दर्शाता है कि अंगदान कितना अहम है। यह उन लोगों के लिए भी आशा की किरण है जो क्रोनिक किडनी डिजीज से पीड़ित हैं। यह चिकित्सा विज्ञान की प्रगति का भी प्रमाण है।

# अधिवक्ता विष्णु शंकर की हत्या का था प्लान, दुबई से गुलाम को मिला था संदेश

## संभल हिंसा में पुलिस का खुलासा

**संभल।** संभल हिंसा के मामले में पुलिस की गिरफ्त में आए शारिक शाटा गिरोह के सदस्य दीपासराय निवासी गुलाम ने बड़ा खुलासा किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि शारिक साटा की साजिश थी कि जामा मस्जिद का सर्वे नहीं होने देना है। बताया कि सर्वे के दौरान बवाल में शारिक शाटा गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ उसने भी गोली चलाई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी गुलाम ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।



उसने बताया कि सर्वे के दौरान अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और उसके साथियों की हत्या करने का प्लान था। जिससे शहर के साथ देश का माहौल पूरी तरह बिगड़ जाए, शहर में कर्फ्यू लग जाए। इसके बाद आपराधिक घटनाओं को आसानी से अंजाम दिया जा सकता है। आरोपी ने यह भी बताया कि बवाल में जो हथियार शारिक शाटा ने भेजे थे। वह हथियार गिरोह के सदस्य मुल्ला अफरोज, वारिस व मोहल्ले के अन्य लोगों को दिए थे।

दरअसल, संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में विदेशी हथियार चलाने और शारिक शाटा गिरोह के सदस्यों को हथियार मुहैया कराने वाले दीपासराय निवासी गुलाम को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 32 बोर की दो पिस्टल, एक 9 एमएम की देशी पिस्टल, एक तमंचा, और विदेशी समेत अलग-अलग बोर के 15 देसी कारतूस बरामद हुए हैं। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बृहस्पतिवार को खुलासे के दौरान बताया कि कोतवाली पुलिस ने आरोपी को रोडवेज बस अड्डे से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि शारिक साटा की साजिश थी कि जामा मस्जिद का सर्वे नहीं होने देना है। बताया कि सर्वे के दौरान बवाल में गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ उसने भी गोली चलाई थी। जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। एसपी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।